सुप्रभात
रांची, शनिवार
30.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 80

12 गाड़ीखाना में चंद्रयान-3 की तर्ज पर बनेगा दुर्गा पूजा पंडाल

## न्यूज डायरी

### पाक में आत्मघाती धमाका, 100 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक मस्जिद के समीप शुक्रवार को एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। इसमें करीब 100 लोगों की मौत हो गयी और लगभग 50 अन्य लोग घायल हो गये हैं।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 5 अक्टूबर को बुलायी गयी है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग समन्वयद्ध ने जानकारी दी है कि 5 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट रूम में उक्त बैठक होगी।

### झारखंड के अभिषेक को एनएसएस पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विश्वविद्यालय, एनएसएस इकाइयों और एनएसएस वालंटियर को वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार दिये। सामाजिक सेवाओं में योगदान के लिए झारखंड के अभिषेक रंजन को भी यह पुरस्कार मिला है।

### तीन को अभियंताओं को नियुक्ति पत्र देंगे सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन अक्टूबर को नगर विकास विभाग के 47 सहायक अभियंताओं को प्रोजेक्ट भवन सभागार में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें सहायक अभियंता असैनिक के 32 अभ्यर्थी हैं, वहीं सहायक अभियंता यांत्रिक से नौ और सहायक अभियंता विद्युत के पद के लिए छह अभियंताओं को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

### आयकर विभाग ने की बिल्डर की जमीन कुर्क

**रांची।** नामकुम में आयकर विभाग का बकाया जमा नहीं करने पर जमीन की कुर्की की गयी। विभाग ने ओबरिया गांव में जमीन को कुर्क किया। प्रेम नगर रोड नंबर-4 के सूरज लाल के खिलाफ विभाग ने यह कार्रवाई की है।

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यक्रम में टूटा मंच

**पलामू।** पांकी प्रखंड के सगालीम में श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यक्रम को लेकर बनाया गया मंच अचानक टूट गया। इसमें मंत्री बाल बाल बच गये। मौके पर मौजूद लोगों एवं पदाधिकारियों ने किसी तरह मंत्री को बाहर निकाला। मंच टूटने से मंत्री नीचे दर्शक दीर्घा में जाकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मनरेगा में गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई करें

**रांची।** साहेबगंज जिले में मनरेगा योजना में गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा की गंभीरता को देख ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार को जिले के उपविकास आयुक्त को पत्र लिखकर गबन व फर्जीवाड़ा इत्यादि की जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया है। विभाग ने कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी 48 घंटे उपलब्ध कराने को कहा है।

# नक्सलवाद के खात्मे का बड़ा प्लान शीघ्र : राज्यपाल

## सीएम से इस मुद्दे पर लगातार हो रही बातचीत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए जल्द ही एक बड़ा प्लान लाया जायेगा। हमें यकीन है जल्द ही झारखंड से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जायेगा। राज्यपाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा है कि इस मुद्दे पर सीएम हेमंत सोरेन और वे लगातार एक-दूसरे से इस बारे में सलाह-मशविरा कर रहे हैं। झारखंड के कई इलाके नक्सलियों के गढ़ माने जाते हैं। आज भी गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिलों समेत राज्य के सीमांत क्षेत्रों में नक्सलियों का खौफ बना रहता है।

उन्होंने कहा, हालांकि, पहले की तुलना में झारखंड में अब नक्सलवाद काफी कम हुआ है लेकिन इसे खत्म नहीं किया जा सका है। राज्य के इन इलाकों को नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए केंद्र और राज्य की सरकारें कई सालों से प्रयासरत रही हैं। वर्तमान की हेमंत सोरेन भी इस दिशा में काफी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो झारखंड में नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ पहुंचे। झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त करने और नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हेमंत सरकार आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति लेकर आयी। कई दुर्दांत नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

## शहादत को सलाम! राज्यपाल और सीएम ने दी शहीद जवान को श्रद्धांजलि

# बलिदान कभी बेकार नहीं जाने देंगे : मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सेक्टर दो धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर जा कर चाईबासा के टोंटो क्षेत्र में आइडी ब्लास्ट में शहीद हुए कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम हेमंत सोरेन ने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की इस घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि राज्य को नक्सल से मुक्त करने के लिए हमारे बहादुर जवान राजेश कुमार ने अपना सर्वस्व न्योछावर



शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते राज्यपाल, सीएम, डीजीपी, सीएस, एसएसपी व अन्य।

किया है। उनका बलिदान पूरा राज्य सदैव याद रखेगा। सीएम ने कहा कि नक्सलमुक्त झारखंड की मुहिम और मिशन में हमारे कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

नक्सलमुक्त अभियान का मिशन जरूर कामयाब होगा। हम सभी को अपने पुलिस जवानों पर गर्व है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। नक्सलियों के खात्मे तक ऑपरेशन चलता रहेगा। वीरगति को प्राप्त शहीद जवान राजेश कुमार के परिजनों के प्रति राज्य सरकार और अपनी ओर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने से पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मेडिका अस्पताल पहुंचे और घायल सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार का कुसलक्षेम पूछा। उन्होंने घायल के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मालूम हो कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के टोंटो थाना के सरजामबुरू क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान माओवादियों के आइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश वीरगति को प्राप्त हुए थे। (शेष पेज 11 पर)

# मानव तस्करी को हर हाल में रोकें : सीएम

## प्रवासी श्रमिकों के डाटाबेस का मेकैनिज्म तैयार करें अधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मानव तस्करी एक गंभीर समस्या बन रह है। अधिकारियों से उन्होंने कहा कि मानव तस्करी हर हाल में रोकें। इसकी रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग, सामाजिक संस्थाओं को बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मानव तस्करी से संबंधित सूचना तंत्र को मजबूत करें। इसमें लिप्त गिरोहों के खिलाफ सख्ती बरतें। साथ ही एक ऐसा मेकैनिज्म तैयार करें, जिसमें प्रवासी श्रमिकों को इंसेंटिव मिले तथा उनका सारा डाटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रह सके। सीएम ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में मानव तस्करी रोकने, साइबर, एसटी-एसी एवं महिला थानों के संचालन के लिए कंबाइंड बिल्डिंग बनेंगे। सीएम शुक्रवार को मानव तस्करी पर रोक लगाने के संबंध में पुलिस विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों संग बैठक में बोल रहे थे। (शेष पेज 11 पर)



### सख्ती, समीक्षा और जागरूकता जरूरी

सीएम ने कहा कि मानव तस्करी जैसे कार्यों में अनेक आपराधिक तत्व इस संगठित अपराध में लिप्त रहते हैं। ऐसे तत्वों की धरपकड़ के साथ आम जनता को भी इस दिशा में सजग और सावधान बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। अधिकारियों से सीएम ने कहा कि एंटी मानव तस्करी से संबंधित पुराने एवं लंबित मामलो की निरंतर समीक्षा करते हुए उन मामलों को निष्पादित करें। मामलों की मॉनिटरिंग करें। सीएम ने कहा कि वैसे श्रमिक जो घरेलू कार्यों के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं, उनका डाटा संग्रह करें और पुलिस वेरीफिकेशन करें। ताकि उन्हें शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण से बचाया जा सके। एंटी मानव तस्करी से संबंधित जितने हेल्प डेस्क तथा कॉल सेंटर बनाये गये हैं।

### तारा शाहदेव-कोहली मामले में फैसला आज

**रांची।** सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई पूरी हो चुकी है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए शनिवार की तारीख मुकर्रर की है। इस केस में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था। सीबीआइ की और से केस साबित करने के लिए कुल 26 गवाह पेश किये गये। वहीं बचाव पक्ष ने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए 4 गवाह प्रस्तुत किये हैं। इन्हीं गवाहों के बयान और सीबीआई द्वारा कोर्ट में दिये गये साक्ष्यों के आधार पर अदालत अपना फैसला सुनायेगा। ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्तों पर सोची समझी साजिश के तहत तारा शाहदेव के साथ मारपीट करनेए धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया है।

# महिला आरक्षण बिल बना अब कानून, गजट जारी

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

- लोकसभा की 543 सीट में से 181 महिलाओं की
- लोकसभा और विधानसभा की 33% सीट आरक्षित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने कानून का रूप ले लिया है। इस संबंध में गजट जारी कर दिया गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंजूरी के साथ ही अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने कानून का रूप ले लिया है।

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद भारत सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर गजट अधिसूचना जारी कर दी। इस बिल के कानून बनते ही लोकसभा और राज्य विधानसभा की 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हो गयी। संसद के विशेष सत्र में मोदी सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण बिल लेकर आयी थी। इस बिल को संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत से अधिक मत से पास कर दिया था। इससे पहले गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हस्ताक्षर किये थे। (शेष पेज 11 पर)

### अब परिसीमन से सीटें तय होंगी



इस बिल के कानून बनते ही लोकसभा और राज्य विधानसभा की 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हो गयी। यानी कि लोकसभा की 543 सीट में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेंगी। विधेयक को प्रभाव में आने में अभी वक्त लगेगा क्योंकि अगली जनगणना के बाद लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा और फिर यह तय होगा कि महिला उम्मीदवारों के लिए कौन-कौन सीट होंगी।

**15 वर्षों तक लागू रहेगा :** आरक्षण का प्रावधान 15 वर्षों के लिए लागू रहेगा। उसके बाद इसकी अवधि बढ़ाने पर फैसला संसद को करना होगा। नारी शक्ति वंदनअधिनियम के तहत एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी, लेकिन जो सीटें एससी-एसटी वर्ग के लिए आरक्षित हैं उनमें से 33 प्रतिशत अब महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वहीं ओबीसी महिलाओं के लिए बिल में अलग से आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्हें अनारक्षित सीटों पर ही चुनाव लड़ना होगा।

# टीशर्ट-टॉफी मामले में हाइ कोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

### >> रघुवर दास की मुश्किलें बढ़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर 3.50 करोड़ की टी-शर्ट और 33 लाख रुपये के टॉफी के वितरण से जुड़े मामले की जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। यह मामला राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल का है।

सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार ने हाईकोर्ट में एक पीआईएल दाखिल कर टीशर्ट एवं टॉफी वितरण के नाम पर भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की है। इस पर




सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार से मामले की जांच की प्रगति के बारे में जानना चाहा। (शेष पेज 11 पर)

# इपीएफओ ने उच्च पेंशन में सैलरी डिटेल अपलोड करने की तिथि बढ़ायी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने हायर पेंशन को लेकर वेतन विवरण जमा करने की समय सीमा तीन महीने बढ़ा दी है। नियोक्ता अब ये विवरण 31 दिसंबर 2023 तक 'अपलोड' कर सकते हैं।

श्रम मंत्रालय के बयान के मुताबिक वेतन विवरण जमा करने की समय सीमा 30 सितंबर को समाप्त हो रही थी, लेकिन नियोक्ताओं और नियोक्ता संघों के सुझावों के बाद इसे बढ़ा दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय न्यासी बोर्ड के चेयरमैन ने नियोक्ताओं के लिए वेतन विवरण आदि जमा करने की समय सीमा 31 दिसंबर 2023 तक बढ़ाने को मंजूरी दी है। सभी खामी दूर करने के लिए 15 दिनों का अंतिम अवसर दिया गया।

### 17.49 लाख आवेदन मिले

पेंशनभोगियों/सदस्यों से विकल्प/संयुक्त विकल्प के सत्यापन के लिए 11 जुलाई, 2023 तक 17.49 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने शीर्ष अदालत के चार नवंबर, 2022 के आदेश के बाद हायर सैलरी पर पेंशन के लिए विकल्प/संयुक्त विकल्प के सत्यापन के लिए आवेदन जमा करने के लिए एक ऑनलाइन सुविधा शुरू की थी। श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार पेंशनभोगियों/सदस्यों के लिए यह सुविधा 26 फरवरी, 2023 को शुरू की गई थी। इसके तहत, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तीन मई, 2023 थी।

# राज्य के नवनिर्माण के संकल्प के साथ आजसू का महाधिवेशन शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नवनिर्माण के संकल्प के साथ शुक्रवार से आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन शुरू हो गया। मोरहाबादी मैदान में सम्मेलन के पहले दिन आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने राज्य भर से आये पार्टी प्रतिनिधियों का स्वागत कर इसका उद्घाटन किया। मौके पर पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी भी मौजूद रहे। सत्र को संबोधित करते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है जिसमें बंगाल, झारखंड और ओडिशा के प्रमुख लोग मौजूद हैं। इनलोगों ने झारखंड को अलग



राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पार्टी की ओर से उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। पार्टी ने महाधिवेशन में राज्य गठन के औचित्य सहित विभिन्न विषयों पर एक वृहत संगोष्ठी का भी आयोजन किया है, जिसमें हमने बड़े मन से अन्य राजनीतिक दलों को भी अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया है। (शेष पेज 11 पर)

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# भारत का दमदार प्रदर्शन, शूटिंग में दो और गोल्ड

## आठ गोल्ड समेत कुल 35 पदकों के साथ भारत चौथे नंबर पर

**एजेंसी**

**हांगझाऊ।** चीन में चल रहे एशियन गेम्स 2023 के छठे दिन शुक्रवार को भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत ने निशानेबाजी में दो गोल्ड मेडल, चार सिल्वर मेडल और 2 ब्रांज मेडल अपने खाता में डाले। भारत अबतक कुल 8 गोल्ड, 12 सिल्वर और 13 ब्रांज मेडल समेत 35 पदकों के साछ तालिका में चौथे नंबर पर जा पहुंचा है।

**निशानेबाजी में दो गोल्ड :** छठे दिन भारत का दमदार प्रदर्शन रहा। शूटिंग में ही दो गोल्ड अपने नाम किया। पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रतियोगिता में भारतीय तिकड़ी ने रचा इतिहास है। पुरुषों तिकड़ी ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण ने देश को 50 मीटर राइफल में गोल्ड मेडल दिलाया है।

भारतीय शूटरों ने कुल 1769 प्वाइंट्स हासिल करके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। पलक और ईशा ने शूटिंग में दिलाया दूसरा सोना फिर 10 मीटर एयर पिस्टल में महिला तिकड़ी ने देश को एक और पदक दिया। वहीं गोलाफेंक में मिला कांस्य पदक। टेनिस में भी भारत को सिल्वर पदक मिला।



**शूटरों का दबदबा :** भारतीय शूटरों ने छठे दिन भी दबदबा कायम रखते हुए स्वर्ण पदक तो जीता ही, साथ ही उन्होंने एशियाई खेलों के इतिहास में सबसे ज्यादा पदक जीतने का कारानामा भी कर दिखाया। पलक और ईशा सिंह दोनों ने 10 मी एयर पिस्टल वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतते हुए दिखाया कि भारत के निशानेबाजों का दबदबा वक्त के साथ बढ़ता ही जा रहा है। भारत ने 10 मी. एयर पिस्टल के टीम वर्ग में भी रजत पद जीता, लेकिन दिन का आकर्षण समापन से पहले कांस्य पदक जीतने वाली किरन बालियान रहीं। उन्होंने भारत को गोलाफेंक में कांस्य पदक दिलाया, जो भारतीय महिला खेलों के लिहाज से बड़ी बात है। भारत की स्कवॉश टीम ने फाइनल में पहुंचकर रजत पदक सुनिश्चित कर दिया है, तो वहीं बॉक्सिंग में स्टार निकहत जरीन ने भी सेमीफाइनल का टिकट हासिल करके कांस्य सुनिश्चित कर दिया है। महिला हॉकी टीम ने मलेशिया को 6-0 से धो दिया, तो बैडमिंटन में पुरुष टीम ने भी नेपाल को 3-0 से धोकर सेमीफाइनल में जगह बनाकर कांस्य सुनिश्चित कर दिया। कुल मिलाकर छठे दिन की समाप्ति पर भारत के कुल 33 पदक (8 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य) हो गए हैं और वह एक पायदान ऊपर चढ़ते हुए नंबर चार पर आ गया है।

# सहमति से सेक्स मामले में मौजूदा उम्र में बदलाव ठीक नहीं : आयोग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विधि आयोग ने सरकार को सलाह दी है कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव नहीं किया जाये और 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से संबंधित पॉक्सो मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेक लागू करने का सुझाव दिया। आयोग ने पॉक्सो कानून के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की उम्र पर अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंपी है, जिसमें इसने सुझाव दिया है कि 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की ओर से मौन स्वीकृति से जुड़े मामलों में स्थिति को सुधारने के लिए संशोधनों की आवश्यकता है। देश में, सहमति की उम्र अभी 18 वर्ष है।

### गलत असर पड़ेगा

आयोग ने कहा कि सहमति की उम्र घटाने का सीधा और नकारात्मक असर बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर पड़ेगा। आयोग ने अदालतों को उन मामलों में सतर्कता बरतने की सलाह दी, जहां यह पाया जाये कि किशोरावस्था के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसका आपराधिक इरादा नहीं रहा होगा। विधि आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआईआर का पंजीकरण शुरू करने की सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि इसकी शुरुआत तीन साल तक की जेल की सजा वाले अपराधों से की जा सकती है।

## खबर एक नजर में

### 16 अक्टूबर को दर्ज होगा अभिनेत्री अमीषा पटेल का बयान, मुश्किलें बढ़ेंगी



रांची। न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में चेक बाउंस से जुड़े मामले में आरोपी अभिनेत्री अमीषा पटेल का बयान 16 अक्तूबर को दर्ज किया जायेगा। बयान दर्ज कराने के लिए अमीषा पटेल को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर रहना पड़ेगा। इससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। शुक्रवार को चेक बाउंस से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल के अधिवक्ता ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह का प्रति-परीक्षण किया। प्रति-परीक्षण पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता के वकील बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने मामले में गवाही बंद करने का अनुरोध किया। इस पर अदालत ने गवाही बंद करते हुये मामले में आरोपियों के बयान दर्ज करने की तारीख 16 अक्तूबर निर्धारित की है। उस दिन मामले की आरोपी अभिनेत्री अमीषा पटेल एवं सहयोगी कुणाल ग्रूमर का बयान अदालत दर्ज करेगा।

### छह माह में अदालतों एवं न्यायिक संस्थाओं में दिव्यांगों के लिए सुविधाएं बहाल करें : कोर्ट

रांची। राज्य के सभी सिविल कोर्ट, कंजूमर फोरम सहित अन्य जुडिशल फोरम में दिव्यांगों के लिए सुविधा मुहैया कराने को लेकर दाखिल पीपुल यूनियन ऑफ सिविल लिबर्टी की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका स्वीकार करते हुए राजकीय मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि 6 माह के भीतर राज्य की अदालतों एवं न्यायिक संस्थाओं में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, रैंप, विशेष स्टाइल की टॉयलेट आदि की व्यवस्था करें। कोर्ट ने यह दिशा निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

### कर्मियों को पेंशन का भुगतान कर कोर्ट को सूचित करें परिवहन सचिव : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने तीन नवंबर तक परिवहन विभाग के कर्मियों को पेंशन भुगतान करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि कर्मचारियों के पेंशन का भुगतान कर अदालत को सूचित किया जाये। इस मामले की सुनवाई के दौरान परिवहन सचिव अदालत में हाजिर थे। उन्होंने आदेश का पालन करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए तीन नवंबर की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में शंकर प्रसाद केसरी एवं अन्य ने अवमाननावाद दायर की है। याचिका में कहा गया है कि राज्य गठन के बाद हुए कैडर विभाजन में झारखंड आए परिवहनकर्मियों का राज्य परिवहन कॉरपोरेशन में समायोजन किया गया था, लेकिन जब वह सेवानिवृत्त हुए तो पेंशन के लिए परिवहन विभाग ने झारखंड आने के पहले की अवधि की गणना नहीं की।

### कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई अब 3 अक्टूबर को



रांची। कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील की आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। इस मामले में अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच संबंधी प्रक्रिया को रोकने से किया इनकार कर दिया था, कोर्ट ने निर्देश दिया था कि राज्य जाति छानबीन समिति कांके विधायक समरीलाल के मामले में जांच जारी रहेगी, लेकिन अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। दरअसल, समरी लाल की ओर से राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह ओर से किया गया था। राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील दाखिल की है।

## झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करते हुए आजसू का महाधिवेशन शुरू

**महाधिवेशन में राज्य के विकास से जुड़े जरूरी सवालों और मुद्दों पर हो रही परिचर्चा**

# अगले 5 वर्षों में झारखंड नवनिर्माण का संकल्प लेने का है समय : आजसू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रांची के मोरहाबादी मैदान में आजसू का तीन दिवसीय महाधिवेशन कल से शुरू हो गया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2000 से आजसू पार्टी एक राजनीतिक दल के रूप में झारखंड के लोगों की बुनियादी जरूरतों, सामाजिक सरोकारों, आर्थिक उन्नति, राजनैतिक चेतना, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्द्धन तथा उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है।

आजसू प्रमुख ने कहा है कि लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हम सबने अलग झारखंड राज्य पाया। महिलाओं को अधिकार, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को और मजदूरों का हित और खुशहाली का सपना देखा। श्री महतो ने कहा कि ऊर्जा, उत्साह और झारखंड की अस्मिता एवं पहचान के प्रति अपनी ठोस प्रतिबद्धता तथा दृढ़ संकल्प के साथ आजसू सरकार में भी शामिल रहा। आजसू अबभी झारखंड के राजनीतिक धरातल पर युवाओं, महिलाओं एवं वंचितों के हक के लिए संघर्षशील है।

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज इस बात का आकलन करने का है कि हम अधिकार, स्वाभिमान एवं पहचान के लिए खुद को कहां खड़े पाते हैं। यहां से आगे का रास्ता क्या है। राज्य निर्माण के बाद बनी सरकारों की झारखंड आंदोलन के उद्देश्यों को पूरा करने में मिली विफलता ने राज्य को फिर से एक क्रांति की चौखट पर ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक आर्थिक सामाजिक एवं अन्य ज्वलंत विषयों पर परिचर्चा कर झारखंड नवनिर्माण के लिए आगे का रास्ता तय करने के लिए गंभीर मंथन इस झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम में किया गया है। सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी अगले 5 वर्षों में झारखंड के मूल उद्देश्यों और सपनों को हासिल करने का आज संकल्प लेती है।



### झारखंड आंदोलन औचित्य पर बोले विशेषज्ञ

दूसरे सत्र में झारखंड आंदोलन के औचित्य पर संजय बसु मल्लिक ने कहा कि सिर्फ बिहार से अलग होने के लिए झारखंड आंदोलन नहीं किया गया था। इसका मकसद अलग राज्य के सपने साकार करने थे लेकिन पूरे नहीं हुए, इसलिए आंदोलन अबभी जारी है। झारखंड आंदोलन बंगाल और ओड़िशा के कई हिस्से को शामिल करने के लिए भी था। आंदलनकारी राजू महतो, हरिमोहन महतो, सुप्रीति मुर्मू, खालिक अहमद ने भी विचार रखे।

### पार्टी का प्रतिवेदन और संविधान संशोधन पेश

महाधिवेशन के पहले दिन पार्टी के प्रधान महासचिव पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें वर्ष 2017 में हुए छठे महाधिवेशन के बाद से अब तक की पार्टी के कार्यक्रमों, गतिविधियां, आंदोलन की जानकारी दी गई। केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने संविधान संशोधन पेश किया। महाधिवेशन में 29 और 30 सितंबर को प्रदेश, जिला और प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ सभी अनुषंगी इकाइंयों को पदधारी भाग ले रहे हैं।

### सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक भागीदारी

तीसरे सत्र में झारखंडी युवाओं की चुनौतियां स्थानीयता और नियोजन नीति पर परिचय की गई। डॉक्टर लंबोदर महतो ने विषय प्रवेश कराया। जबकि सुरेश कुमार महतो के अलावा प्रसिद्ध वकील रश्मि कात्यायन और राजीव गुप्ता ने अपने विचार रखे। चौथे सत्र में झारखंड में सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी विषय बात हुई, जबकि विशेषज्ञ के तौर पर प्रोफेसर दिलीप मंडल ने विस्तार से अपनी बातें रखी।

### इन आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय अध्यक्ष और पार्टी के अन्य नेताओं ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। जिन्हें सम्मानित किया गया, उनमें बादल महतो, राजू महतो, डॉ आफताब जमील, प्रो खालिक अहमद, उमेश उरांव, फजल अब्बास, प्रो अलाउद्दीन अंसारी, सुप्रीति मुर्मू, अमीन अहमद, शिवजी मल्लिक, टाइगर सुशील, सुशील हांसदा, राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी, डॉ देवशरण भगत, संजय बसु मल्लिक, हरिमोहन महतो, अंशमान सुंडी शामिल हैं। साथ ही पार्टी के विधायक रहे आंदोलनकारी दिवंगत कमलकिशोर भगत के नाम उनकी पत्नी नीरू शांति भगत और दामोदर महतो की पत्नी यशोदा देवी, वीरेंद्र भगत की पत्नी निर्मला भगत को भी सम्मानित किया गया गया। इनके अलावा वरिष्ठ पत्रकार और एक्टिविस्ट प्रो दिलीप मंडल को भी सम्मानित किया गया।

**चानन डैम का गाद हटाने और गोड्डा को पानी देने का मामला**

## झारखंड हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा बिहार सरकार के पत्र पर क्या निर्णय लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। बिहार के बांका के चानन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड के गोड्डा को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि चानन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गए हैं, उसे हटाने के लिए बिहार सरकार के साथ संयुक्त अभियान चलाने के संबंध में लिखे गए पत्र पर क्या निर्णय लिया है। इसपर कोर्ट ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

इससे पहले बिहार सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चानन डैम से गाद हटाने के संबंध में केंद्र सरकार के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जाना है और इसे लेकर भारत सरकार को वर्ष 2022 में ही बिहार सरकार द्वारा एक पत्र लिखा गया है लेकिन अब तक केंद्र सरकार द्वारा इस पत्र पर कोई जवाब नहीं आया है। दरअसल, बिहार सरकार ने चानन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है।

वहीं झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चानन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें 4 कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है जिसे रिपेयर करना जरूरी है ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रार्थी निशिकांत दुबे ने गोड्डा में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के लिए चानन डैम के कैनाल सिस्टम को रिपेयर करने का आग्रह करते हुए 2016 में जनहित याचिका दायर की थी।

## जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में रिक्त पदों को 45 दिनों में भरे राज्य सरकार : हाई कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को 45 दिन के भीतर भरने का निर्देश दिया है। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कोर्ट में बताया कि रांची एवं जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। राज्यपाल से भी इसकी अनुमति मिल गई है। राज्य सरकार ने रांची एवं जमशेदपुर में अतिरिक्त जेजे बोर्ड अधिसूचना जारी कर दी है। इस पर कोर्ट ने सरकार को 45 दिनों के भीतर इन दोनों जगह में गठित किए जाने वाले अतिरिक्त जेजे बोर्ड के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने राज्य के 6 जिलों में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के चेयरमैन और मेंबर के रिक्त पदों को भी भरने का निर्देश दिया है। मामले में एमिकस क्यूरी अधिवक्ता अनूप कुमार अग्रवाल ने पक्ष रखा। वहीं बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।


**समाहरणलय सिमडेगा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sportofficesimdega@gmail.com

**प्रेस विज्ञाप्ति**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 542 / दिनांक– 27.09.2023 के द्वारा "आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास" योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय "ग्रमीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता" का आयोजन दिनांक– 05 अक्टूबर, 2023 को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, सिमडेगा में किया जाना है।

"ग्रमीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता" योजनान्तर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन निम्नवत् है:–

| क्र0 | खेल प्रतियोगिता का विवरण | जिला स्तर खेल आयोजन की तिथि एवं स्थान | आयु वर्ग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तीरंदाजी | 05 अक्टूबर, 2023 | 14 से 40 वर्ष | खेल प्रतियोगिताओं में आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। |
| 2 | गुलेल | | | |
| 3 | मटका दौड़ | | | |
| 4 | गेड़ी दौड़ | | | |
| 5 | भारा दौड़ | | | |
| 6 | सेकोर | | | |

- उपरोक्त विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर सीधे इच्छुक प्रतिभागी / टीम का निबंधन जिला खेल कार्यालय, सिमडेगा में दिनांक– 04.10.2023 तक करा सकते हैं। (फुटबॉल प्रशिक्षक का संपर्क नं0– 7320863206), (हॉकी प्रशिक्षिका का संपर्क नं0– 9304305034)
- प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
- क्रमांक– 01 से 05 तक के स्पर्धा में अपने संस्था / विद्यालय / महाविद्यालय / पंचायत / प्रखण्ड से 02–02 खिलाड़ी एक कोच एवं एक मैनेजर भाग लेंगे एवं क्रमांक– 06 के सेकोर खेल में प्रत्येक प्रखण्ड से 01 बालक टीम एवं 01 बालिका टीम भाग लेंगी, जिसमें एक टीम में 07 खिलाड़ी होंगे।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल पर आने–जाने का मार्ग व्यय स्वंय या संबंधित संस्था द्वारा वहन किया जायगा।
- सभी खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड की प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।

जिला खेल पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.307979 Simdega(23-24):D


## आश्वासन पूरा न होने पर 12 अक्टूबर के बाद कोयला श्रमिकों की हड़ताल संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। एचएमएस के नाथूलाल पांडेय ने कहा है कि कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद हड़ताल को लेकर दिये आश्वासन पर पहल नहीं करते हैं तो कोल इंडिया में कार्यरत संयुक्त यूनियन से जुड़े मजदूर 12 अक्टूबर के बाद कभी भी हड़ताल पर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद वेतन समझौते के मामले में भारत सरकार से अनुमति लेने का हर संभव प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि कोल इंडिया, उसकी सहायक कंपनी और एससीसीएल में 5 अक्टूबर से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है। कोल इंडिया प्रबंधन के साथ 27 सितंबर को 5 केंद्रीय श्रमिक संगठनों की दिल्ली में हुई बैठक में आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया था। मालूम हो कि हिंद खदान मजदूर फेड्रेशन द्वारा दायर रिट याचिका पर भी 3 अक्टूबर को जबलपुर उच्च न्यायालय में सुनवाई होनी है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि उस याचिका में प्रबंधन भी अपना पक्ष मजबूती से रखेगा।

# साहेबगंज में मनरेगा में गबन और भारी गड़बड़ी का अंदेशा!

**ग्रामीण विकास विभाग ने दोषियों पर एफआइआर का दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। साहेबगंज जिले में मनरेगा योजना में गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा की शिकायत मिलने के बाद ग्रामीण विकास विभाग ने जिले के उपविकास आयुक्त को पत्र लिखकर गबन और फर्जीवाड़ा की जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया है और कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी 48 घंटे उपलब्ध कराने को कहा है। मालूम हो कि पहले भी इस संबंध में विभाग ने कार्रवाई को कहा था। दरअसल, विभागीय जांच और दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होने के बाद सरकार ने सभी पर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा था, लेकिन कार्रवाई कर रिपोर्ट नहीं भेजी गयी थी। बता दें कि पूरे मामले को उप प्रमुख बोरियो कैलाश प्रसाद ने सरकार के समक्ष संज्ञान में लाया था। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में सरकारी राशि के गबन, अनियमितता और गड़बड़ी पाये जाने पर सभी संबंधित अधिकारियों से गबन की राशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूलने का आदेश दिया गया है। साथ ही संलिप्त संविदाकर्मियों की संविदा रद्द करने की भी बात कही गयी थी। मामले में एफआईआर दर्ज करने को भी कहा गया है।


**झारखंड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो**

**ई– पुनः निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :- 05/R2/2023-24/RWD/EE/BOKARO    दिनांक –29.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | निविदा कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/EE/ BOKARO/ 02/2023-24 | चन्दनकियारी प्रखंड अन्तर्गत चंदनकियारी के महाल ग्राम के बजरंगबली मंदिर मोड़ से सिंह टोला भाया रेलवे लाईन मुख्य पथ के किनारे गार्डवाल निर्माण। | 93,85,300.00 | तिरान्वे लाख पचासी हजार तीन सौ रू0 मात्र | 9 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 10.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.10.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, बोकारो एवं (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 20.10.2023 अपराहन 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोर्ट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (20.10.2023 अपराहन 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.10.2023 पूर्वाहन 11.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119
9. निविदा शुल्क झारखंड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो के पक्ष में एवं बोकारो में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो

PR 307984 REO(23-24).D


**बेरमो विधानसभा में संकल्प सभा, भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान**

## बालू घाटों की नीलामी नहीं होने तक लोगों के लिए बालू सुलभ कराये राज्य सरकार: बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची/बेरमो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि घाटों की नीलामी नहीं होने तक राज्य सरकार आम आदमी के लिए बालू सुलभ कराये। श्री मरांडी शुक्रवार को बेरमो विधानसभा के कथारा शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त और अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद गांव, गरीब, किसान और महिला के लिए अपने आप को समर्पित कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान नहीं दिया जितना प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिया है। मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत बहनों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉन्च किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक बालू घाटों कि नीलामी नहीं होती है, तब तक स्थानीय लोगों को आवास बनाने के लिए बालू के उठाव पर छूट देना चाहिये। उन्होंने कहा कि कोयला बालू पत्थर जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले पाँच महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है।

उन्होंने कहा कि पैसे लेकर अयोग्य व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है जबकि गरीब व्यक्ति भूखे मरने को विवश हैं। अंचल ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसे देना पड़ रहा है। उन्होंने अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास कार्य के लिये 2024 में केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अपील किया।

## विदेशी ताकतों के इशारे पर चलती दिख रही कांग्रेस : प्रतुल शाहदेव

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा–कार्तिक उरांव के आदर्शों का अनुसरण करने का दावा करने वाली कांग्रेस क्यों विदेशी शक्तियों के इशारे पर धर्मांतरण के मुद्दे पर है खामोश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से अपनी पारंपरिक रीति रिवाज को कायम रखने वाले आदिवासियों के प्रति कांग्रेस उदासीन क्यों है। उन्होंने कांग्रेस मौजूदा नेतृत्व से जानना चाहा कि क्या उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री कार्तिक उरांव के आदर्शों और विचारों को विदेशी ताकतों के इशारे पर दफन कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह बाबा कार्तिक और उनके विचारों से इतर क्यों अपने मत व्यक्त कर रही है। सन 1967 में बाबा कार्तिक उरांव ने लोकसभा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन विधेयक 1967 पेश करके धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण की सुविधा से बाहर करने का प्रस्ताव पेश किया था। खूब बहस के बाद इस पर एक संयुक्त संसदीय कमेटी बनी थी। जिसने 1969 में बाबा कार्तिक उरांव के बिल का समर्थन करते हुये अपना प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 में इंदिरा गांधी के द्वारा इस बिल को दबाने की कोशिश के विरोध में 348 से ज्यादा सांसदों ने उन्हें पत्र लिखकर इस बिल को पेश करने को कहा। तब लोकसभा में फिर से ये पेश हुआ। वोटिंग के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने सांसदों को निर्देश जारी कर संयुक्त संसदीय समिति के प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने का निर्देश दिया था। इसके बाद यह बिल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने विस्तार से सारी बातों का उल्लेख अपनी पुस्तक 20 साल की काली रात में किया है। आधुनिक युग के कांग्रेसियों को इस पुस्तक को पढ़कर देखना चाहिये।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल

**चांडिल।** शुक्रवार शाम करीब सात बजे चांडिल थाना क्षेत्र के कटिया के पास कांड्रा से अपना घर आ रहे मोटरसाइकिल सवार श्याम सुंदर सिंह सरदार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घटना की सुचना मिलने पर चांडिल पुलिस घटनास्थल से ग्रामीणों की सहयोग से चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा घायल का ईलाज चांडिल अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है।

### कांग्रस ने अशोक कुमार सिंह को नियुक्ति कोऑडिनेटर किया



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के दिशानिर्देश पर संगठन को तेज गति प्रदान करने हेतू झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पाण्डेय के अनुमोदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने विधान सभा के (एलडीएम) कोऑडिनेटर अशोक कुमार सिंह को नियुक्ति किया है। अशोक कुमार सिंह भारतीय राष्ट्रीय छात्र कांग्रेस, युवा कांग्रेस के अलावा विगत 25 वर्षों से जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव, महासचिव, उपाध्यक्ष के पद के रूप में अपना दायित्व का निर्वहन करते आए हैं। अशोक सिंह संपूर्ण जिले में एक कर्मठ नेता के रूप में जाने जाते हैं। इनको विधान सभा क्षेत्र में कार्यकर्तागणों को लीडरशिप डेवलपमेंट के तहत नेतृत्व का विकास करने के लिए चुनाव किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही आशा व्यक्त किया है कि अशोक कुमार सिंह अपने अनुभव को कांग्रेसजनों के बीच साझा करते हुए कांग्रेस पार्टी को एक नए रूप में जोड़ने में अपना अहम भूमिका निभाएंगे।

### विजया गार्डेन दुर्गा पूजा पंडाल का भूमिपूजन



**जमशेदपुर।** विजया गार्डेन पूजा कमिटि वारीडीह मे शारदीय नवरात्र 2023 के लिए पूजा कमिटि के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडाल हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे मुख्य रुप से पूजा कमिटि के सचिव श्री राजेश सिह उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा कोषाध्यक्ष श्री एस आर घोष श्रीमति आदिति चौधरी पिंकी सिह संगीता मिश्रा पुनीता सिह रुबी झा सुमन शर्मा पापिया पाल पायल मजुमदार, शिप्रा,अनिता, आरती, व अन्य मौजूद थें।

### अभियान के तहत सभी बूथ को सशक्त बनाया जायेगा : अविनाश वमा

**पाटन पलामू।** सशक्तिकरण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। बैठक में बुथ सशक्तिकरण अभियान के प्रवासी प्रभारी के रूप में अविनाश कुमार वर्मा थे। मौके पर श्री वर्मा ने कहा कि बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सभी बुथ को सशक्त बनाया जायेगा।

### पाटन एमओ ने किया पीडीएस डीलर दुकान की जांच

**पाटन पलामू।** एमओ सखी चन्द दास ने पाटन थाना अन्तर्गत ग्राम ईमली में पीडीएस डीलर रचनात्मक स्वयं सहायता समूह के दुकान का जांच किया। मौके पर एमओ दास ने बताया कि ग्राम ईमली के ग्रामीणों ने डीलर के विरुद्ध अगस्त माह का राशन नहीं देने तथा लाभुकों के अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था जिसके विरुद्ध दुकान का जांच किया गया। दुकानदार का राशन स्टॉक सही पाया गया। डीलर के द्वारा चावल दुकान में रहने के बाद भी लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया गया था। इस पर एमओ ने कार्रवाई करते हुए राशन वितरण नहीं करने के आरोप में रचनात्मक स्वयं सहायता समूह के डीलर को निलंबित करने का अनुशंसा किया है।

# बीएनएमएच ने मेगा वॉकथॉन का आयोजन कर स्वस्थ जीवन शैली का दिया संदेश







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर शुक्रवार को ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) जमशेदपुर द्वारा शहर वासियों को स्वस्थ हृदय की ओर एक कदम आगे बढ़ने की दिशा में मेगा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन की शुरूआत जाने-माने समाज सुधारक बेली बोधनवाला, प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम, फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अभय कृष्णा, डॉ अजय अग्रवाल, डॉ पंकज गुप्ता एवं डॉ संतोष गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बरों का गुच्छ उड़ाकर एवं झंडा दिखाकर किया गया। यह वॉकथॉन मोदी पार्क से सुबह 6.30 बजे शुरू हुआ। जिसमें कारपोरेट जगत, मीडिया जगत, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, हाउसिंग सोसायटी, क्लब एवं समाज के दो हजार से ज्यादा लोगों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। आई लिसन टू माय हार्ट के थीम पर वॉकथॉन में सेल्फी कॉर्नर, टैटू मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज से आए बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

सीनियर कार्डियक सर्जन परवेज आलम ने बताया कि नियमित रूप से आधे घंटे से 40 मिनट तक पैदल चलना, हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। स्वस्थ जीवन शैली को अपना कर हम अपने हार्ट को स्वस्थ रख सकते हैं। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर कंप्रिहेंसिव हार्ट पैकेज का अनावरण किया और बताया कि यह पैकेज साकची सिटी क्लिनिक में 29 सितंबर से 31 अक्टूबर तक मान्य रहेगा। साथ ही उन्होंने वॉकथॉन को सफल बनाने के लिए जमशेदपुर की जनता को धन्यवाद दिया और कहा हम सभी मिलकर स्वस्थ जीवन के साथ अपने हृदय को स्वस्थ रखने का संकल्प ले।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने 2022-23 में 692 योग्य कर्मचारियों के लिए
# 7.40 करोड़ वार्षिक बोनस की घोषणा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सहमत बोनस चार्ट के आधार पर लेखांकन वर्ष 2022-2023 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन और जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच 29 सितंबर, 2023 को बोनस समझौते पर हस्ताक्षर किया गया । समझौते में अगले 3 वर्षों के लिए बोनस चार्ट भी शामिल है जो बाद के वर्षों में भुगतान निर्धारित करेगा । समझौते पर टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी श्री ऋतु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष श्री रघुनाथ पांडे ने डीएलसी, जेएसआर के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए । बोनस पात्रता विभिन्न मापदंडों पर कंपनी के प्रदर्शन पर आधारित है जैसे करों से पहले लाभ (पीबीटी), सुरक्षा प्रदर्शन, शिकायतों का अनुपालन, टॉप बॉक्स, ट्रांसमिशन और वितरण हानि, पानी के लिए कुल मिलाकर बेहिसाब, ग्राहक संतुष्टि सूचकांक, बार-बार शिकायतें, उत्पादकता और अच्छा प्रदर्शन इन सभी पर से कंपनी को अपने रणनीतिक लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है । एफवाई23 के लिए कुल बोनस भुगतान रु. 7.40 करोड़ है । त्योहारी सीजन की शुरूआत को देखते हुए आने वाले दिनों में 692 उपयुक्त कर्मचारियों को वार्षिक बोनस वितरित किया जाएगा ।

### कौम हित में किये गये कार्यों के लिए सीजीपीसी ने किया अविनाश सिंह को सम्मान



**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) ने बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा, सीतारामडेरा के महासचिव अविनाश सिंह को कौम हित में किये गए कार्यों और गुरुद्वारा साहिब की कार्यकारणी कमिटी के गठन में अहम भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया। शुक्रवार को बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा साहिब, सीतारामडेरा में सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने अविनाश सिंह के माता-पिता दोनों का भी शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। भगवान सिंह ने अविनाश सिंह के लिए कहा कि वे कौम हित कार्य के लिए हमेशा आगे बढ़कर सेवा करते हैं साथ ही साथ उन्होंने सीतारामडेरा कमिटी विस्तार में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। प्रधान भगवान सिंह के आलावा महासचिव अमरजीत सिंह-गुरचरण सिहं बिल्ला, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह बेदी, हरजिंदर सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, सुखदेव सिंह बिट्टू, सुरेन्दर सिंह छिंदा व रंजीत सिंह ने अविनाश सिंह सहित उनकी माता जसपाल कौर और पिता गुरमीत सिंह का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सम्मान किया। मौके पर सीतारामडेरा कमिटी सदस्य अमरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और मनमीत सिंह मौजूद थे।

# वर्ल्ड हार्ट डे : ओल्ड एज होम में एसआरके कमलेश ने लगाया बुजुर्गों के लिए कोलेस्ट्रॉल जांच शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** वर्ल्ड हार्ट डे के दिन अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम में रह रहे बुजुर्गों के लिए विश्व हृदय दिवस पर निशुल्क कोलेस्ट्रॉल जांच शिविर आयोजित किया गया। ओल्ड एज होम में रह रहे कुल 28 असहाय बुजुर्गों के रक्त (ब्लड) सैंपल से कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच की गई. मौके पर मुख्य अतिथि वरीय संपादक जयप्रकाश राय , इंडियन मर्चेंट नेवी के कैप्टन सह साकेत मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर मनीष कुमार की उपस्थिति में जांच शिविर चला। मेडिकल टीम से एएनएम पुष्पा कुमारी , लैब टेक्नीशियन मिन्नत रहमानी , ओल्ड एज होम से परमेश्वर प्रसाद दास , रीता सिंह , सुहानी कर्मकार , इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### टाटा ब्लू स्कोप एम्पलाइज यूनियन और टाटा ब्लूस्कोप मैनेजमेंट के बीच पहली बार 20% बोनस साइन किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** 29 सितंबर को टाटा ब्लू स्कोप एम्पलाइज यूनियन और टाटा ब्लूस्कोप मैनेजमेंट के बीच पहली बार 20% बोनस साइन किया गया । बोनस फामूर्ले के आधार पर 19.1% बोनस बन रहा था लेकिन यूनियन अध्यक्ष और कमेटी के रिक्वेस्ट पर मैनेजमेंट द्वारा इसे 20% कर दिया गया। जिसमें मिनिमम 32 हजार और मैक्सिमम 78535 रुपए और औसतन 56633 रुपए का लाभ 105 कर्मचारियों को मिलेंगे। जिसमें मैनेजमेंट की तरफ से एमडी श्री अनूप त्रिवेदी ,सीएचआरओ नीना बहादुर, एजीएम एच आर राजेश त्रिपाठी, ऑपरेशन जीयम इंद्रनील विश्वास ,फाइनेंस एजीएम पीयूष कुमार और यूनियन की तरफ से अध्यक्ष श्री राकेशेश्वर पांडे और वर्किंग प्रेसिडेंट विजय खा? ,जनरल सेक्रेटरी संजय कुमार सिंह, डिप्टी प्रेसीडेंट अभिषेक श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट हुसैन और पवन सिंह, कोषाध्यक्ष रवि उपाध्याय, सह सचिव सत्येंद्र मिश्रा, संगठन सचिव प्रवीण राय, कमेटी मेंबर अभिजीत कुमार ,संतोष साहू, देव कुमार मीद्या, संजीव कुमार, कृष्णा यादव, प्रियंका कुमारी उपस्थित थे।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा पहुची टाटा



**जमशेदपुर।** उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम में शहर के रविन्द्र भवन में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये। सन्त प्रवर श्री ने बताया कि हमारा अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है। आत्मज्ञान की विस्मृति ही दुखों का करण है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर है। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद का आचरण मनुष्य को देवत्व में स्थापित कर देता है। जब हम आत्म कल्याणकारी विचारों से अपने मन को भरते हैं तब हमारा मन शांत और स्थिर स्वभाव वाला बन जाता है। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि विहंगम योग की साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। आयोजन में झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी, राधाकृष्ण सिन्हा, विष्णुकांत खेमका, सुरेंद्र सिंह, ललित सिंह, अखिलेश्वर शर्मा, कोल्हान युवा प्रभारी नीरज मिश्रा, कन्हैयालाल अग्रवाल, नगीना सिंह, उमेश यादव संग सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# विधायक ने किया एनएच व रेलवे अधिकारी संग बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चांडिल।** ईंचागढ के विधायक सह पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति सविता महतो ने शुक्रवार को रांची विधानसभा स्थित पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति सभा कक्ष में ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में खराब पड़े एनएच सड़क के मरम्मती को लेकर एनएच एवं रेलवे के अधिकारी संग बैठक किया। बैठक में विधायक ने ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले एनएच 32 एवं 33 सड़क काफी दिनों से खराब अवस्था में है जिस कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही है। विधायक ने कहा गर्मी के दिनों में धूल, बरसात के दिनों में कीचड़ तथा गड्ढे हो जाते हैं जिससे विगत कुछ महीनो में सड़क दुर्घटना के कारण कई लोगों कई मौत हो चुकी है उन्होंने कहा पीतकी ओवरब्रिज एवं जामडीह ओवरब्रिज का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। इसके अलावा विधायक ने की सड़कों की मरम्मती करने को कहा। बैठक में सदस्य सह विधायक समरि लाल, संजीव सरदार, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्ट दिलीप कुमार, दुर्गेश कुमार, डीईएम आद्रा व एसीएम आद्रा धर्मबीर कुमार एवं आरसीडी के मुख्य अभियंता केके लाल सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## महिला आरक्षण विधेयक की यात्रा : सादाफ जफर राष्ट्रीय कोऑडिनेटर महिला कांग्रेस ने कहा
# राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की शुरुआत की थी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर राष्ट्रव्यापी प्रेस वार्त्ता कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर के सर्किट हाउस सभा कक्ष में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सुश्री सादाफ जफर राष्ट्रीय कोऑडिनेटर महिला कांग्रेस, माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए सादाफ जफर राष्ट्रीय कोऑडिनेटर महिला कांग्रेस ने कहा कि 1989 में प्रधान मंत्री राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की शुरूआत की। वर्ष 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी महिलाओं के लिए स्थानीय निकायों में 33% सीटें आरक्षित करने के लिए एक विधेयक लाए। लेकिन इसके लिए जब बिल पेश किया गया तो बीजेपी के दिग्गज नेता लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, यशवंत सिंह और राम जेठमलानी ने उसके विरोध में वोट किया। वह बिल लोकसभा में पारित हो गया लेकिन राज्यसभा में केवल 7 वोटों से गिर गया। 1992 में प्रधान मंत्री नरसिम्हा राव ने पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 33% सीटों का आरक्षण लागू किया। दिसंबर 1992 में तत्कालीन पीएम नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। कई राज्यों में, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कोटे के भीतर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। आज राजीव गांधी की दूरदृष्टि से भारत में 15 लाख महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। इनमें लगभग 40 प्रतिशत निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक पेश किया जो कि राज्यसभा से पारित हुआ था?। विधेयक में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करने का प्रावधान था। एससी और एसटी के लिए उप-कोटा था। राज्यसभा से 9 मार्च 2010 को यह विधेयक पास हो गया था। लेकिन सर्वसम्मति न होने के कारण यह लोकसभा में पास नहीं हो सका। 2016 में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मांग की कि मोदी सरकार 8 मार्च 2016 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित करे। सोनिया गांधी जी ने लंबे समय से प्रतीक्षित विधेयक को पास करने की मांग की। पीएम मोदी के मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस नारे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैक्सिमम गवर्नेंस का मतलब महिलाओं को उनका हक देना है। फिर, उन्होंने 2017 में पीएम मोदी को पत्र लिखा। उन्होंने नरेंद्र मोदी से गुजारिश की थी कि अभी लोकसभा में भाजपा सरकार बहुमत में हैं और इस बहुमत का फायदा उठाते हुए वे लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास करा सकते हैं। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा था कि कांग्रेस पार्टी हमेशा इस कानून का समर्थन करती रही है और आगे भी करती रहेगी। यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मांग की कि मोदी सरकार लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित करे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी जुलाई 2018 में पीएम मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था - मैं संसद के आगामी मानसून सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए समर्थन हेतु लिख रहा हूं। जैसा कि आप जानते हैं, 9 मार्च, 2010 को राज्यसभा द्वारा पारित महिला आरक्षण विधेयक पिछले आठ वर्षों से भी अधिक समय से लोकसभा में पड़ा हुआ है। जब यह बिल भाजपा के समर्थन से राज्यसभा में पारित हुआ, तब तत्कालीन विपक्ष के नेता अरुण जेटली जी ने इसे ₹ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण₹ बताया था। तब से कांग्रेस पार्टी इस विधेयक के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अटल रही है। जबकि भाजपा का विचार बदल गया है। भले ही यह 2014 के घोषणापत्र में उसके प्रमुख वादों में से एक था।

स्पीड न्यूज

## 28 प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रमाण पत्र

**सिंदरी।** अदानी एसीसी सिंदरी सिमेंट कंपनी के द्वारा सीएसआर के तहत कौशल विकास केन्द्र में शुक्रवार को स्वास्थ्य क्षेत्र में जेनरल ड्यूटी असिस्टेंट पाठ्यक्रम को पूरा कर चुके प्रथम बैच के 28 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। पासआउट छात्रों का इंटरव्यू कर विभिन्न प्रतिष्ठानों में प्लेसमेंट दी जाएगी। वहीं 30 नये प्रतिभागियों का पंजीकरण कर दूसरे बैच का शुभारंभ भी किया गया। मौके पर उपस्थित अदानी एसीसी सीमेंट सिंदरी की एचआर हेड आम्बरीन इकबाल ने बताया कि कंपनी अपने सीएसआर के तहत प्लांट के आसपास के ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में प्रयासरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक अधोसंरचना से संबंधित योजनाओं के माध्यम से आगे भी प्रयास करती रहेगी। सीएसआर के तहत छाताटॉंड़ में ग्रामीणों के शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर प्लांट के वरिष्ठ प्रबन्धक लोकश वर्मा, अदानी फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा एसडीसी की टीम उपस्थित रही।

## बोकारो टाउनशिप में स्वच्छता अभियान जारी

**बोकारो।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बीएसएल नगर प्रशासन की टीम द्वारा बीजीएच से बसंती मोड़ सेक्टर 9 राम मंदिर से वन भोज स्थल तथा राम मंदिर मार्केट एरिया में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सरकार के कचरा मुक्त भारत के आह्वान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 30 सितंबर को बीएसएल द्वारा स्वच्छता दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें बीएसएल कर्मियों के अलावा सीआईएसएफ के जवान एवं स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे। इस अभियान के तहत आगामी 1 अक्टूबर को नरकरा में भी बीएसएल द्वारा जन भागीदारी से मेगा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## भर्रा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बोकारो।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बीएसएल द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों की श्रृंखला में भर्रा में सीएसआर की मोबाइल मेडिकल यूनिट इस्पात संजीवनी द्वारा एक निरूशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक द्वारा मरीजों की जांच की गई और आवश्यकतानुसार उन्हें दवाइयां भी निरुशुल्क उपलब्ध कराई गई।

## एसडीएम ने निरस्त किया अविश्वास प्रस्ताव

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में शुक्रवार को अविश्वास प्रस्ताव लेकर हुई बैठक में कोई भी पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे तो एसडीएम शैलेश कुमार ने अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। कहा कि बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी के विरुद्ध जिन पंचायत समिति सदस्यों ने विश्वास प्रस्ताव लाया उनके सहित अन्य पंचायत के सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया।

## चास रोटरी का रेबीज रोधी टीकाकरण कैंप

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा पालतू और बेसहारा कुत्तों के लिए निरूशुल्क रेबीज रोधी टीकाकरण कैंप लगाया गया। चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि एंटी रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएं एवं बीमारी से सुरक्षित रहें।

# धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पदयात्रा

● ग्रामीण एकता मंच ने की पदयात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक में ग्रामीण एकता मंच का प्रदूषण बढ़ाने एवं धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दो दिवसीय पदयात्रा के प्रथम दिन हनुमान मंदिर, गोपालीचक न. 2 से शुरू होकर पुटकी से बैंक मोड़ होते हुए रणधीर वर्मा चौक स्थित अमर शहीद स्वर्गीय रणधीर वर्मा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं आरती उतार कर पदयात्रा का समापन किया गया। पदयात्रा का द्वितीय दिन 30 सितंबर शनिवार दिन सुबह 11:00 बजे रणधीर वर्मा चौक से डीआरएम ऑफिस, बैंक मोड, धनसार, झरिया होते हुए जोड़ा पोखर थाना के समीप अमर शहीद शशिकांत पांडे के प्रतिमा स्थल के पास से समाप्त होगा। ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा की बीसीसीएल क्षेत्र में क्षेत्र आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा असुरक्षित ढंग से किया जा रहे उत्खनन कार्यों एवं अवैध रूप से वृहद पैमाने पर वृक्षों की कटाई करने का कारण उत्पन्न भयानक प्रदूषण एवं पर्यावरण के कारण असंतुलन के कारण ग्रामीण एकता मंच ये दो दिवसीय पदयात्रा यात्रा का कार्यक्रम धनबाद की जनता को भयंकर प्रदूषण एवं पर्यावरण के असंतुलन से होने वाले नुकसान से अवगत कराने एवं वृक्षारोपण करने हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है और इस पदयात्रा कार्यक्रम में हर वर्ग समाज के लोगों का भरपूर समर्थन उन्हें प्राप्त हो रहा है।

### पदयात्रा में थे शामिल

पदयात्रा में शामिल समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा बीसीसीएल, टाटा, आईआईटी आईएसएम के धनबाद में रहते स्वच्छता के दृष्टिकोण से बहुत ही पिछड़ा हुआ है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बबलू सिंह के इस अभियान में सभी को जागरूक करने के लिए इनका साथ देने का संकल्प लेने की जरूरत है। और सभी धनबादवासियों को पर्यावरण के संतुलन के लिए यह लड़ाई लड़ना है।पदयात्रा में संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह,समाजसेवी उदय प्रताप सिंह जालान अस्पताल ट्रस्ट के पदाधिकारी राजीव शर्मा, अजय पासवान, सुभाष पासवान, क्रांति मिश्रा, रंजन सिंह, दिलीप सिंह, उत्कल झा,अवध झा, अनिल शर्मा, राजेश भारती समेत अनेक छात्र छात्राएं एवं क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी थे।

एक नजर में

## डीपीएस बोकारो के तीन शिक्षकों को मिला गार्गी मंजू शिक्षक सम्मान



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के तीन शिक्षकों फरजाना गजाला नीलू डॉ रीमा गुप्ता एवं अमित कुमार सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु रांची के टेंडर हार्ट स्कूल में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों गार्गी मंजू शिक्षक सम्मान 2023 से नवाजा गया है। समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से 67 विद्यालयों के 200 शिक्षक उम्दा कार्यों के लिए सम्मानित किए गए। उन्हें स्मृति चिह्न एवं 11000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। राज्यपाल ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही वह कुम्हार हैं जो राष्ट्र का भविष्य गढ़ते हैं। अपने विद्यालय के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता करते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसी प्रकार शैक्षणिक उत्कृष्टता का सिलसिला आगे भी जारी रखने का संदेश दिया।

## कसमार : विद्युत सब स्टेशन में पिस्टल का भय दिखा लूटने का प्रयास

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के बगियारी विद्युत सबस्टेशन में खराब पड़े 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर से कीमती पुर्जों को लूटने आये बदमाश पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देख भागने में सफल रहे। हालांकि पुलिस ने बदमाशों के दो वाहन दो मोबाइल व दो आधार कार्ड गैस कट्टर व बड़ा सब्बल बरामद किया। बताया जाता है कि रात्रि पाली में ड्यूटी कर रहे विद्युत कर्मी कन्हाई गोसाईं व सुबोध कुमार महतो को पिस्टल व रिवाल्वर का भय दिखाकर बंधक बनाया। इसके बाद 5 एमवीए के खराब पड़े ट्रांसफार्मर के अंदर के कीमती पुर्जों को निकालने के लिए निचले हिस्से को गैस कट्टर से काट रहे थे। उस वक्त पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देख भाग खड़े हुए ये। पुलिस दोनों वाहनों तथा दो मोबाइल व दो आधार कार्ड को जब्त कर अनुसंधान में जुट गई है।

## कसमार में ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विभिन्न गांवों में जुलूस निकाला गया। बगियारी गांव से जुलूस निकलाजो बगदा बाजारटांड तक पहुंचा। उसी तरह से सुरजुडीह गर्री मंजूरा हरनाद करमा मधुकरपुरएरांगामाटी मायापुर बगदा खैराचातर मोचरो कुरको ललमटिया नावाजारा सूयाडीह समेत कई गांव व टोलों में जुलूस निकाला गया। काफला बगियारी के नुरी मस्जिद से निकल कर बगदा बाजारटांड़ तक पहुंचे जुलूस में मो इब्राहिम अंसारी अली इमाम अंसारी इसराइल अंसारी सलीम अख्तर मुस्लिम रजाशेरे मोहम्मद नसीमुद्दीन अंसारी राजाबाबु जलील अंसारी हाफिज उद्दीन अंसारी समीउललाह अंसारी शौकत अंसारी मुस्ताक अंसारी अली इमाम साहब इंसान अंसारी रबुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## हर्ल हेल्थ सेंटर सिंदरी में 150 लोगों को उपचार के बाद दी गई सलाह



**सिंदरी।** वर्ल्ड हर्ट डे पर हर्ल हेल्थ सेंटर रोहड़ाबांध सिंदरी में शुक्रवार को दुर्गापुर मिशन अस्पताल की टीम के सहयोग से ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इंप्लाइज एशोसिएशन के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 150 सिंदरीवासियों ने बल्डप्रेशर, शूगर जांच सहित ईसीजी पद्धति से जांच कराई। शिविर का उद्घाटन हर्ल सिंदरी सिनियर वीपी दिप्तेन राय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उनके साथ हर्ल एच आर हेड संत कुमार, एच आर विक्रांत कुमार, मिशन अस्पताल के डॉ तीर्थ कुमार तथा एसोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने दीप प्रज्वलन में हिस्सा लिया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ तीर्थ कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विमल कुमार, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ इशिता कुमारी, हर्ल के डॉ ए एन सिंह तथा डॉ जयेश प्रसाद ने रोगियों के उपचार के साथ सलाह दी। इसमें मुख्य रूप से हर्ल सिंदरी से गौतम माझी, अरविंद कुमार, आकाश कुमार, एशोसिएशन उपाध्यक्ष कांति सिंह, संयोजक उमाशंकर सिंह, सह संयोजक आर सी प्रसाद, टेक्नीशियन संचालक श्याम पासवान, प्रवीण सिंह, अरुण दत्त , सुमित दत्त, जीत मुखर्जी, प्रवीण कुमार, सुरेंद्र शाह, सुनील कुमार सिंह, विजय कुमार शाह, पवन कुमार ओझा, विजय नाहा ने अपना योगदान दिया।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह का स्वच्छता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शुक्रवार को विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर , सिनीडीह में गांधी जयंती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर केंद्र के दिशा निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय के सभी भैया- बहनों ने श्रमदान कर संपूर्ण क्षेत्र की व्यापक सफाई की। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, कार्यक्रम के संयोजक मुरारी दयाल सिंह के साथ-साथ सभी आचार्य एवं आचार्या ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बाहरी परिसर की सफाई के साथ-साथ विद्यालय के आंतरिक भाग की भी संपूर्ण सफाई की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता में देवत्व निवास करता है ।अतः हमें प्रतिदिन स्वच्छता को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए जिससे स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। उन्होंने भैया - बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप हर कार्य में स्वच्छता बरतेंगे तो निश्चित रूप से आप अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचेंगे। इसी दौरान कार्यक्रम के संयोजक श्री मुरारी दयाल सिंह ने कहा कि स्वछता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। अतःकेवल किसी अवसर पर ही नहीं, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। आज विद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में भी व्यापक सफाई की गई और इस कार्यक्रम में समाज के भी लोगों ने भरपूर सहयोग किया।

### सेविकाओं को महाधरना में शामिल होने की अपील

**बाघमारा।** मानदेय में केंद्रांश की बढ़ोतरी और समय पर भुगतान की मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका चार अक्तूबर को दिल्ली में महाधरना देगी। इसकी जानकारी आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक अशोक सिंह नयन ने बताया कि सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने, ग्रेच्युटी की स्वीकृति, सेवानिवृत्ति के बाद पूर्ण पेंशन, सेविका-सहायिका को मानदेय के स्थान पर वेतनमान की स्वीकृति देने की मांग को लेकर यह महाधरना दिया जायेगा।

## मनीषा मंजरी का मोटिवेशनल सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन धनबाद और द्वारका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी के तत्वाधान मे आज मनीषा मंजरी जी का मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित किया गया । मनीषा मंजरी जी एक लाइफ कोच और मोटिवेशनल स्पीकर है । आज का सेमिनार बच्चों को कैसे टॉपर बने इस पर रखा गया। करीब 200 बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मनीषा जी को संस्था और स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया।मनीषा जी ने बच्चों को टॉपर केसे बने उसका गुर सिखाया ।उन्होंने कहा खुद पर भरोसा करें ,सही निर्णय लें, वही करियर चुनें जिसमे आपको इंटरेस्ट हो ,सवाल पूछने में हिचके नही ,अपनी नीव मजबूत बनाएं। मनीषा जी ने बच्चों के सवालों का भी जवाब दिया बच्चे बहुत ही उत्साहित थे। प्रिंसिपल मदन सिंह सर ने मनीषा जी का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की सराहना की और आगे भी इसे कार्यक्रम आयोजित करने को कहा । प्रिंसिपल मदन सिंह ,वाइस प्रिंसिपल पुस्पा सिंह, सचिव अर्पिता अग्रवाल ,संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा, स्कूल के शिक्षकगण आदि कार्यक्रम में मौजूद थे।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक

**धनबाद।** शुक्रवार 29 सितंबर को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक एल. सी. रोड हीरापुर में सम्राट चौधरी के आवासीय कार्यालय में हुआ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कल्याण भट्टाचार्य ने किया एवं संचालन राणा चट्टराज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि धनबाद के पूर्व सांसद स्वर्गीय ए के राय का मूर्ति धनबाद जिला प्रशासन की ओर से अभी तक नहीं लगाया गया यह धनबाद के लिए दुर्भाग्य है।

## विश्व हृदय दिवस पर 455 लोगों की हुई नि:शुल्क जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को एशियन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सिटी सेंटर के समीप, बरटांड़ पेट्रोल पंप के पास विश्व हृदय दिवस के अवसर पर निःशुल्क कार्डियक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन का सुबह 10:00 सुबह से 2:00 अपराहन तक हुआ। जिसमें कुल 155 लोगों ने कार्डियक से संबंधित रोगों का निःशुल्क परीक्षण कराया। साथ ही इस हृदय दिवस पर नई पहल की गई सुबह 5:30 बजे बेकार बांध में हॉस्पिटल का कैंप लगाया गया जिसमें करीब 300 जॉगिंग करने आए लोगों ने जांच करा कर अपने हृदय की स्थिति को जाना।एशियन हॉस्पिटल के अनुभवी कार्डियक स्पेशलिस्ट डॉ.शादाब अहमद डीएम, कार्डियोलॉजी और डॉ.संजय सिंह ने लोगों का हृदय से संबंधित पुराने रोगियों एवं अन्य कार्डियक के मरीजों की विभिन्न समस्याओं की जांच की। तथा उन्हें ईसीजी एवं अन्य जांच,उचित सलाह, परामर्श, उचित खानपान, धूम्रपान की लत छोड़ने और कम नमक की सलाह दी, उचित एक्सरसाइज और उपचार एवं मर्ज के अनुसार दवाइयां प्रिसक्राइब किया। तथा युवाओं को भी खान पान रहन सहन के प्रति सचेत किया। अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर ए एम राय ने कहा एशियन अस्पताल हर मौके पर अपना सामाजिक जिम्मेदारी निभाता रहा है और धनबाद एवं अन्य जिले के लोगों के लिए जरूरत बन गया है।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू की सदस्यता ली

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू बाघमारा प्रखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मो जमशेद अंसारी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह और जदयू धनबाद जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो इम्तियाज खान उपस्थित हुए। मिलन समारोह में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के सामाजिक कार्यकताओं ने नितीश कुमार के कार्यों से प्रभावित होकर दीप नारायण सिंह के उपर आस्था व्यक्त करते हुए जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी सामाजिक कार्यकताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । श्री सिंह ने जदयू पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकताओं से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में जदयू पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि जदयू पार्टी मजदूर - किसान की पार्टी है। जदयू के कार्यकर्ता गरीबों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का काम करें।

# रोटी बैंक के आगे सभी बैंक फेल : उदय प्रताप सिंह

सराहनीय कदम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** लोगों के सहयोग से रोटी बैंक यूथ क्लब पिछले 6 सालों से लगातार जरूरतमंद लोगों को भोजन कर रही है। दिनांक 26 सितंबर को धनबाद रेलवे स्टेशन पर एक महिला जो अर्धनंगे व्यवस्था में स्टेशन पर पड़ी हुई थी जिसकी हालत काफी खराब होने के कारण सांस लेने में तकलीफ हो रही थी बरवाड़ा के राजकुमार मंडल के द्वारा रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर को रात्रि लगभग 10.30 बजे फोन आता है कि एक महिला है जिसकी हालत काफी खराब है और उसे जल्द से जल्द अस्पताल ले जाना होगा समय को देखते हुए रवि शेखर ने अपने टीम के सदस्यों को संपर्क करके उसे पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब वह बिल्कुल स्वस्थ है कुछ दिन अस्पताल रहने का सलाह दिया है डॉक्टर ने उसके बाद वहां से उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। जहां मुख्य रूप से शाहिद अंसारी का मुख्य योगदान रहा साथ ही बाबूलाल अपना एंबुलेंस से अस्पताल तक पहुंचाने का काम किया। इस कार्य को देखते हुए समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने इन लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया और आज उनके द्वारा शाहिद अंसारी,बाबूलाल रोशन कुमार, सहित चार सफाई कर्मचारियों को अपने हाथों से सम्मानित किया। उदय प्रताप सिंह जी ने कहा कि रोटी बैंक यह जो कार्य कर रही है यह बहुत ही सहरानीय है और मेरा हमेशा इन लोगों को सहयोग रहेगा। आज की सेवा में धनबाद दिल्ली पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कृति किरण जी के द्वारा भोजन प्राप्त हुआ था और उनके द्वारा भी लोगों को सम्मानित किया गया। आज की सेवा में महुआ दत्त,सपना मोइत्रा, ऋषभ राज कश्यप ,प्रीति सिंह मोहन कुमार ,रितेश कुमार,पार्थो दा आदि लोग मौजूद थे।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752, CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/JTWSS/2023/567 Date: 29th September, 2023
Tender ID: - 2023_JUADB_75739_1 PR No.: - 306695

Corrigendum- 1

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for the project of" Construction and five years of Operation and Maintenance of Water Supply System in Jhumri Telaiya (Intake works, Rising main, 35.50 MLD Water treatment plant, Clear water main, Elevated service reservoirs, Distribution network and House service connections)". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 308020 Urban Development and Housing(23-24).D

ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/40/Ranchi Div-01/2023-24 दिनांक–29-09-2023

| Sl.No | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | i | Construction Commandant Residence, JAP-1 at Doranda Ranchi | Rs. 1,46,50,100.00 | 09 माह |
| | ii | Renovation of Basic Science at Morabadi Ranchi | Rs.1,25,87,100.00 | 06 माह |
| | iii | Renovation of Applied Science at Morabadi Ranchi | Rs. 1,34,98,700.00 | 06 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 05-10-2023 |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 19-10-2023 up to 11:00 A.M |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 308017 (Building)23-24*D

उपायुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला ग्रामीण विकास अभिकरण)
Phone No.- 06532-222572, Email ID- (drdagiridih@yahoo.co.in)

मनरेगा अन्तर्गत संविदा अधारित पदों पर नियुक्ति हेतु
-:: आम सूचना ::-
विज्ञापन संख्या–02/2023–24

ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या–4729 दिनांक 04.06.2007 एवं नियुक्ति सेवा शर्त एवं कर्तव्य (संशोधन नियमावली 2012) के संकल्प संख्या–6440 दिनांक 17.07.2012, संकल्प सं0– (N) 848 दिनांक 21.03.2017 एवं पत्रांक– (N) 1216 (अनु0) दिनांक 04.10.2021 के आलोक में सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गिरिडीह के अधीन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संविदा के आधार पर अस्थायी नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता/अर्हता धारी इच्छुक आवेदकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। वर्तमान में रिक्त पदों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | मासिक परिलब्धि | कुल पद | अनारक्षित | अ0पि0 व0 | पि0व0 | अनु0 जा0 | अ0जा0 जा0 | आ0क0 व0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 23140/– | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| ख | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 22000/– | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| ग | कम्प्यूटर सहायक | 14300/– | 02 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 |
| घ | ग्राम रोजगार सेवक | 11000/– | 12 | 05 | 00 | 00 | 00 | 06 | 01 |

नोट :–
1. उपरोक्त मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 05.10.2023 से 25.10.2023 तक बेवसाईट (https://applyrdd.jharkhand.gov.in) पर केवल ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
2. नियुक्ति हेतु शर्ते एवं शैक्षणिक योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी के लिए गिरिडीह जिला के वेबसाईट www.giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, मनरेगा, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह
निदेशक, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह
उपायुक्त–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक, गिरिडीह

PR 308014 Rural Development (23-24)_D

## फिर अशांत मणिपुर


पिछले कुछ दिनों की स्थिति देखकर लग रहा था कि राज्य शांति की तरफ बढ़ेगा,लेकिन हाल में दो लापता छात्रों के शव बरामद होने के बाद इंफाल में नये सिरे से हिंसा बढ़ गई है। आगजनी व हिंसक झड़पों के बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है और कई थाना क्षेत्रों में फिर कर्फ्यू लगाना पड़ा है। पड़ोसी देश म्यांमार से मणिपुर में सक्रिय अतिवादियों को हथियार व अन्य मदद मिलने की खबरों के बाद राज्य के 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम अफस्पा छह महीने के लिये बढ़ा दिया गया है। लेकिन लगता नहीं है कि यह कदम हिंसा को थामने में मददगार होगा। मैतेई समुदाय के दो छात्रों के अपहरण व हत्या के बाद नये सिरे से भड़की हिंसा में पुलिस से टकराव में डेढ़ सौ के करीब छात्र घायल हुए हैं। इस घटना के प्रकाश में आने के बाद सीबीआई के एक स्पेशल डायरेक्टर को एक टीम के साथ अपहरण व हत्या मामले की जांच के लिये इंफाल भेजा गया है। हालांकि, कूकी बहुल पहाड़ी इलाकों में अफस्पा लगाने और मैतेई बहुल इलाकों को अफस्पा से मुक्त रखने को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। दरअसल, इस स्पेशल पावर एक्ट के तहत सेना को अशांत इलाकों में कार्रवाई के लिये विशेष अधिकार मिल जाते हैं। विपक्षी दलों का कहना है कि कानून व्यवस्था में तभी सुधार संभव है जब पूरे राज्य में अफस्पा लागू हो। उनका मानना है कि यह फैसला रणनीतिक कम व राजनीतिक ज्यादा है। दरअसल, स्थानीय सुरक्षा तंत्र द्वारा गृह मंत्रालय को अवगत कराया गया है कि राज्य में सक्रिय कई प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कैडर, हथियार व गोला-बारूद जुटा रहे हैं। यहां तक कि ये संगठन म्यांमार से अपने मददगारों के संपर्क में हैं और राज्य में अपना आधार मजबूत कर रहे हैं। जिनके तार चीन तक जुड़ते हैं।

## यशस्वी यौद्धा को नमन

देश की हरित क्रांति में अहम योगदान देने वाले प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। उनकी एक बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक हैं। स्वामीनाथन का कुछ वक्त से उम्र संबंधी बीमारियों के लिए इलाज चल रहा था। एक दौर था जब देश अनाज की कमी से जूझता था और अमेरिका सहित अन्य देशों के अनाज पर भारतीय निर्भर थे। तब उन अनाजों को लेकर कई निंदनीय कहानियां कही जाती थी। तब स्वामीनाथन ने देश में हरित क्रांति का उदघोष किया। आज उन्हीं के योगदान का प्रतिफल है कि हमारे किसानों के उत्पाद से देश खाद्य आत्म निर्भरता ही नहीं प्राप्त कर चुका है बल्कि 70 से अधिक देशों को अनाज का निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर दुख जताया और कहा कि कृषि क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदला और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के एक ऐसे युग का अंत हो गया, जो आसान नवाचार से भरा हुआ था। वे हरित क्रांति का प्रमुख वैज्ञानिक वास्तुकार थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने अपने पीछे एक समृद्ध विरासत छोड़ी है, जो दुनिया को मानवता के लिए एक सुरक्षित और भूख-मुक्त भविष्य की ओर ले जाने में मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी। हमारे देश के इतिहास में एक बहुत ही नाजुक दौर में, कृषि में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा, मैं डॉ. स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा संजोकर रखूंगा। निश्चित देश डॉ स्वामीनाथ का ऋणी है और आने वाली सदी उन्हें एक अप्रितम यौद्धा के रुप में याद करेगी।

# मोदी का एक माह में 85 देशों के नेताओं से मिलना





- डॉ मयंक

> पदभार संभालने के बाद से मोदी ने यूएन, ब्रिक्स, सार्क औरजी -20 समिट में भाग लिया और अपने यहां भी सफलतम आयोजन कराया, जिसकी कि आज पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" की दृष्टि विश्व को देना हो या यह नारा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर अर्थात एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य करते हुए समस्त विश्व को एक छाते के नीचे लाना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 30 दिनों तक विदेशी नेताओं के साथ बैठकें कर जो संवाद स्थापित किया, उसने आज अपने आप में एक रिकार्ड बना लिया है। भारत को छोड़ कर दुनिया का शायद ही कोई देश होगा, जिसके प्रधानमंत्री या राष्ट्र प्रमुख ने एक माह में 85 देशों के प्रमुख नेताओं से संपर्क साधा और कूटनीति की कुर्सी पर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उससे अपने लाभ के नितिगत निर्णयों में हां करवाई होगी।

वस्तुतः इस संदर्भ में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया भी कि कैसे पिछले 30 दिन में भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है। जी-20 से पहले दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ और भारत के प्रयास से ब्रिक्स समुदाय में छह नए देश शामिल किए गए। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह यूनान गए जो गत 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। पीएम मोदी ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने इंडोनेशिया में भी विश्व के अनेक नेताओं के साथ बैठकें कीं। इस तरह से देखें तो गत 30 दिनों के अल्प समय में 85 देशों के नेताओं से उन्होंने न सिर्फ संपर्क किया बल्कि सार्थक संवाद के माध्यम से उन्हें भारत के हितों में उनके हित निहित हैं इस बात से ठीक तरह से अवगत करा दिया है। निश्चित ही इससे आज भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है।

सच पूछिए तो प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की इस पहल से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता और भूमिका को महसूस किया जा सकता है। आज वे दिन याद आते हैं जब प्रधानमंत्री मोदी मई 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पहला विदेश दौरा अगस्त 2014 में जापान का किया था। वहां पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिंजो आबे के साथ तालमेल स्थापित किया। पिछले साल जुलाई में जब उनके दोस्त की हत्या हुई तो पीएम मोदी को गहरा दुख हुआ था। वह अपने दोस्त के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने जापान गए थे।

विदेश नीति और कूटनीति के स्तर पर उन्होंने सार्क देशों के सभी प्रमुखों की उपस्थिति में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया और दूसरे की शुरूआत में बिम्सटेक नेताओं को आमंत्रित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके संबोधन की हर बार दुनिया भर में सराहना हुई है । पीएम मोदी 17 साल की लंबी अवधि के बाद नेपाल, 28 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया, 31 साल के बाद फिजी और 34 साल के बाद सेशेल्स और यूएई के द्विपक्षीय दौरे पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

पदभार संभालने के बाद से मोदी ने यूएन, ब्रिक्स, सार्क औरजी -20 समिट में भाग लिया और अपने यहां भी सफलतम आयोजन कराया, जिसकी कि आज पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" की दृष्टि विश्व को देना हो या यह नारा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर अर्थात एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य करते हुए समस्त विश्व को एक छाते के नीचे लाना जिसमें कि अफ्रीकी संघ का जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में सम्मिलित करने के मोदी के प्रयासों को मिली सफलता को आज प्रमुखता से देखा जा सकता है।

कई अफ्रीकी देशों की प्रतिक्रिया अभूतपूर्व है, किसी ने कहा, "भारत दुनिया की पांचवीं महाशक्ति है, इस कारण अफ्रीका में हिंदुस्तान के लिए पर्याप्त जगह है। हम यह भी जानते हैं कि इंडिया इतना शक्तिशाली है कि वो स्पेस पर पहुंच गया, हमें बस समन्वय करने की जरूरत है, भारत अब चीन से आगे है।" तो कोई यह बोला कि 'जी-20 में शामिल किये जाने की हम लंबे समय से वकालत कर रहे थे, किंतु सफलता भारत के प्रधानमंत्री मोदी के कारण मिली। जी-20 में एयू की भागीदारी से अफ्रीकी महाद्वीप की आवाज को वैश्विक मंच पर अधिक प्रभावशाली तरीके से रखा जा सकेगा।' इसके साथ यह भी प्रतिक्रिया सामने आई कि अफ्रीकी और अन्य विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के रूप में, हमें गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के बीच अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की बाध्यता का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब हमारे साथ ऐसा नहीं होगा, यह उम्मीद की जा सकती है।

देशभर में करीब 200 आयोजनों के साथ नरेंद्र मोदी की सरकार ने जी20 को पूरे भारत में दिलचस्पी के केंद्र में ला दिया। भारत ने सम्मेलन से सिलसिले में हुए आयोजनों का आर्थिक फायदा भी उठाया। देश के 200 शहरों में बैठकों के आयोजन का मतलब था, दुनिया भर के प्रतिनिधियों को उन शहरों तक ले जाना और उसके लिए न सिर्फ आयोजन और सुरक्षा की बल्कि रहने सहने की व्यवस्था करना। निश्चित तौर पर इससे पर्यटन की एक संरचना बनी जिसका फायदा भारत को मिलना शुरू भी हो गया है।

इसे मोदी का प्रभावी व्यक्तित्व माना जाएगा कि उन्हें सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज सैश', रूस के शीर्ष सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले सम्मान', फिलिस्तीन के 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' सम्मान, अफगानिस्तान के 'अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड', यूएई के 'जायेद मेडल' और मालदीव के 'निशान इज्जुद्दीन' सम्मान जैसे सर्वश्रेष्ठ सम्मानों से सम्मानित किया गया है। शांति और विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार दिया गया है।

वस्तुतः यह मोदी की कूटनीतिक क्षमता ही है कि ' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने के नरेन्द्र मोदी के आग्रह को संयुक्त राष्ट्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिली। पहले दुनिया भर में कुल 177 राष्ट्रों ने एक साथ मिलकर 21 जून को संयुक्त राष्ट्र में ' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया और फिर उसके बाद से इसका हर साल सफलता से आयोजन पूरी दुनिया में एक साथ हो रहा है। निश्चित ही जो करिश्मा आज तक दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वह भारत ने कर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत की सफलता और साख के नए कीर्तिमान गढ़े हैं।

खास बात

## नजरे इनायत

**सहीराम**

**वज्रपात** करने के लिए सरकार क्या कम थी जी, जो रामजी भी वज्रपात करने लगे। वैसे तो जी, सरकार भी भगवान ही होती है, लेकिन भगवानजी को तो सरकार नहीं होना चाहिए। बेशक वो भी माई-बाप हैं, ये भी माई-बाप हैं। पर फर्क है जी, सरकार का डंडा धमाधम चलता है, जबकि ऊपर वाले की लाठी कहते हैं बड़ी खामोशी से चलती है और सरकार के डंडे की तरह अंधाधुंध तो नहीं ही चलती। इसीलिए सरकार पर तो चाहे भरोसा टूटता रहता हो, पर भगवान पर भरोसा हमेशा कायम रहता है। बल्कि जब सरकार की आलोचना करनी होती है, तब भी लोग यही कहते हैं कि वह भगवान भरोसे ही चल रही है।

लेकिन समझ नहीं आता कि भगवानजी अब यह फर्क मिटाते क्यों जा रहे हैं। अब देखिए, सरकार तो महंगाई का वज्रपात कर ही रही है। रोज तेल के दाम बढ़ रहे हैं और ज्ञानीजन कहते हैं कि तेल के दाम बढ़ेंगे तो सब चीजों के दाम बढ़ेंगे। अर्थात महंगाई की जड़ तेल ही है। सरकार भी अगर यह मान ले तो वह भी महंगाई बढ़ाने के आरोप से बच सकती है। खैर, यह सरकार की मर्जी है। लेकिन यह भगवान की तो मर्जी नहीं होनी चाहिए कि वह भी सरकार की तरह ही जनता पर वज्रपात करने लगे। मतलब उसे थोड़ा तो सरकार से अलग दिखना ही चाहिए।

अब देखिए, सरकार ने ऑक्सीजन नहीं दी, लेकिन भगवानजी ने नहीं रोकी। तो यह फर्क अब क्यों नहीं। अब सरकार की तो चाहे जनता पर नजरे इनायत न हो, चाहे वह नौकरी न दे, चाहे वह महंगाई बढ़ती रहे, पर भगवानजी को तो झमाझम बारिश कर देनी चाहिए न। यार, मॉनसून का मौसम है आखिर तो। पर जैसे सरकार आंदोलनकारी किसानों को कुछ नहीं दे रही, वैसे भी भगवान भी किसानों को बारिश नहीं दे रहे हैं। हालांकि, बारिश कोई किसान को अकेले थोड़े ही चाहिए। गर्मी से तो सभी बेहाल हैं। पानी तो दिल्ली वालों को भी नहीं मिल रहा। भगवानजी को गर्मी से बिलबिलाते लोगों पर जरा भी दया नहीं आ रही, जैसे सरकार को महंगाई से त्रस्त जनता पर दया नहीं आ रही। ऊपर से भगवानजी भी अब बिजली ज्यादा गिराने लगे हैं,

**नासमझी** नहीं , बल्कि जरूरत से ज्यादा चालाकी इंसान को ले डूबती है

जब सब कुछ दांव पर लगा हो, तभी इंसान को अपनी असीम आत्मबल का एहसास होता है।

**– निशा उरांव, डायरेक्टर पंचायती राज**

आपके ट्वीट

**चाईबासा** में सर्च अभियान के दौरान शहीद होने वाले सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के जवान श्री राजेश कुमार जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परमात्मा दिवंगत शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान करें।

**– हेमंत सोरेन**





**दिल्ली** के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की।

ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं - मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर!

**– राहुल गांधी**

## गुरु आदेश

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जहां** भरत जी गये वहीं शत्रुध्न जी गये। कहां राम है, कहां लक्ष्मण हैं उनके कोई मतलब नहीं था। लखन जी को जब गुरु वशिष्ठ जी ने नियत कर दिया तो जब श्री राम वनवास जा रहे हैं तो वे बोले मैं भी चलूंगा। श्री राम बोले क्यों? वनगमन तो केवल मेरा हुआ है, आप क्यों चलेंगे। लक्ष्मण जी बोले बात सही है लेकिन गुरु महाराज जी की आज्ञा है कि मैं शरीर का सेवक हूं, तो जहां शरीर वहीं मैं। लक्ष्मण जी मां से आज्ञा लेकर वनगमन किये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

यह सृष्टि परा और अपरा दोनों के मेल से बनी हुई है। अपरा जगत दृष्टिगोचर होता है जिससे यह जगत चलता है। धर्म का कार्य जप, तप, योग,यज्ञ मनुष्य को अपरा जगत से परा की ओर उन्मुख करता है। जब संसार में कोई ऐसा व्यक्ति हो जाता है जो अपरा जगत की सारी सिद्धियों को कर लेता है। वह बलवान हो जाता है। अगर अहंकारी होकर धर्म के कार्यो को अवरूद्ध कर देता है तो उसके वध के लिये अवतार होता है। अवतार परा शक्ति संपन्न होता है।

इसलिए वह अपरा जगत की सारी सिद्धियां से संपन्न व्यक्ति का बध करने में समर्थ होता है। इस तरह की स्थिति तब पैदा हो गयी थी जब राक्षस राज रावण अधर्मी हो गया था। उसने जप, योग और तप इत्यादि बंद करा दिया था।

रावण जानता था कि मेरी लड़ाई सदा देवताओं से है। देवताओं के पास जो कुछ भी उत्तम भोग है, स्वर्ग के इस भोग को मुझे लंका में लाना है ।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कॉटून वर्ल्ड




साभार कॉटूर्न मूवमेंट

# ट्रूडो की कारस्तानी फिस्स, भारत का प्रतिकार कारगर रहा

**के. विक्रम राव**

**ट्रूडो** पर विपदा आसन्न है। पतन दिख रहा है। भारत से यारी संजोये अथवा अपनी अल्पमत वाली सरकार बचाए? कनाडा के इस 23वें प्रधानमंत्री जस्टिन जेम्स पाएरे ट्रूडो के समक्ष तीसरा विकल्प नहीं है। संसद के 338 सदस्यों में उनकी लिबरल पार्टी के 158 सांसद हैं। समर्थक सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 25 हैं। कनाडियन सिख खालिस्तान के हमदर्द हैं। तो यही है भारत-कनाडा झंझट का सार। सिखों की पार्टी की भूमिका वैसी ही है जो तमिलनाडु की द्रविड़ पार्टियों की थी। अप्रैल 1999 में जयललिता ने अपनी अन्ना-द्रमुक पार्टी का समर्थन खींच लिया था। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार अल्पमत में आ गई। ठीक वही दुर्दशा सरदार मनमोहन सिंह की संप्रग सरकार के द्रमुक नेता एमके करुणानिधि ने कर दी थी 19 मार्च 2013 को। तब श्रीलंका के तमिल विद्रोहियों (लिट्टे के प्रभाकरन) के दोनों तमिल दल हमजोली रहे। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी उसी तमिल दलों की भूमिका में है। अगले वर्ष भारत की भांति कनाडा में भी संसदीय निर्वाचन होना है। तब श्रीलंका में तमिल वामियों (लिबरेशन टाइगर्स है तमिल ईलमः लिट्टे) की चुनौती थी दिल्ली पर। ठीक वैसी ही सिखों की ओटावा पर है।

भारत बनाम कनाडा विवाद पर बेहतरीन विश्लेषण आया है बौद्ध श्रीलंका के मुस्लिम विदेश मंत्री मियां मोहम्मद अली साबरी साहब का। खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुवा आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर ट्रूडो ने भारत

सामयिक

सरकार को दोषी करार दिया है। इस पर श्रीलंकाई राजनेता ने करारा जवाब दिया है।

ट्रूडो बोले कि खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं। वहीं कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित भी कर दिया। निज्जर का हमराही जसपाल सिंह अटवाल जो फगवाड़ा (पंजाब) का रहने वाला था, उसने खालिस्तान आंदोलन के प्रबल विरोधी उज्जल सिंह दोसांझ को मारा था। अटवाल को ट्रूडो ने दिल्ली में अपनी दावत में आमंत्रित किया था। इसे लेकर मोदी सरकार ने आपत्ति दर्ज कराई थी।

राष्ट्रमंडल के दो मित्र-सदस्यों भारत तथा कनाडा के बीच दुश्मनी का सबब बना सरदार हरदीप सिंह निज्जर था कौन? 18 जून 2023 को सर्रे (कनाडा-अमेरिका सीमावर्ती शहर) के नानक गुरुद्वारे के निकट उसकी हत्या कर दी गई थी। अब कनाडा सरकार ने भारतीय गुप्तचर एजेंसी पर आरोप लगाया है। हालांकि अबतक सबूत नहीं दे पाए। भारतीय पुलिस इजराइल की गुप्तचर संस्था मोसाद के स्तर की तरह सक्षम तो नहीं है। मोसाद की शोहरत है कि वह अरब देशों में घुसकर यहूदी-विरोधियों का काम तमाम कर डालती है। आतंकी निज्जर की भारतीय सुरक्षा स्टाफ द्वारा हत्या पर कनाडा ने केवल राजधानी ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त को प्राप्त संदेशों के आधार पर दोष लगाया है। यदि यह सच है तो कनाडा जघन्य वैश्विक अपराध का दोषी है क्योंकि कूटनीतिक संधि की धाराओं के अनुसार विदेशी दूतावासों की जासूसी करना गंभीर गुनाह है। मगर निज्जर के बारे में कनाडा सरकार का आपराधिक दायित्व इससे पता चल जाता है कि वह खालिस्तानी टाइगर फोर्स का सरगना है जो कनाडा की भूमि में पनाह पाए है, वहीं से पंजाब में लूट, हत्या, आतंक फैलता है। उसका सहयोगी रहा सरदार जगतार सिंह तारा जिसने पंजाब के कांग्रेसी मुख्यमंत्री सरदार बेअंत सिंह की हत्या कर दी थी। सूचना है कि हरदीप ने अपने ही भाई सरदार रघुवीर सिंह निज्जर को धमका कर गुरुद्वारे पर कब्जा कर लिया था।

# विश्व हृदय दिवस पर पारस हॉस्पीटल में जागरूकता अभियान



**विश्व** हृदय दिवस के अवसर पर रांची के पारस एचईसी अस्पताल के कर्मचारियों एवं मरीजों की उपस्थिति में वर्ल्ड हार्ट डे का आयोजन किया गया।

ज्ञात है की पूरी दुनिया आज विश्व हृदय दिवस मना रहा है। इस वर्ष विश्व हृदय दिवस का थीम है दिल का इस्तेमाल करें, दिल को जानें। अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों की मौजूदगी में हृदय से जुड़े ॱ का आयोजन किया गया और सम्बंधित सवाल-जवाब किये गए। सही जवाब देनेवाले को डॉ महेश कुशवाहा के हाथों पुरष्कृत कर सम्मानित भी किया गया। इसी क्रम में अस्पताल परिसर में दिल से सम्बंधित जानकारियों को मरीजों के साथ साझा किया गया।

इस विशेष मौके पर पारस अस्पताल में मुफ्त हृदय जाँच की सुविधा 31 अक्टूबर तक दी जा रही है, जिससे हृदय रोगियों को सहायता मिल सके।

पारस अस्पताल के हृदय रोग विशेशज्ञ डॉ महेश कुशवाहा ने इस मौके पर कहा की विश्व हृदय दिवस मनाने का मुख्य मकसद हृदय रोग के कारण और बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना है। डॉ महेश कुशवाहा का कहना है की हृदय हमारे शारीर का मुख्य अंग है जो शारीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करता है. आज के समय में हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अब तो किसी भी उम्र के लोगों में हृदय सम्बंधित बीमारियाँ हो रही है। जिसका मुख्य कारण असंतुलित आहार एवं अत्यधिक तनाव भरी जीवनशैली है. शराब और धुम्रपान भी युवाओं में हृदय रोग का कारण बन रहा है।

पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने इस मौके पर कहा की विश्व हृदय दिवस का मकसद मरीजों को हृदय रोग के प्रति जागरूक करना है। दिल का ख्याल रखने के लिए दिल के बारे में जानकारी होना जरूरी है। आप जितना अपने दिल का इस्तेमाल करेंगे उतना अधिक अपने दिल को जान पाएंगे. दिल की जानकारी आपको दिल की बीमारी से बचाएगी। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव रहित जीवनशैली और नशा से दुरी आपके दिल को स्वस्थ रखने का यही सबसे बढ़िया तरीका है. इसलिए दिल का उपयोग करें और अपने दिल को जानें।

लेटर टू एडीटर

### अंकुश लगे

**वर्तमान** समय में जब तकनीक का युग है, जहां आज हर कार्यक्रम की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही हो तो ऐसे में नेताओं द्वारा अपने भाषण में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वजह से राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि मयार्दा पसंद लोग राजनीति में कदम रखने से पहले कतराने लगे हैं। इस पर जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए।

**-विजय महाजन, हजारीबाग**

### सामंतवाद

**धर्म** आधारित देश विभाजन के समय बड़ी संख्या में लोग पाकिस्तान से भारत आये। इन्हें देहात में तो पंजाबी, रिफ्यूजी और पाकिस्तानी जैसे संबोधन भी मिले लेकिन दुर्भावना से प्रेरित नहीं, परिस्थितिवश। इन जड़हीन लोगों ने हाशिये पर रहते हुए मेहनत-मजदूरी करते हुए सिर पर छत और थाली में रोटी का इंतजाम किया। परिचायक है।

**– सूरज सिंह, रांची**


संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
**अविनाश ठाकुर***
**फोन :95708-48433**
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने की उत्पाद विभाग की समीक्षा



रामगढ़ । उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्पाद विभाग की बैठक हुई। सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड द्वारा उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक शराब के कारोबार में अवैध रूप से संलिप्त कुल 116 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिनमें 55 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं, छापामारी अभियान के दौरान अब तक 1070 लीटर महुआ शराब, 6535 किलोग्राम जावा महुआ, 656 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब एवं 1000 लीटर बीयर पकड़ा गया है। जिसके उपरांत उपायुक्त ने इस तरह के अभियान आगे भी जारी रखने एवं अवैध रूप से शराब की बिक्री पर पूर्णत रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० असीम कुमार, उत्पाद निरीक्षक कांग्रेस कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### भुरकुंडा पंचायत में मिट्टी संग्रह



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बरका-सयल प्रक्षेत्र के तत्वाधान में चल रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पंचायत की मिट्टी संग्रह किया जा रहा है। संग्रहित मिट्टी प्रबंधन द्वारा कोल इंडिया के निर्देश पर भेजा जायेगा। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने बताया कि उक्त कार्यक्रम 30 अक्टूबर तक चलेगा। मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक कुमार भुईयां, रामनारायण कुमार, उप मुखिया संजीत राम, लखन पासवान, अरविंद तिवारी, वीरेंद्र सिंह, अमित पासवान, राजेंद्र करमाली, रोशन पासवान, विक्रम गुप्ता, संजय करमाली, प्रेम पासवान, लाली करमाली, मुन्नी सिंह, अकाशा दुबे, श्रवण कुमार, पंकज कुमार, संतोष तुरी, सागर कुमार, दीपक कुमार, विक्की करमाली, विष्णु साव, शंकर राम सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

### इलेक्ट्रिक्स दुकान से हजारों रुपये की चोरी

भुरकुंडा (रामगढ़)। मेन रोड बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित नंदनी टेलीकॉम एंड इलेक्ट्रिक्स दुकान में गुरुवार रात चोरों ने एसबेस्टस सीट हटाकर हजारों रुपए के सामानों की चोरी कर ली। पीड़िता ने भुरकुंडा ओपी में चोरी का मामला दर्ज कराया गया। दर्ज मामले में दुकान के मालिक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रोज की तरह रात्रि में दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार की सुबह जब दुकान खोला तो देखा कि दुकान में सामान बिखरे हुए हैं और दुकान में रखे हजारों के सामान और मोबाइल चोरी कर ली गई है। इधर भुरकुंडा पुलिस का कहना है कि पूर्व में सभी मोबाइल दुकान के संचालक को हिदायत दे दी गई थी कि वे अपने दुकान के कीमती मोबाइल रात्रि में घर ले जायें। मोबाइल दुकानदार मोबाइल हमेशा घर ले जाते हैं। मामला संदेहास्पद है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कुंदरूकलां में दुर्गा पूजा कमेटी गठित



रजरप्पा । दुर्गोत्सव को लेकर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कुंदरुकलां बनिया टोला का गुरुवार को पुनर्गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक पार्षद धनेश्वर महतो उर्फ डीएम और मुखिया किशुन राम मुंडा को चुना गया. साथ ही अध्यक्ष राहुल ठाकुर, सचिव चन्दन कुमार, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र नायक, उपाध्यक्ष राजा केशरी, उप सचिव अनुराग केशरी, उप कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, संरक्षक मोहराय महतो का चयन किया गया. मौके पर नेवालाल महतो, शिवशंकर महतो, हीरालाल महतो, विजय केशरी, शैलेन्द्र महतो, तुलसी दास महतो, बिनोद करमाली, संतोष केशरी, राकेश महतो, दिलीप महतो, प्रदीप नायक, बिलाश ठाकुर एव कमेटी के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे. बैठक में इस वर्ष भव्य पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा, आकर्षक दुर्गा पूजा की प्रतिमा बनाने का निर्णय किया गया। वही संरक्षक ने कहा कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा।

### जुबिली कॉलेज में स्वच्छता अभियान



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में एनएसएस इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के आसपास जमा कुडा-कचरा की साफ सफाई की गई। साथ ही भविष्य में कपड़े की थैली का उपयोग करने का शपथ लिया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि अपने घर सहित कॉलेज परिसर को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के बल पर कई बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ. अरूण कुमार सिंह झा, डॉ. महेन्द्र पांडेय, प्रो. बालकृष्ण, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास, प्रो. देव प्रकाश, प्रो. एसएस पांडेय, प्रो मनोज कुमार, प्रो. टीके झा, प्रो. राजेश कुमार, गीता, पुजा, प्रीति, काजल, मनोज, सुजल सहित स्वयंसेवक मौजूद थे।

### चंद्रयान 3 विश्व के लिए उपलब्धि : सुमन सिंह



भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सुबोध कुमार सिन्हा व उषा सिन्हा का पुत्र सह चंद्रयान मिशन 3 से जुड़े इसरो के वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा का गुरूवार को भदानीनगर में भाजपाईयों द्वारा सम्मानित किया गया। डीएमएफटी फंड के सांसद प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह और भाजपा भादानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने इसरो के वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह ने कहा कि चंद्रयान मिशन- 3 न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए एक जन कल्याणकारी उपलब्धि है। हम सभी के लिए यह गौरव का क्षण है कि हमारे बीच मंगल मिशन के वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा यहां उपस्थित हुए हैं।

# शौर्य जागरण रथ यात्रा सह धर्म सभा को ले जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▶▶ यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का**



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह एवं बरदाग गांव में 1 अक्टूबर को होने वाले शौर्य जागरण रथ यात्रा सह धर्म सभा को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा कोरियाड़ीह एवं बरदाग में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि इसका आयोजन अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्ण संपूर्ण देश में किया जा रहा है। शौर्य जागरण यात्रा का उद्देश्य हिंदू युवाओं में अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का भाव जागृत हो,हिंदू हम सब एक हैं, अर्थात सामाजिक समरसता के लिए संकल्पबद्ध हो। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सभी को साथ लेकर समाज को संगठित करना है। ताकि किसी भी विरोधी ताकत का प्रतिकार किया जा सके। शौर्य यात्रा युवाओं के शौर्य और पराक्रम को जगाने की यात्रा है। शौर्य जागरण रथ यात्रा ऐतिहासिक होगा। हम सभी सनातनी एक छत के नीचे आएंगे और सनातन धर्म को मजबूत करेंगे। शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखी जा रही है। मौके पर प्रकाश प्रसाद, अजीत प्रसाद, अनिल प्रसाद, विकास कुमार,चंदन कुमार, राजेश प्रसाद, कृष्ण कुमार, मनोज प्रसाद, विवेक कुमार, देवेंद्र प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, छोटू महतो, निरंजन प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, नागेश्वर महतो, सचिन कुमार, चंदन कुमार, अभय कुमार, विनय कुमार, प्रदीप प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, रामदेव सिंह, राजकुमार प्रसाद, राजेश प्रसाद, शाहिद सहित सैकड़ो राम भक्त मौजूद थे।

## सोनू गोप मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न

# खेलकूद से युवाओं में होता है मानसिक विकास : मनोज यादव

**सामाजिक कार्यकर्ता के साथ बेहतर खिलाड़ी थे सोनू गोप**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** बरही अंतर्गत पंचमाधव में सोनू गोप मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचमाधव पैक्स अध्यक्ष सूर्य कांत राही उपस्थित रहे। फुटबॉल का फाइनल मैच जरहिया व बेलाही के बीच खेला गया। जहां जरहिया ने बेलाही को हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच की शुरूआत अतिथियों ने किक मारकर किया। साथ ही मैच की शुरूआत से स्व. सोनू गोप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया।मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि खेलकूद से युवाओं में होता में मानसिक और शारीरिक विकास। साथ हीं समाज में आपसी समरसता का माहौल कायम होता है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि बरही एवं आस-पास के क्षेत्रों में सोनू गोप ने समाज के हर वर्ग में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच सुख दुख में शामिल होने का काम किया करते थे। उनके द्वारा किए गए कार्यों को समाज कभी नही भूल सकता। साथ ही कहा कि सोनू गोप के साथ सामाजिक कार्यकर्ता के साथ बेहतर खिलाड़ी थे। उन्हीं की याद में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। मौके पर कृष्णा यादव, संजय यादव, सतीश यादव, राजेंद्र भारती, सुरेश यादव, छोटन गोप, चंद्र यादव, कैलास यादव, राजकुमार यादव, राजू रजक, नागेश्वर रजक, उमाशंकर यादव, मैच अध्यक्ष दिनेश यादव, मनोहर यादव, सुधीर यादव, दिनेश यादव, मनोज राणा सहित हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## गंगा आरती को लेकर एसडीओ ने रजरप्पा मंदिर ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर को रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र अंतर्गत दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर आयोजित होने वाले गंगा आरती कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने रजरप्पा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। एसडीओ ने आरती के भव्य आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार एवं उपसमाहर्ता रविंद्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों से ली। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान भीड़भाड़ नियंत्रित करने, सुरक्षा दृष्टिकोण से विभिन्न उपाय सुनिश्चित करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## दारू : उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेडकुरी के नये भवन का विधायक ने किया शिलान्यास



**दारू।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेडकुरी के नए भवन का शिलान्यास शुक्रवार को बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित यादव एवं मेडकुरी पंचायत के मुखिया भोला तुरी ने संयुक्त रूप से किया। नए भवन का निर्माण डीएमएफटी मद से 70 लाख रुपया की राशि से एक वर्ष में पूरा किया जाएगा। इस विद्यालय में लगभग 483 बच्चे पढ़ते हैं क्लास के अभाव में आधे बच्चे जर्जर भवन एवं बरामदा में अपना पढ़ाई पूरा करते हैं। विधायक ने कहा कि पिछला बिल्डिंग लगभग 7 वर्ष पहले बना है। जिसके सीढ़ी एवम क्लास रूम में एक-एक फीट गड्ढा है निश्चित रूप से ऐसे संवेदक और इससे जुड़े अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो विद्यालय को भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ाए हैं। साथ ही विधायक ने कहा की नए भवन निर्माण को लेकर ग्रामीण को भी सचेत रहना होगा यदि गलत काम हो तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना प्रदान करें। जेई चंदन कुमार ने बताया कि इस बिल्डिंग को एक वर्ष में पूरा करना है साथ ही इसमें जी प्लस वन का कंस्ट्रक्शन होगा जिसमें चार एडिशनल क्लासरूम दो नीचे तथा दो ऊपर बनेगा साथ ही ऑफिस रूम, हॉल,एक शौचालय, डी बोरिंग, 60बाई 6 फीट फाइबर ब्लॉक का कार्य और विद्यालय के चारों ओर चारदिवारी ऊंचा किया जाएगा। वही शंकर कंस्ट्रक्शन के संवेदक अमित पांडे ने कहा एक वर्ष में बिल्डिंग बनाकर तैयार करना है, सारा कार्य दिशा निर्देश के अनुसार किया जाएगा।

# बाल वैज्ञानिक भैया-बहनों को मिला पुरस्कार



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में चल रहे तीन दिवसीय प्रांतीय गणित ,विज्ञान एवं संगणक मेला शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में बाल वैज्ञानिक भैया- बहनों को गणित, विज्ञान एवं संगणक के मॉडल ,प्रश्न मंच ,प्रयोग ,पत्रवाचन , मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को समापन समारोह के मुख्य अतिथि अभिनव कुमार तिवारी, डिप्टी कमांडेंट ,बीएसएफ, अजय कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति ,झारखंड, समिति के सचिव व कार्यक्रम संयोजक, संजय उपाध्याय ,राजाराम शर्मा ,क्षेत्रीय विज्ञान प्रमुख ,अखिलेश कुमार विभाग निरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। आचार्य पत्रवाचन के अंतर्गत विजेता आचार्यगण को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण फणींद्रनाथ, विभाग निरीक्षक, विद्या विकास समिति झारखंड ने करवाया' सर्वश्रेष्ठ विद्यालय विज्ञान में प्रथम पुरस्कार, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर ,धनबाद को,द्वितीय पुरस्कार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सीनिडीह एवं तृतीय पुरस्कार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,बाघमारा को वही सर्वश्रेष्ठ विद्यालय गणित में प्रथम ,राजकमल धनबाद ,द्वितीय कुम्हारटोली, हजारीबाग एवं तृतीय सीनिडीह को, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय संगणक में प्रथम, कुम्हारटोली, हजारीबाग को द्वितीय राजकमल ,धनबाद एवं तृतीय पुरस्कार, बाघमारा, धनबाद को मिला ' ओवरऑल चैंपियन का विजेता राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद बनाल समापन समारोह में बच्चों को आशीर्वचन देते हुए अजय कुमार तिवारी ,प्रदेश सचिव ,विद्या विकास समिति , झारखंड ने कहा प्रांतीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला के माध्यम से आपको विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाना , विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न कर वैज्ञानिक प्रतिभा का विकास करना है। आप सभी आचार्य 'दीदी जी के मार्गदर्शन में अपने को विकसित करें" क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें" कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य ,दिनेश कुमार मिश्र, धन्यवाद अखिलेश कुमार, विभाग निरीक्षक गुमला विभाग एवं मंच संचालन नीरज कुमार लाल ,विभाग निरीक्षक ,विद्या विकास समिति, झारखंड ने किया ' मौके पर विद्या विकास समिति झारखंड के पूर्णकालिकगण तुलसी प्रसाद ठाकुर, राजेश प्रसाद ,ब्रेन कुमार टुडू राजाराम शर्मा ,क्षेत्रीय विज्ञान प्रमुख, शर्मेंद्र कुमार साहू , क्षेत्रीय सह विज्ञान प्रमुख, संजीव कुमार, प्रांतीय विज्ञान प्रमुख, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष ,श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष ,प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा, पूर्व प्राचार्य ,जयनारायण पांडे, विषय प्रमुख, प्राचार्यगण, संरक्षक आचार्य , आचार्य बंधु भगिनी पूरे झारखंड प्रांत से आए हुए बाल वैज्ञानिक भैया -बहन एवं गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति रही' मेला में पूरे झारखंड प्रांत से 38 विद्यालयों के 826 चयनित बाल वैज्ञानिक भैया- बहन भाग लिए ' इस मेले से चयनित विद्यार्थीगण आगामी क्षेत्रीय गणित, विज्ञान एवं संगणक मेला में भाग लेंगे।

# भगत सिंह की जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित

**वो देखने दिखाने की बात करता है, मोहब्बत मिटाने की : सरोज झा**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की 116वीं जयंती के अवसर पर भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में क्रांतिकारी कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें झारखंड के विभिन्न शहरों से दर्जनो कवि, कवियत्री और शायर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ परमजीत सिंह धामी, मुखिया अजय पासवान, विनय कुमार सिंह और भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू ने भगत सिंह और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण पर किया गया। कवि सम्मेलन में सरोज झा झारखंडी ने वर्तमान हालात और सियासत पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि वो देखने दिखाने की बात करता है, मोहब्बत मिटाने की बात करता है जिसे खुदकी ही कोई खबर नहीं है वो सारे जमाने की बात करता है। उन्होने अपनी गजलों से महफिल को गुलजार किया। वहीं मीत जरमस्तपूरी ने पंजाबी और हिंदी में अपनी क्रांतिकारी गीत सुनो सुनाऊं सरदारों के, कब कब बारह बजते हैं। भीड़ बने जब देश धर्म पे, तब तब बारह बजते हैं सुनाकर महफिल में चार चांद लगा दिया। प्रसिद्ध कवियत्री डॉ. सुरेंद्र कौर नीलम ने अपनी देशभक्ति गीत से लोगों को ओतप्रोत कर दिया। मीना बंधन, युवा ओज कवि चंदन प्रजापति, मनीष नंदन, आकाश गिरी, शैलजा कुमारी, हर्षित राजधीर सिंह, अमन प्रियदर्शी ने अपनी रचनाओं से लोगों का दिल जीत लिया। इसके पूर्व सम्मेलन में अतिथियों को मोमेंटो देकर आयोजक मंडली द्वारा सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार चंद्रिका ठाकुर देशदीप ने किया। मौके पर संजय मिश्रा, दुर्गेश नंदन तिवारी, अवधेश कुमार सिंह, एचएन यादव, योगेश दांगी, अवधेश शर्मा, उत्तम राज सिन्हा, प्रभात कुमार, गुरुद्वारा प्रधान लाल सिंह, निशान सिंह, सोनू सिंह, प्रभास दास, अमित पाठक, पवन कुमार, संजय भारती, विजय प्रसाद, योगेश दांगी, अमर यादव, संतोष कुमार, मदन सिंह, अमित पासवान, राजेश साव, प्रवीण बाऊरी, अनुराग सिंह बुंदेला, मदन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### चरही अश्लील फोटो वायरल मामले में महिला ने दिया थाने में दिया आवेदन

चरही। चरही थाना में एक शादीसुदा महिला की अशलील फोटो वायरल करने की धमकी तथा अपहरण कर शारिरीक शोषण करने वाला युवक तथा अन्य के विरुद्ध चरही थाना लिखित शिकायत की है।भुक्तभोगी महिला रेशमा खातून 22 वर्ष पति शाहिद अंसारी आवेदन में लिखा है कि मेरी विवाह 20 मार्च 2020 को चतरा जिला के दुवारी में हुई है।जबकि मेरा माइक चरही थाना के इंद्रा (14 माइल ) है। मेरा ढाई वर्ष की एक पुत्री भी है।मेरी मायके के एक लड़का इश्फाक आलम पिता इम्तियाज आलम शादी से पूर्व महिला से फोन पर कहा था कि मैं तुमसे वेहद प्यार करता हूँ।और शादी भी करना चाहता हूं।मेरे पास तुम्हारा पूर्व की बनी एक अशलील फोटो और वीडियो है।मेरी बात नहीं मानोगी तो वायरल कर दिया जाएगा।आवेदन में यह भी लिखा गया है कि तुम अपने ससुराल से भागकर अपनी मायके इंद्रा 14 माइल पहुंच जाओ।और मेरे साथ एक बार शारीरिक संबंध बनाओ।नहीं तो फोटो और वीडियो को वायरल कर दूंगा।महिला ने लड़का से कही की मेरा घर को बसने दो।मेरी शादी हो चुकी है।इसके बाद भी लड़का इस बात को मानने को तैयार नहीं हुआ। अपनी इजत को बचाने के लिए महिला 07/09/23 को अपनी ससुराल से मायके इंद्रा 14 माइल पहुंची।इसी दिन रात्रि 1:30 बजे लड़का इश्फाक ने महिला के पास फोन कर घर से बाहर बुलाया।और बोला कि हमारे साथ रांची चलना है।सुबह तक घर पहंच जाएगी।लेकिन महिला इस बात को हमेशा विरोध करती रही।लेकिन धमकी के आगे महिला को एक ना सूझी। रात 2 बजे बस से इश्फाक और इसके एक अन्य सहयोगी के साथ महिला रांची चली गई।

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति बैठक



हजारीबाग। पिछले 22 वर्षों से मां दुर्गे की पूजा अर्चना कर रहा बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महा समिति की चौथी बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम माता रानी की जयकारों के साथ किया गया, उपस्थित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण बेहद ऐतिहासिक रूप से पुजा को बनाने का संकल्प लिया, बैठक में पूजा की संबंधित विधि व्यवस्था पर चर्चा की गई। वही बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन कन्या पूजन, अष्टमी की विशेष पूजा अर्चना के साथ संधि पूजा होगी। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा हेतु पंडाल परिसर में कई वॉलिंटियर तैनात रहेंगे। पूजा की गतिविधियों पर पूजा कमेटी का विशेष सहयोग रहेगा, पूजा कमेटी के द्वारा कन्या पूजा एवं संधि पूजा में सहयोग किया जाएगा। इसके बाद नवमी के दिन पंडाल परिसर में हवन किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने बताया कि महासमिति के द्वारा पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है, बस अब इंतजार है माता रानी का जिनके आगमन के साथ भव्य ऐतिहासिक पूजा प्रारंभ होगी। सचिव दीप नारायण निषाद ने बताया कि पूजा को लेकर पदाधिकारियों एवं सदस्यों में काफी अति उत्साह देखने को मिल रही है। हर कोई पूजा की गतिविधियों में अपनी सहयोग बढ़-चढ़ कर दे रहा है। मौके पर शिवदीप सिंह,रविंद्र गुप्ता,अशोक अग्रवाल,प्रकाश सिंह, प्रदीप जैन, नरेश निषाद, बालगोविंद निषाद, गुड्डन सोनकर, दिलीप सहित कई लोग मौजूद थे।

२९ है पी ३ : बैठक करते पूजा समिति के लोग

### टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल गये पुणे

टाटीझरिया। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सरकार द्वारा लगातार चुनिंदा प्रतिनिधियों को एक्सपोजर भीजीट में भेजा जा रहा है। कुछ दिन पूर्व केरल ,कुछ को दिल्ली तो अब प्रमुख को यशदा पुणे भेजा गया है। राज्य भर के 39 प्रमुखों को पुणे भेजा गया है। जिसका खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। हजारीबाग जिले से टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल और कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता पुणे के लिए रवाना हुए हैं। इन्होंने बताया कि वे वहां प्रशिक्षकों द्वारा बताए जाने वाली बातों को गहराई से सीखेंगे और उसे अपने प्रखंड क्षेत्र में धरातल पर उतारेंगे। बताया कि सरकार की मनसा है कि हम सब प्रतिनिधि पुणे के पंचायत की गतिविधियों के बारे में भी जानें,विभिन्न दर्शनीय पर्यटक स्थलों,उनके रख -रखाव और कार्यशैली को जानें इसी उद्देश्य के लिए हमें वहां भेजा जा रहा है।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें युवतियां : नीलू



हजारीबाग। अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के अवसर पर महिला मुक्ति संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य पूर्वी रेनू देवी ने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति लोगों की मानसिकता में बदलाव आवश्यक है सुरक्षित गर्भ समापन सभी महिला लड़की को बीना सवाल किये होना चाहिए। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी ने कहा कि लड़कियां स्वास्थ्य एवं सेवा के प्रति जागरूक रहे और स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लें, सहयोग के लिए हमलोग हैं। डा0 चंचला सुरक्षित गर्भ समापन पर चर्चा करते हुए कहा कि किशोरी और महिला को जागरूक होना आवश्यक है और इस सेवा के लिए हमलोग खड़े हैं। युवा मैत्री परामर्श केंद्र से गीता कुमारी ने बताया की केंद्र युवा किशोरी, किशोर प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित शारीरक बदलाव के समय होने वाली परेशानी के लिए परामर्श लें और मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। संस्था की लीला कुमारी ने सञ्चालन करते हुए बताया कि विकलांग मानसिक रूप से कमजोर लड़की महिला के साथ यौन हिंसा होने पर उन्हें समाज गलत नजरिये से देखता है ऐसे में सुरक्षित गर्भ समापन बिना सवाल किये होना चाहिए। गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम पर विस्तृत रूप से चर्चा सुषमा कुमारी और मोना कुमारी ने किया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य रेनू देवी, महिला पर्वेक्षिका- सुनीता रानी, ए.एन. एम.- कुमकुम कुमारी, अंजू कुमारी, ज्योति कुमारी, सुनीता कुमारी, सेविका, रीना देवी, उषा देवी, सहिया- उर्मिला देवी, रुना देवी, रेखा देवी एवं क्रिया फेल्लोव- मोना कुमारी, महिला मुक्ति संस्था से शांता शीतल, बबिता कुमारी, काजल कुमारी तथा गोवरबंदा और हदारी पंचायत की महिला और युवा लड़कियां शामिल रहीं।

### पंचायत समिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय



इचाक। प्रखण्ड मुख्यालय में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी ने की और संचालन बिनोद कुमार रवि एवं संजय कुमार ने किया। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि योजना को लेकर बताया गया कि प्रखंड में टोटल 21909 लैंड सीडिंग करवाना है जिसमें 13073 लैंड सीडिंग हो चुका है। 1514 लैंड सीडिंग में त्रुटि पाई गई और 7322 अभी तक नहीं हुआ है जो करवाना है। खाद्य आपूर्ति विभाग से बताया गया कि अगस्त सितंबर माह का राशन नहीं काटा गया है। कृषि विभाग से बताया गया कि ड्रिप टपक सिंचाई योजना का लाभ अभी मिल रहा है वैसे किसान जिन्हे लाभ चाहिए आवेदन दे सकते हैं। प्रमुख पार्वती देवी ने अनुपस्थित पदाधिकारी के ऊपर नाराजगी जताई और चेतावनी देते हुए कही कि बैठक में जो पदाधिकारी मौजूद नही रहते उनके खिलाफ कारवाई करवाने हेतु लिखित आवदेन दी जाएगी। मौके दरिया पंचायत समिती सारो देवी, बरका कला पंचायत समिति रिंकी देवी, केदार मेहता, महेंद्र पांडे, उर्मिला देवी, कमली देवी, कोशल्या देवी, प्रियंका कुमारी, मालती देवी, बिना देवी सरस्वती देवी।मुखिया चौहान मेहता, काजल देवी, सीता देवी, किरण देवी ,पदाधिकारी वीडियो रिंकू कुमारी, सीडीपीओ नीलू रानी, नवल कुमार, संजय कुमार,एमो राजेश कुमार, कृषि से विनोद रवि, पुष्पा कुमारी, आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ




**लोहरदगा।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। विद्यार्थियों को बताया गया कि अपने घरों के आसपास स्वच्छ रखें तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। मौके पर स्कूल की प्राचार्या, शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा नगर परिषद के कर्मी उपस्थित थे।

### अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बने विनोद

**गुमला।** अग्रसेन जयंती मनाने हेतु अग्रवाल सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 15 से 19 अक्टूबर 2023 तक चार दिवसीय अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। इसमें महिलाओं की भी सहभागिता लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में नये सत्र के लिए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। विनोद जाजोदिया को अध्यक्ष, पवन गाड़ोदिया को सचिव, पवन उदयपुरिया को कोषाध्यक्ष, भगवान गाड़ोदिया व बृज किशोर फोगला को उपाध्यक्ष , संजय अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल सह सचिव बनाया गया।

### गांधी जयंती को लेकर डीएवी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**गुमला।** डीएवी गुमला में गांधी जयंती पर इंटर हाउस अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता करायी गयी। जिसका विषय वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता थी। इसमें श्रद्धानंद हाउस, विवेकानंद हाउस, दयानंद हाउस एवं हंसराज हाउस के कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहू ने कहा कि मूल रूप से गांधी जी की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था करुणा, प्रेम, नैतिकता, धार्मिकता व ईश्वरीय भावना पर आधारित है। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश दुबे ने किया। निर्णायक की भूमिका संजुक्ता खटुआ एवं एस के आचार्य आदि ने निभायी।

### मैना बगीचा में होगी भव्य दुर्गा पूजा



**लोहरदगा।** श्री दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा, नदिया की बैठक पूर्व वार्ड पार्षद सह मुख्य संरक्षक कमलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सदस्यों ने पूर्व की वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया। पुरानी कमेटी भंग कर नयी कमेटी बनायी गयी। इसमें से अध्यक्ष संतोष लकड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू साहू, सचिव विक्की कुमार, सह सचिव राजन कुमार, आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सह कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, पूजा प्रभारी कृष्ण टिंबरेवाल, विधि व्यवस्था प्रभारी आयुष राज को बनाया गया।

### चौकीदार दफादार संघ का प्रदर्शन




**गुमला।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा गुमला जिला कमेटी के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सात सूत्री मांग को लेकर शुक्रवार को कचहरी परिसर में धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किशोर कुमार महली ने की। धरना में संघ के राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह व संयुक्त सचिव सीता उरांव शामिल हुई। धरना में नारायण भोक्ता, बंदे गोप, नील कुसुम मिंज, जर्नादन एक्का, महावीर स्वांसी, मुकेश महतो, भैयाराम तुर्री, सतीश मुंडा, भूषण गोप, सुखमन मुंडा, बिरिया उरांव, सरोज इंदवार, गंगाराम गोप, तोफिल तिग्गा, विमला गोप, देविका गोप, अल्बिना मिंज थे।

### विद्या मंदिर में हुई अभिभावक गोष्ठी



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में दशम कक्षा के अभिभावकों की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। बोर्ड परीक्षा में अपनी सराहनीय उपलब्धि सभी भैया बहन दर्ज कर सकें इसके लिए योजना पूर्वक पठन-पाठन की दिनचर्या पर बल देते हुए सभी अभिभावकों को भैया बहनों की निगरानी एवं देखरेख करने की सलाह दी गयी। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन दास ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभिभावक विद्यालय की रूटीन, उपस्थिति, विद्यालय आगमन, डायरी चेक, बच्चों के साथ समय देना, पूछताछ करना, आदि बातों पर विशेष ध्यान देंगे। अभिभावक गोष्ठी में लगभग 65 अभिभावकों की उपस्थित हुई। पुष्पार्चन से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। सभी अभिभावकों के सुझाव आए। भैया बहनों के अभिभावकों को परीक्षा की कॉपियां दिखाई गईं। संगोष्ठी में दशम कक्षा के कक्षाचार्य मधुमिता शर्मा, प्रमेंद्र सिंह एवं जया मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

### महिला समूह की चौथी आम सभा संपन्न



**लोहरदगा।** टाउन हॉल परिसर, लोहरदगा में दक्षिणी कोयल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का चतुर्थ वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा शामिल हुईं। राज्य कार्यालय की तरफ से नीरज, गुरप्रीत, दिवाकर, अरुण बोस सर, सिनर्जी से राकेश उपस्थित हुए। डीपीएम अनिता केरकेट्टा के द्वारा कंपनी की रूपरेखा और उसके कार्यो और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

# पार्टी की नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता : दिनेश उरांव

- बाबूलाल मरांडी 8 अक्टूबर को पहुंचेंगे घाघरा, भाजपा के संकल्प यात्रा कार्यक्रम में होंगे शामिल
- कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई पार्टी की विशुनपुर विधान सभा स्तरीय बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** भाजपा के संकल्प यात्रा के निमित आगामी 8 अक्टूबर को घाघरा चांदनी चौक स्थित मैदान में बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर चपका जीटीपीएस स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भाजपा की बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, विनय कुमार लाल शामिल हुए। बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी।



बैठक में शामिल भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**खास बातें :** बैठक में कार्यक्रम के रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही संबंधित पंचायत गांव के लोगों से तैयारी को लेकर बात की गई। मौके पर पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहुंचायें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़े। बाबूलाल मरांडी के होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगो को लायें। पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने भी अधिक से अधिक लोगों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि पदाधिकारी कार्यकर्ता गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार कर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभायें।

# वित्त रहित शिक्षण संस्थाओं ने किया सरकार के निर्णय का पुरजोर विरोध

- सरकार के निर्णय के विरोध में कक्षाएं स्थगित रखी गयी, आज होगा विधायक सांसद का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड के इंटर कॉलेजों के 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं की प्लस टू स्कूलों में शिफ्टिंग और विलय के सरकार के निर्णय के विरोध में वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर लोहरदगा में भी विरोध प्रदर्शन हुआ। एमएलए वूमेन कॉलेज लोहरदगा, इंटर कॉलेज किस्को, हाई स्कूल बगडू जामुन टोली, ईमा इंटर कॉलेज, मंजूरमती हाई स्कूल आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों ने 29 को कक्षाएं स्थगित रख सरकार के निर्णय



**क्या बोले वक्ता**

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब सरकारी स्तर की शिक्षा व्यवस्था की नींव बेहद कमजोर थी उस समय से ही वित्त रहित शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षा की ज्योति जलाने का काम किया है। तन मन धन से खून पसीना खींच कर संस्थानों को सुदृढ़ किया। समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए जन सहयोग से यह शिक्षण संस्थान खड़े हुए। जिले के शैक्षणिक विकास में योगदान किया। लाखों बच्चों का भविष्य संवारा। अब सरकार इस गौरव, जन भावना और सपनों को रौंद कर वित्त रहित शिक्षण संस्थानों को मटिया मेट करने की कोशिश कर रही है। इससे शिक्षा जगत का भला नहीं होगा। मोर्चा के निर्णय के अनुसार 30 सितंबर को संस्थाओं के शिक्षक शिक्षा के तरकर्मी विधायक आवास घेराव करेंगे। संस्थाओं के अधिग्रहण या घाटा अनुदान देने की मांग के लिए विधायकों से समर्थन पत्र लिखवायेंगे। दो अक्तूबर को इन स्कूल-कॉलेजों का अस्तित्व बनाए रखने, अधिग्रहण करने और शिक्षक व कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर राजभवन के सामने धरना प्रदर्शन में शामिल होने का लोहरदगा के तमाम कर्मियों ने निर्णय लिया। आंदोलन की अगुवाई एमएलए वूमेन कॉलेज प्रिंसिपल स्नेह कुमार, किस्को इंटर कॉलेज प्रिंसिपल ओबेदुल्ला परवेज, ईमा इंटर कॉलेज प्रिंसिपल मो एजाज और संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रधान ने किया।

# हाथी भगाओ हमें सुरक्षा दो को लेकर जारी प्रखंड में दिया धरना

## धरना में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत भी हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार को हाथी भगाओ हमें सुरक्षा दो को लेकर एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जारी प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष राजेश टोप्पो ने की। धरना में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत शामिल हुए। बंधु तिर्की ने कहा कि हमारे पूर्वजों के द्वारा यहां के खेत नदी जंगल को बनाया गया है। जिसे जंगली हाथी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लेकिन वन विभाग के पदाधिकारी सही समय पर लोगों को मुआवजा भी मुहैया नहीं करा रहे हैं। वन विभाग जितना जल्द हो सके पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाये। वहीं सुखदेव भगत ने कहा कि वन विभाग के पदाधिकारी को समय-समय पर गांव में जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि महुआ दारू बनाना बंद करें अन्यथा हाथी तो आयेगा क्योंकि हाथी महुआ खाने के लिए ही आता है।



धरना को संबोधित करते बंधु तिर्की।

**खास बातें :** हाथी आने की जानकारी हो तो गांव में घंटा थाली या अन्य वस्तुओं को बजायें ताकि लोग एक जगह एकत्रित हो जाए और लेकिन सभी को इलाज के लिए अस्पताल जाना जरूरी है। बच्चों को आज के समय में शिक्षा की अत्यंत जरूरी है इसीलिए मैं आप लोगों से गुजारिश करता हूं कि आप लोग अपने बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें। तत्पश्चात जारी प्रखंड कार्यालय सभागार में वन कर्मियों एवं प्रखंडकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बंधु तिर्की ने समीक्षा करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जारी प्रखंड में जितने भी फसल मकान आदि की क्षति हुई है उसको 15 अक्टूबर तक हर हाल में मुआवजा भुगतान करें।

# बीडीओ को ज्ञापन सौंप डीलर पर अनाज कटौती का लगाया आरोप

## ऑनलाइन ठेपा लेने के बाद समय पर डीलर नहीं देता है राशन

- राशन दुकानदार की नियत से तंग आकर कार्डधारियों ने दुकान बदलने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के निधियाटोली के दर्जनों ग्रामीणों ने डीलर विष्णु उरांव पर राशन की कटौती किये जाने का आरोप लगाकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने डीलर बिष्णु उरांव पर आरोप लगाते हुए कहा कि राशन में कटौती 2 से 3 किलो तक की जाती है। इसके साथ डीलर सभी से ऑनलाइन ठेपा लेकर राशन नहीं देता और कुछ दिन बाद राशन कटौती कर देता है।




बीडीओ से मिलने पहुंचे ग्रामीण।

**खास बातें :** साथ ही जब राशन से संबंधित बात पूछी जाती है तो डीलर और उनके परिवार द्वारा लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। वहीं ग्रामीणों ने राशन डीलर पर दबंगई करने का भी आरोप लगाया। साथ ही उक्त राशन डीलर से अपना कार्ड को हटाने की भी बात कही। इसके साथ ही 700 रुपया राशन कार्ड ऑनलाइन के नाम पर डीलर द्वारा पैसा वसूली की बात ग्रामीणों द्वारा कही गयी। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन आया है। जल्द ही इसकी जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर उक्त डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। मौके पर तिजा उरांव, लालू उरांव, पांडेय उरांव, प्रीतम यादव, शुकरा उरांव, दुर्गेश उरांव, दिनेश उरांव, सुरेश उरांव, निर्मल उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### 24 घंटे के बाद भी नहीं मिला बच्चे का सुराग

**चैनपुर।** साथियों के साथ नदी नहाने गये बच्चे के तेज बहाव में बह जाने के 24 घंटे बाद भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल पाया। हालांकि एनडीआरएफ की टीम लगातार बच्चे को तलाशने में जुट है। ज्ञात हो कि बीते बुधवार को चैनपुर मुख्याल के प्रेमनगर निवासी जगेश्वर रौतिया का 9 वर्षीय पुत्र अभिनय रौतिया बुधवार करीब दोहर 2.30 बजे अपने सहपाठियों के संग शंख नदी नहाने गया था। नहानें के दौरान पानी का तेज बहाव में वह बह गया था। जिसे एनडीआरएफ तथा स्थनीय ग्रामीण की मदद से पिछले तीन दिनों से खोज जा रहा है। अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

### एनसीसी कैडेट्स को दिया गया प्रमोशन रैंक

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल में एनसीसी ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के जूनियर विंग तथा जूनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स को प्रमोशन रैंक दिया गया। प्राचार्य डॉ रमाकांा साहू ने कैडेट नंदनी कुमारी को सार्जेंट, कैडेट अतुलिका राज को कारपोरल, कैडेट मनीषा तिर्की को लांस कारपोरल, कैडेट ओम कुमार को सार्जेंट, कैडेट आकाश यादव को कॉरपोरल और कैडेट राहुल नाग को लांस कारपोरल रैंक दिा। एएनओ अभिजीत झा ने बताया कि कैडेट्स को उनके द्वारा भाग लिये गये कैंपों की संख्या तथा विविध एनसीसी गतिविधियों में भागीदारी के आधार पर प्रमोशन रैंक दिये गये।

### शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न

**कुडु।** शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति टाटी की बैठक शुक्रवार को प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें इस वर्ष दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा भक्ति के साथ मनाने के लिए नयी आयोजन संचालन समिति बनायी गयी। शिव मंदिर प्रांगण टाटी में भव्य पूजा पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत साज सज्जा आकर्षण का केंद्र रहेगा। कलश स्थापन के दिन कलश यात्रा के साथ पूजा की शुरुआत होगी। बैठक में बुधन मुंडा, विकास शाहदेव ,आदित्य यादव, रवि पासवान, बादल शाहदेव,संतोष साहू, राहुल साहू, सावन लोहरा, शंकर पासवान भी थे।

### मेरा माटी मेरा देश को लेकर निकली प्रभातफेरी



**भंडरा।** मेरा माटी मेरा देश पखवारा के तहत लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा एवं प्रोजेक्ट बशीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा के शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा निकल गई प्रभात फेरी में शामिल शिक्षा एवं छात्रों ने के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज, स्थानीय वीर शहीदों का चित्र, पंच प्रण प्रतिज्ञा थी। छात्रों ने देशभक्ति नारे लगाये। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर कुम्बा टोली में रोड थाना मोड होते हुए वापस विद्यालय परिसर में पहुंचा। इस संबंध में विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर सुधांशु ने बताया कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यालय को भी जोड़ा। गया है इसके तहत विद्यालय में प्रभात फेरी सहित अन्य प्रतियोगिता सहित अन्य कई कार्यक्रम करना है।

## कांग्रेस की नीति सिद्धांत से लोगों को अवगत करायें पार्टी कार्यकर्ता

- गघाघरा में कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क कार्यक्रम व बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क कार्यक्रम व बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के संगम बैंकट हॉल में आयोजित की गई। बैठक में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कांग्रेस प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत, विधानसभा को-ऑर्डिनेटर अजय साहदेव, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत, कांग्रेस एलडीएम नेसार अहमद शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बिशुनपुर जनसंपर्क प्रभारी सह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आप पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हो। कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जाएं और वहां के लोगों के बीच अपनी बातों को रखें। कांग्रेस गरीबों की हक आवाज किसानों का आवाज बनकर हमेशा खड़ी रहती है।



## संतोष लकड़ा बने केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक संतोष लकड़ा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का मुख्य विषय पूर्व की समिति को भंग कर नयी समिति का गठन करना और इस वर्ष की दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन था। बैठक में संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, मोहन दुबे, चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मित्तल सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में बैठक में पूर्व समिति को भंग करते हुए पुनः एक बार संतोष लकड़ा को सर्वसम्मति से केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति पूजा को भव्य और व्यवस्थित तरीके से एक सहयोगी के रूप में कार्य करता रहा है। यह एक परंपरा है। जिसमें हम सभी लोग सहयोगी के तौर पर समिति का सहयोग करते हैं और हर वर्ष माता रानी के भक्तों का भरपूर सहयोग रहा है।

## अखिल बारवे अंतर माध्यमिक स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

- बारवे उच्च विद्यालय और कोनबीर नवाटोली के बीच खेला गया उद्घाटन मैच
- प्रतियोगिता में कुल 30 टीमें ले रही है भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर के बारवे उच्च विद्यालय में चार दिवसीय अखिल बारवे अंतर माध्यमिक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद् सदस्य मेरी लकड़ा ने किया। वहीं मैच के पूर्व संत माइकल स्कूल की बच्चियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अपने स्वागत भाषण में स्कूल के प्राचार्य फादर राजेंद्र तिर्की ने जिले के सभी प्रखंड से आए विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फुटबॉल का यह खेल आपको सबका सम्मान करना और सबको साथ लेकर चलना सिखाता है। इस खेल से प्रेरित होकर विद्यार्थी इस बात को गहराई से समझ सकते हैं।



### डेंगू के बढ़ते प्रकोप से रोकथाम की मांग

**गुमला।** डेंगू के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम व शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार ने शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अनिल कुमार ने उपायुक्त से शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में मछर के दवा का छिड़काव करने व गंदगी की सफाई की अपील की। खासकर गली मुहल्लों एवं संकरी गली में बहुत ही कम साफ सफाई की जाती है। जिसके परिणामस्वरूप इन इलाकों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने बैठक कर बनायी मजबूती की रणनीति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्ष चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिला शाखा की एक बैठक होटल केतकी में समाज के संरक्षक मुनीन्द्र प्रसाद मनी बाबू अधिवक्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पुराने संयोजक मंडली को भंग कर नई संयोजक मंडली का गठन किया गया। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुनीन्द्र प्रसाद ने कहा कि लोहरदगा जिले का चंद्रवंशी समाज एकजुट है।

# मत्स्य पालकों के बीच कृषि विज्ञान केंद्र विशुनपुर ने बांटे मत्स्य बीज

- गुमला जिला की जलवायु मछली उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त : डॉ संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित निकरा परियोजना के तहत शुक्रवार को मत्स्य पालकों के बीच 32000 किलो मछली बीज का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर संजय कुमार ने किया। डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि मत्स्य पालन की संभावना गुमला जिला में काफी अधिक है। साथ ही साथ इस जिले की जलवायु मछली उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है। क्योंकि इस जिले में वार्षिक औसत वर्षा लगभग 1100 मिनी होती है एवं यहां के तालाबों में मछलियों के लिए पर्याप्त भोजन मिल जाता है। साथ ही पानी का पीएच भी मछली उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है आवश्यकता है उसमें थोड़ी देखभाल की। डॉ कुमार ने बताया कि इस जिले में मछली की मांग अधिक है क्योंकि यहां मछली उत्पादन लगभग प्राकृतिक रूप से होता है। जिसके कारण इनका स्वाद लोगों को काफी पसंद आता है। कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा मड़वा प्रभेद विरसा मडवा-3 (रागी) पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन भी किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को बिरसा मडवा 3 की विशेषताओं को किसानों के बीच में पहुंचना था और मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देना है।



मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज प्रदान करते डॉ संजय कुमार।

**खास बातें :** डॉ संजय कुमार ने किसानों को बताया कि मोटे अनाज की आवश्यकता इसलिए ज्यादा बढ़ रही है क्योंकि मोटे अनाज वाली फसले झारखंड की जलवायु के लिए काफी उपयुक्त है एवं इनमें विभिन्न प्रकार के पौष्टिक तत्व के कारण इसकी मांग आज बढ़ रही है। इस कार्यक्रम में अटल बिहारी तिवारी, शुभम कुमार दास, लालमोहन उरांव, भीम यादव के साथ-साथ 25 किसानों ने भाग लिया।

# ऐड़ादोन में बाल विवाह रोकने को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड के ऐड़ादोन में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक अध्यक्षता ग्राम प्रधान सूरज उरांव ने किया। सभा में उपस्थित पंचायत मुखिया सुमित्रा उरांव ने कहा कि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान लाने से निश्चित रूप से समाज में एक जागृति आएगी और इससे सुधार होगा।

पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत ने कहा कि आज के समय में भी बाल विवाह एक अभिशाप है जिसे दूर भगाने में ऐसी जागरूकता अभियान होने से बहुत हद तक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित उप मुखिया जगबंधन भगत ने कहा कि ग्राम सभा के साथ साथ संस्था द्वारा लोगों को जगाने का जो एक प्रयास जो किया गया है इसका सीधा लाभ समाज के अंदर आयेगा और बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का संकल्प जो लिया जा रहा है इससे नवयुवकों व नवयुवतियों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को विस्तृत रूप से लोहरदगा ग्राम स्वरोजगार संस्था के विक्रम कुमार ने बताते हुए कहा कि ग्राम सभा द्वारा आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के संकल्प लिया।



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## स्पीड न्यूज

### राशन डीलर ने अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं दी राशन



डीसी से मिलने जाते चंदन जायसवाल

**गढ़वा।** शहर के दीपुवा मुहल्ला वार्ड नौ की राशन डीलर दीप्ति हेलेन कुजूर ने कार्डधारियों से पिछले दो महीने का अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं दी। इससे आक्रोषित कार्डधारियों ने शुक्रवार को सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल के नेतृत्व में डीसी शेखर जमुआर को आवेदन देकर राशन डीलर की करतूतों की शिकायत की। मौके पर रामकुमार उपाध्याय, ललिता देवी, गीता देवी, राजकुमारी देवी, शीला देवी, कैलाश बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

### मरीज सदर हास्पिटल रेफर, जाने से किया इनकार



जांच करते डॉ कुलदेव

**रंका।** प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के सेमरखांड़ निवासी स्व.बुझावन सिंह के 26 वर्षीय पुत्र दुर्गा सिंह को गुरुवार की शाम शौचालय जाने के दौरान सांप काट लिया। गांव में ही झाड़-फूंक और जड़ी बूटी से इलाज कराने के बाद हालत बिगड़ते देख सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रंका लाया गया। वहां मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

### शौर्य जागरण रथ पहुंचा सिमरिया, विधायक ने किया स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद का शौर्य जागरण रथ शुक्रवार को सिमरिया पहुंचा। रथ के पहुंचने पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामलखन सिंह,बजरंग दल के संगठन मंत्री सतीश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह, सुजीत भारती सहित दर्जनों लोगों ने स्वागत किया।इस मौके पर अपने संबोधन में अलग अलग वक्ताओं ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है तथा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समस्त हिंदू समाज को आमंत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। रथ यात्रा पुराना ब्लॉक के पास से होते हुए सिमरिया चौक पहुंचा। पूरा वातावरण जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदे मातरम, देश का बल बजरंग दल आदि नारों से गूंजता रहा।

### बीडीओ व मुखिया ने लिया मुसहर जाति के आर्थिक स्थिति का जायजा



जानकारी लेते बीडीओ व मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** बीडीओ जयपाल महतो व मुखिया शैलेश चौबे ने चपरी पंचायत के वार्ड न.11 स्थित मुसहर टोला में पहुंचकर मुसहर जाति के परिवारो से उनकी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। साथ ही मुसहर जाति के परिवार का आधार कार्ड, पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया तेज की। ताकि उन्हें राशनकार्ड व आवास योजना का लाभ मिल सके। इस दौरान बीडीओ व मुखिया ने मुसहर जाति के प्रत्येक परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि इसके पूर्व भी कई लोगों का आधार कार्ड बनवाया गया था। साथ ही कई लोगों को पेंशन योजना से भी जोड़ा गया है। जो लोग छूटे हुए है उनका भी आधार कार्ड बनवाने का कार्य किया जा रहा है। आधार कार्ड नहीं बनने के कारण सरकारी लाभ लेने से मुसहर परिवार के लोग वंचित रह जा रहे थे। लेकिन अब सभी परिवार को आधार से जोड़ते हुए बहुत जल्द उन्हें सभी तरह की सरकारी सुविधा जैसे आवास, पेंशन, राशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जायेगी। मुसहर जाति के समक्ष पीने की पानी की समस्या को देखते हुए बीडीओ ने उपस्थित मुखिया से वार्ड न.11 स्थित सोलर जलमीनार व खराब पड़े चापाकल को अविलंब दुरुस्त कराकर उन्हें पानी मुहैया करने बात कही। मौके पर भवनाथपुर बीडीसी चंदन ठाकुर, पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद, रोजगार सेवक विष्णुकांत उरांव, कम्प्यूटर ऑपरेटर चंदन कुमार, ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

# दुधमुंहे बेटे को जिंदा जलाने का प्रयास, पिता और दादी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पत्नी से अनबन के कारण पति हेमराज साव और सास मलवा देवी ने अपने ही दुधमुंहे बच्चे को जिंदा जलाने का प्रयास किया। संयोग से गांव की एक महिला वहां पहुंच गयी और शोर मचाने लगी। शोर सुन गांववाले जुटे और दोनों आरोपी को पकड़ लिया। यह घटना चतरा जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के खैरा गांव की है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को हेमराज साव अपनी मां मलवा देवी के सहयोग से अपने ही दो माह के बेटे को चुपके से उठाकर पुराने घर में ले जाकर केरोसिन डालकर जलाने जा रहे थे। तभी गांव की महिला ने उसे देख लिया और उनकी साजिश बेनकाब कर दी। सूचना पाकर एसआइ रविंद्र सिंह खैरा गांव पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल से बच्चा का कपड़ा, चादर, केरोसिन का डब्बा बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया। इस संबंध में बच्चे की मां गायत्री देवी उर्फ कबूतरी देवी ने बताया कि वह अपने बेटे को घर के अंदर खाट पर सुलाकर काम कर रही थी। इस दौरान आरोपी पति व सास ने चुपके से बच्चे को उठाकर पुराना घर ले गये। उसने बताया कि ढाई साल पहले दोनों (पति व सास) ने मेरी छह माह की बेटी को इसी प्रकार जला कर मार डाला था। इस हत्या के आरोप में दोनों 18 माह तक जेल में रहे। कुछ माह पहले ही दोनों जमानत पर जेल से बाहर निकले हैं। उसने कहा कि मेरे पति और सास मुझे घर से निकल जाने को कहते हैं। मैं जब विरोध करती हूं तो दोनों मुझे प्रताड़ित करते हैं। गायत्री देवी ने कहा कि दोनों आरोपी बार-बार कहते थे कि बेटी की हत्या के बाद बेटा की हत्या कर देंगे। इसके बाद वह किसके सहारे जीयेगी।

## सिमरिया में सीओ ने नोएंट्री में गुजरते वाहन को पकड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** शुक्रवार को सिमरिया सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने दोपहर को नो एंट्री के दौरान सिमरिया से गुजर रहे वाहन को पकड़ा। वाहन के ड्राइवर को बुलाकर पूछताछ की।अपने चालक से वाहन का फोटो खिंचवाया।कहा कि जुमार्ना के लिए अनुशंसा की जाएगी।पर सीओ के गुजरने के बाद से ही कोयला ढोने वाले वाहनों का परिचालन जारी रहा। सिमरिया में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक कोल वाहनों के लिए नो एंट्री लगाया है।पर हकीकत यह है कि सिमरिया में दिन भर कोल वाहनों का परिचालन जारी रहता है।दर्जनों मौतें होने के बाद सिमरिया में ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रसाशन ने नो एंट्री लगाने का फैसला लिया था। सिमरिया अनुमण्डल पदाधिकारी एवं कोल कम्पनी के पदाधिकारी और सिमरिया थाना के संयुक्त बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर लिए गए निर्णय के अनुसार सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक कोल वाहन और भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाया गया था। परंतु यह प्रतिबंध महज दिखावा नजर आ रहा है। हर दिन कोयला लदे हाईवा बेधड़क चौक होकर गुजर रही है। अचरज की बात यह है कि बच्चों के स्कूल जाने और स्कूल में छुट्टी होने के दौरान भी कोल वाहनों का परिचालन जारी रहता है।इससे भी अचरज की बात यह है कि हर बैरियर पर चौकीदार तैनात हैं। लोगों का कहना है कि चौकीदार द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद ही कोयला वाहन चौक से पास करते हैं।ऐसे में बड़ी दुर्घटना की आशंका हमेशा सिमरिया में बनी रहती है। बहरहाल सीओ के इस कड़े रुख के बाद भी कोल वाहनों का परिचालन जारी रहने का लोग यह मतलब निकाल रहे हैं कि कोल वाहनों में प्रसाशन का कोई खौफ नहीं है।

## राशन कटौती के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जनवितरण प्रणाली दुकानों में राशन कटौती के खिलाफ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले कोडरमा प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इससे पूर्व तालाब पार्क से एक जुलूस निकाला गया, जिसमें राशन कटौती बंद करो, डीलरों पर कार्रवाई करो, कोडरमा जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करो, निर्माण मजदूरों को सुखाड़ राहत की गारंटी करो, निर्माण मजदूरों के लिए रोजगार योजना चालू करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। वहीं नागेश्वर दास की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए निर्माण कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि देश की जीडीपी में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान करने वाला निर्माण मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राशन डीलरों के द्वारा गरीबों के अनाज की चोरी हो रही है एवं जिला प्रशासन की कार्रवाई नगण्य है। अगर राशन कटौती पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन और तेज की जायेगी। वहीं सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि मजदूर वर्ग की सिर्फ घोर उपेक्षा नहीं बल्कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदलकर मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर जबरदस्त हमला किया जा रहा है। पिछले 9 वर्षों में इस मोदी सरकार ने मजदूर वर्ग पर जबरदस्त हमला किया है। इसके खिलाफ मजदूर वर्ग को एकजुट होकर इस जनविरोधी मोदी सरकार को सत्ता से हटाना होगा। वहीं सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से बीडीओ को ज्ञापन सौंपा एवं वार्ता किया। प्रदर्शन में शम्भु पासवान, राजेन्द्र पासवान, बद्री तुरी, तालेवर दास, सहदेव दास, बालेश्वर राम, मदीना खातुन, उषा देवी, शांति देवी, उर्मिला देवी, रूबी खातुन, प्रभा देवी, बद्री राम सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे।

### डीसी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज द्वारा नगर पंचायत कोडरमा और नगर परिषद् झुमरीतिलैया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों का समीकरण को लेकर विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने फरेंदा, माइकनेट, भादोडीह व अन्य स्थानों पर स्थित मतदान केंद्रों की जायजा लिया।

### शिविर में 80 दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता की जांच

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत लोचनपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांगता जांच शिविर लगाया गया। वहीं एलिम्को द्वारा आयोजित शिविर में डॉ. धनंजय, डॉ. अरुण यादव ने 80 दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता की जांच की। मौके पर बीइओ जगन्नाथ प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा, क्रांति कुमार चांद, जुलिता मिंज, निरंजन, राजू कुमार, बजरंगी सिंह, जयमंगल कुमार आदि मौजूद थे।

## कोडरमा में शौर्य जागरण रथ यात्रा एक अक्टूबर को, होगा भव्य स्वागत

**कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद कोडरमा नगर की बैठक शुक्रवार को बरनवाल सेवा सदन में हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संजीव समीर एवं संचालन नगर मंत्री आरके बसंत ने किया। बैठक में प्रस्तावित शौर्य जागरण रथ यात्रा जो 1 अक्टूबर कोडरमा पहुंचेगी के भव्य स्वागत का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 8 अक्टूबर को रांची में होने वाले धर्म सभा पर भी चर्चा की गई। बैठक में अभिनव पाठक, प्रवीण चंद्रा, राजू यादव, रवि शंकर, रितेश सिंह, आदित्य पांडेय, पवन कुमार गुप्ता, राजू साहू मौजूद थे।

### कोडरमा जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की तारीख घोषित

**कोडरमा।** जिला अधिवक्ता संघ का 2 वर्षीय चुनाव 2022-25 की तारीख की घोषणा की गई। 12 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा एवं 13 अक्टूबर को प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। अधिवक्ता संघ चुनाव प्रक्रिया में अधिवक्ता प्रकाश राम चुनाव पदाधिकारी बनाए गए हैं।

### राजद नेता का 19वीं पुण्यतिथि मनी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जनहित में अपना संपूर्ण जीवन व्यतित करने वाले मुर्कमनाय पंचायत के भूतपूर्व मुखिया सह राजद नेता स्व. खूबलाल सिंह यादव की 19वीं पुण्यतिथि बरियाडीह स्थित नौका अहार स्थित स्मारक पर उनके पुत्र तथा उपस्थित ग्रामीणों ने चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। वहीं उनके पुत्र अरुण यादव व अजय यादव ने बताया की स्व. खुबलाल सिंह यादव 1978-2004 तक मुखिया के तौर पर पंचायतवासियों के लिए समर्पित रहे।

## आयकर विभाग द्वारा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में सेमिनार का आयोजन



**कोडरमा।** आयकर विभाग बोकारो द्वारा टीडीएस, टीसीएस, वार्ड विषय पर सेमिनार का आयोजन प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय कोडरमा सभागार में किया गया। जिसमें आयकर अधिकारी कमलेश कुमार सिन्हा द्वारा टीडीएस, टीसीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। वहीं शिक्षा पदाधिकारी एवं सरकारी विद्यालय के डीडीओ, कटौतीकर्ता उपस्थित हुए। वहीं आयकर अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से सही दर पर टीडीएस काटने, उसे सरकारी खाते में समय अवधि में जमा करने व निश्चित समय पर त्रिमासिक रिटर्न दाखिल करने को कहा। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि गलत जानकारी दाखिल किये जाने के कारण कर्मी को आयकर रिटर्न भरने में परेशानी होती है, साथ ही उनके ऊपर आयकर का बकाया भी हो जाता है, जबकि उनका टैक्स कटौतीकर्ता (डीडक्टर) द्वारा पहले ही काटकर भुगतान किया जा चुका होता है। इस सेमिनार में टीडीएस, टीसीएस के नए प्रावधानों और आयकर की कटौती न करने एवं जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन आयकर निरीक्षिक मनोज कुमार झा द्वारा किया गया।

### स्वच्छता ही सेवा पर बापू के विचार : सैनिक स्कूल तिलैया के सैन्य छात्रों ने की चर्चा

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया के सैन्य-छात्र, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, भारत सरकार द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ भागीदारी कर रहे हैं। वहीं शुक्रवार को मॉर्निंग असेंबली के दौरान सैन्य-छात्रों ने स्वच्छता ही सेवा है विषय पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों को सहेजा और गांधी-दर्शन की चर्चा की। मौके पर ड.सुरेश प्रसाद सिंह, राहुल सकलानी, लालनुन सियामा, अनंत कुमार श्रीवास्तव, शैक्षिक व प्रशानिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## कृषि मंत्री ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** परिसदन सभागार में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री बादल पत्रलेख ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा किया गया। उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि गौशालाओं में पशु मेला का आयोजन कर दवा का वितरण करेंगे। उन्होंने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए बीज उठाव, कंप्यूटरजेशन ऑफ पैक्स को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये, साथ ही कृषि ऋण माफी योजना और सूखाड़ राहत योजना को लेकर कृषि पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी रामसरीक प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार, पणन सचिव अभिषेक आनंद व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### शराबंदी को लेकर भोजपुरी फिल्म गौरीशंकर की हुई शूटिंग

**कोडरमा।** भोजपुरी फिल्म गौरीशंकर की शूटिंग सहाना कैम्पस में हुई। इस फिल्म के निर्देशक सुनील पांडेय, निर्माता अविनाश झा, मुख्य कलाकार कुलदीप कुमार, सीपी भट्ट, भास्कर कुमार, रीना मौर्या, डीओपी संतोष सिंह हैं। वहीं निर्माता अविनाश झा ने बताया की हमारे बिहार राज्य में शराबबंदी कानून पूर्ण रूप से लागू है। जिसके बाद भी लोग चोरी चुपके से शराब बनाते हैं। जिस कारण कई लोगों की जाने जाती हैं।

## झामुमो जिला कमेटी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी की एक बैठक डोमचांच मेहता भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने की। बैठक का संचालन झामुमो जिला सचिव श्यामदेव यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूती प्रदान करने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बैठक में जिला एवं प्रखंड कमेटी समेत सभी मोर्चा के पदाधिकारी के बीच झारखंड सरकार 3 साल बेमिसाल के साथ-साथ सदस्यता फॉर्म का वितरण किया गया। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा में 50 हजार नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारी को अनुशासनात्मक एवं जिम्मेवार झामुमो सिपाही के रूप में समर्पित भाव से पार्टी को मजबूत बनाने के क्षेत्र में कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव ने कहा कि पिछले दो विधानसभा चुनाव में बरकट्ठा विधानसभा एवं कोडरमा विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल के अगुवाई में लड़े गए चुनाव का परिणाम देखा जा चुका है। इस बार संभवतः बरकट्ठा एवं कोडरमा विधानसभा समेत कोडरमा लोकसभा आगामी चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगी। मौके पर बैजनाथ मेहता, बेबी देवी, राखी देवी, बसंती देवी, दिलीप कुमार गुप्ता, छोटू यादव, गोविंद प्रसाद बिहारी, मो.नौशाद, प्रदीप कुमार चौधरी, शैलेंद्र सिंह, आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल,भवन निर्माण विभाग,राँची**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–18 वर्ष 2023–24**
**(2nd Call P.R. No. 307304 Building(23-24):D)**

नई दिल्ली, बसंत विहार स्थित झारखण्ड भवन में दो अदद ओटिस मेक अधिष्ठापित लिफ्ट (Machine No. T000548/49) (छः पैसंजर हेतु) के वार्षिक रख–रखाव दिनांक 01 अक्टुबर 2023 से दिनांक 30 सितम्बर, 2024 तक) के लिए प्रतिष्ठित कम्पनीयों/अनुभवी पंजीकृत एजेंसीयों के द्वारा मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 06.10.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कोटेशन प्राप्त की जायेगी तथा उक्त तिथि को ही 3.30 (तीन तीस बजे) अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके कार्यालय में कोटेशनदाता के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक कोटेशनदाता को कोटेशन की राशि का 5% प्रतिशत अग्रधन के रूप में (राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र आठवा निर्गम/Fixed deposits of a Scheduled Bank/ Bank Guarantee issued by any Scheduled Bank anywere in India कार्य समाप्ति की अवधि तक) मुहरबंद लिफाफे में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, विशेष कार्य प्रमण्डल, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञित कराकर देना होगा। कोटेशनदाता कोटेशन डालने से पहले स्थल निरीक्षण कर सकते है। कोटेशन को अधोहस्ताक्षरी को किसी भी समय स्वीकृत/रद्ध करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार का शर्त स्वीकार नहीं होगा। कोटेड दर में सभी प्रकार का कर एवं परिवहन भत्ता शामिल रहेगा। कोटेशनदाता को लिफ्ट संबंधी रख–रखाव का अनुभव होना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार की विशिष्टियों आदि की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती हैं।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0,राँची

PR 308007 Building(23-24).D



**झारखंड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :- 17/2023-24/RWD/EE/BOKARO दिनांक –29.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ BOKARO/ 01/2023-24 | फुटकाडीह से स्नेहगढ़ा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.250 कि0मी0)। | 2,26,06,800.00 | दो करोड़ छब्बीस लाख छः हजार आठ सौ रू0 मात्र | 9 माह |
| 2 | RWD/EE/ BOKARO/ 02/2023-24 | कोनारबेड़ा से अरारी तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.700 कि0मी0)। | 1,72,08,100.00 | एक करोड़ बहत्तर लाख आठ हजार एक सौ रू0 मात्र | 9 माह |
| 3 | RWD/EE/ BOKARO/ 03/2023-24 | धनघरवा से तुयूओ तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.250 कि0मी0)। | 1,90,21,800.00 | एक करोड़ नब्बे लाख इक्कीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 9 माह |
| 4 | RWD/EE/ BOKARO/ 04/2023-24 | मडवाटांड से कानीडीह दामोदर पुल तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.900 कि0मी0)। | 2,55,69,700.00 | दो करोड़ पचपन लाख उनहत्तर हजार सात सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 5 | RWD/EE/ BOKARO/ 05/2023-24 | कुशलबंधा से छेछरा चौक भाया भुलन खेतको तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 3.100 कि0मी0)। | 2,34,27,700.00 | दो करोड़ चौंतीस लाख सत्ताईस हजार सात सौ रू0 मात्र | 9 माह |
| 6 | RWD/EE/ BOKARO/ 06/2023-24 | चाँदो पंचायत कुरबाटांड मेन रोड से बिरहोर बेड़ा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.900 कि0मी0)। | 1,59,61,000.00 | एक करोड़ उनसठ लाख इकसठ हजार रू0 मात्र | 9 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 11.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, बोकारो में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 25.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखंड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (25.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.10.2023 अपराह्न 03.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119
9. निविदा शुल्क झारखंड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राश्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो के पक्ष में एवं बोकारो में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो

PR 307981 REO(23-24)#D

# एनएच-75 फोर लेन के भूमि अधिग्रहण को लेकर हुई ग्राम सभा, नहीं बनी बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार भूअर्जन शाखा लातेहार द्वारा एनएच-75 फोर लेन कुडू से उदयपुरा तक बाईपास एवं सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित कागजात जमा करने को लेकर चेटर पंचायत सचिवालय प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, सीआई ऋषि देव कमल, भूअर्जन अमीन अजय वुश्वकर्मा, प्रधान लिपिक गोवर्धन राम, राजस्व उपनिरीक्षक महेश राम मौजूद थे। लेकिन ग्रामीण के विरोध के कारण ग्राम सभा पूर्ण नही हो पाई। ग्रामीणों ने अपनी मांगो को लेकर लिखित मांगपत्र अंचलाधिकारी को सौंपा व ग्राम सभा को एक सिरे से खारिज कर चले गए। सभा के दौरान अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने ग्रामीणों के समझाने का प्रयास करते हुए कहा कि आपलोगो की जो भी आपत्ति व समस्या है लिखित में दीजिये, आपकी समस्याओं का निराकरण निकालने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा रैयतों को किसी प्रकार की सूचना दिए वैगर फोरलेन निर्माण के लिए खुटगाडी कर दिया गया है जो गलत है, साथ ही आहूत ग्राम सभा को लेकर किसी रैयत को नोटिस दिया गया है। रैयतों ने कहा कि प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से पहले प्रत्येक रैयत को नोटिस किया जाए, जिसमें कितनी जमीन जा रही व कितना मुआवजा मिलेगा, इसकी जानकारी उसमें उल्लेखित होनी चाहिए। इसके साथ ही हाल सर्वे में हुई त्रुटि में सुधार करने की मांग भी अंचलाधिकारी से की। जिस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि जमीन संबंधित त्रुटियों में सुधार के लिए अंचल कार्यालय तत्पर है जो भी समस्या है उसको लिखित में दें समाधान निकाला जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सरदार सिंह, पंसस शंकर गंझू, ग्राम प्रधान बुधन गंझु, जगन्नाथ गंझु समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे। इधर भू-अर्जन कार्यालय द्वारा आहूत ग्राम सभा में आलोक में ग्रामीणों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता पंसस शंकर गंझु ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से रैयतों के हित को ध्यान में कई निर्णय लिए गए, जिसकी प्रतिलिपि सीओ को सौंपा गया। सौंपे गए मांग पत्र में जमीन संबंधित मुआवजा रैयतों के साथ बैठकर तय करने, जिसमें सभी रैयतों की सहमति अनिवार्य होगी, जमीन पर जो मकान, कुआं, पेड़,पौधे है उसकी क्षति का मुआवजा क्या होगा? इसकी जानकारी रैयतों को दी जाए, शिविर लगाकर हाल सर्वे में हुई जमीन संबंधित त्रुटियों का सुधार करने समेत कई बातें उल्लेखित है। बैठक में लटदाग, रूद व नवाड़ी के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।


ग्राम सभा में उपस्थित लोग।

स्पीड न्यूज

## बोलेरो के चकमा देने के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर जिलिंगा ग्राम के पास शुक्रवार को बोलेरो के चकमा देने के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रियंका कुमारी 18 वर्ष पिता बिजेंदर राम, मालती देवी 36 वर्ष पति बिजेंदर राम,राहुल कुमार 23वर्ष पिता सूरज साव सभी ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए राहुल कुमार ने बताया हमलोग मोटरसाइकिल से बालूमाथ आ रहे थे। इसी दौरान जिलिंगा ग्राम के पास कुत्ता को बचाने के क्रम में आगे जा रही बोलेरो ने चकमा दे दिया। जिससे हमलोग बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहाँ से गुजर रहे चतरा निवासी मो. अफरोज कुमार और मो. इम्तियाज ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल मालती देवी को बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेला में किशोरी स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य टीबी, मलेरिया, डायबिटीज जांच सहित कई स्टॉल लगाए गए थे। जहां मरीजों की जांच की गई और दवा दिया गया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने कई जानकारी दी। मौके पर डॉक्टर चन्द्रमणि भोक्ता, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. धुर्व कुमार, कमन्युटी हेल्थ ऑफिसर वालनिस कुजूर, अनु किरण, एसटीसी राजीव रंजन, एमपीडब्ल्यू दीपांशु कुमार, अनिल कुमार, मिथलेश कुमार, एएनएम जयरानी देवी, रीता टोप्पो, एम्बुलेंस चालक मो. अफरोज सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता का दौरा

**बालूमाथ।** बालूमाथ में भाजपा की संकल्प यात्रा आगामी 3 अकटुबर को जोगियाडीह मैदान में निर्धारित है। जिसकी तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने बिरसा मैदान जोगियाडीह पहुँच कर जायजा लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें गर्म जोसी के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं होटल देव इन मे भाजपा कार्यकताओं के साथ एक बैठक की और कार्यकताओं को कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा कि जेएमएम की सरकार में अराजकता की स्थिति उत्पन्न है। इस राज्य में भय, भूख और भ्रष्टाचार से जनता परेशान है। जिसे लेकर झारखंड का प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जनता के बीच जा रहे हैं और उनके दुख दर्द में शामिल होकर उनके साथ संकल्प ले रहे हैं कि कैसे इन सब समस्या से छुटकारा मिल सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा के सभी सक्रिय कार्यकर्ता जोरों पर लगे हुये है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक प्रकाश राम, मुकेश सिंह, चेतलाल रामदास, शैलेश सिंह, संजय गुप्ता, छोटू राजा, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, अमित कुमार रामकुमार गुप्ता, सूरज शाह, संजीव सिंन्हा, अखिलेश भोक्ता समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, तीन बच्चे झुलसे

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत रूद ग्राम में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई जब की तीन बच्चे घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक अमर भुईयां (9)पिता सोमर भुईयां, सुलेखा कुमारी (10)पिता विष्णू भुईयां, सरस्वती कुमारी(11) पिता अंतू भुईयां सभी ग्राम रूद वहीं ग्राम चाया बोधाडीह थाना कुंदा चतरा निवासी संतोष भुईयां की दस वर्षीय पुत्र श्रवण भुइंया सभी चारो बकरी चराने गए थे। आचनक मौसम का मिजाज बदल गई और बारिश होने लगी, बारिश से बचने के लिए पेड़ के पास चारो बच्चे चले गए पेड़ के पास बचने के क्रम में आचनक बज्रपात हो गई। जिससे चारो बच्चे घायल हो गए, जिसमे ग्राम चाया बोधाडीह थाना कुंदा जिला चतरा निवासी श्रवण भुईयां उम्र 10वर्ष की स्थित नाजुक बन गई, आनन फानन ग्रामीणों ने देशी उपचार के उद्देश्य से घायल श्रवण के शरीर पर गोबर का लेप लगाया। लेकिन दम वहीं तोड़ दिया। अचानक इस तरह हुए हादसे के बाद परिजोने मे मातम पसार गया है।

## दो बाइकों के बीच टक्कर में चार घायल, दो की स्थिति चिंताजनक

**चंदवा।** एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप शुक्रवार की दोपहर दो बाइक के बीच टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना दोनो बाइक में सवार 4 लोग घायल हो गए। सामाजिक कार्यकर्ता विजय दुबे के पहल पर चारो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया। जहां चारो घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की पहचान संतोष यादव, झमन यादव व सुजीत कुमार यादव एवं महेश उरांव के रूप में हुई। संतोष यादव व झमन यादव बाइक से इंदिरा चौक से चकला की ओर जा रहे थी, इसी दौरान तेज गति से आते हुए दूसरे बाइक पर सवार सुजीत कुमार उरांव व प्रदीप उरांव ने पीछे से चपेट में ले लिया।

## मनिका प्रखंड में ग्राम स्वराज मजदूर संघ ने निकाली आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में ग्राम स्वराज मजदूर संघ के बैनर तले विभिन्न गांव से प्रभावित बच्चों एवं उनके अभिभावकों के द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई रैली की शुरूआत हाई स्कूल से किया गया और मुख्य सड़क होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंच कर रैली आमसभा में तब्दील हो गई। रैली में शामिल लोग और बच्चे अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे तख्तियों में क्या चाहता है लातेहार, शिक्षा का अधिकार। राष्ट्रपति का बेटा हो या गुलगुलिया की संतान, सबको शिक्षा एक समान। बाल बुतरु की एक ही पुकार, शिक्षा का हो मूल अधिकार। बोझिल शिक्षा खारिज करो काबिल शिक्षा हाजिर करो आदि लिखा हुआ था। वहीं प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ज्याँ द्रेज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसको हर हाल में पूरा करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह बच्चों के साथ बहुत ही बड़ी नाइंसाफी है कि उन्हें ऐसे स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है जहां टीचर हीं नहीं है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से वंचित करना एक हिसाब से देश को कमजोर करना है क्योंकि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं यह स्थिति अकेले मनिका की नहीं है बल्कि पूरे राज्य की है। वहीं सभा का संचालन प्रेमा तिग्गा ने किया। मौके पर ग्रामीण मनोज सिंह,संतोष सिंह,बीना देवी,सकलदीप सिंह,छात्रा पायल कुमारी,यमुना देवी,तथा ग्राम स्वराज मजदूर संघ की तरफ से श्यामा सिंह,नेमी देवी,जुगेश्वर सिंह,लालबिहारी सिंह,दिलीप रजक,समेत अन्य कई लोगों ने संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में पटना के लोक गायक मनोज सिंह ने जागरूकता गीत पेश किया और श्यामा सिंह के द्वारा अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित मांगो के समर्थन में झारखंड के मुख्यमंत्री को लिखा गया पत्र सभा में पढ़ कर सभी को सुनाया गया।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## 11 हजार वोल्ट का बिजली करंट कस्तूरबा विद्यालय में फैला, मची अफरातफरी

खबर मन्त्र संवददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्तिथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में शुक्रवार को इगारह हजार वोल्ट बिजली करंट पूरे विद्यालय परिसर में फैल गया। जिससे विद्यालय के पंखा, बोर्ड एवं सभी कमरों में बिजली प्रभावित हो गई एवं पूरे विद्यालय में पंखा बोर्ड तार व बिजली के कई उपकरण तेज आवाज के साथ फटने लगा एवं पूरे विद्यालय में अफरा तफरी का मच गया। विद्यालय में विद्युत तार प्रभावित होने के कारण उसकी चपेट में आने से सपना कुमारी 16 वर्ष पिता सुरेश यादव ग्राम चंदली थाना बालूमाथ, रीमा कुमारी 15 वर्ष पिता विजय कुमार महतो ग्राम हेबना कक्षा 10, सचिना कुमारी 10 वर्ष पिता हरिलाल उरांव ग्राम बालबाल थाना बालूमाथ कक्षा 6 झुलस कर घायल हो गई। घटना की सूचना बालूमाथ अस्पताल प्रबंधन को दी गई। उसके बाद बालूमाथ अस्पताल का एम्बुलेंस भेज कर घायल छात्राओं को बालूमाथ अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाइक द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद तीनों छात्राओं को बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। वहीं अस्पताल के एम्बुलेंस से ही तीनों बच्चियों को लातेहार भेजा गया। इस संबंध में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन शिखा कुमारी ने कहा कि कैसे शार्ट सर्किट हुआ यह बिजली विभाग बता सकता है हम कुछ नही बता सकते हैं।



## राजा मेदिनी राय तर्पण एवं चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर की गयी बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित सूरज देव सिंह के आवास पर दिन शुक्रवार को राजा मेदनी राय युवा मंच पलामू प्रमंडल के द्वारा राजा मेदिनी राय तर्पण कार्यक्रम एवं चेरो मिलन समारोह को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनिका निवासी सुरेंद्र सिंह ने किया। वहीं बैठक में सभी के सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 अक्टूबर रविवार को सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया स्थित औरंगाबाद नदी के तट पर शिव मंदिर के प्रांगण में राजा मेदनी राय तर्पण कार्यक्रम एवं चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा और कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में लोग भाग लेंगे। वहीं बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित चेरो समाज के कमेटी संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि 8 अक्टूबर को राजा मेदिनी राय तर्पण कार्यक्रम एवं चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आज बैठक किया गया। वही सभा का समाप्ति एवं धन्यवाद ज्ञापन रमेश सिंह चेरो ने किया। मौके पर प्रमंडलीय अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, करीमन सिंह, सचिव गुरु सिंह, मीडिया प्रभारी विनय सिंह, मनोज सिंह, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, विजय सिंह, भिखारी सिंह, सदस्य सुरेश सिंह उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित लोग।

## आदिवासियों के अधिकार पर अतिक्रमण हुआ, तो होगा आंदोलन : कन्हाई सिंह

खबर मन्त्र संवाददातता

बरवाडीह। प्रखण्ड स्तरीय आदिवासी समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को पुराने ब्लॉक परिसर बरवाडीह में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रभारी जानकी सिंह खरवार ने किया। बैठक में आदिवासी समुदाय के चार उपजाति के खरवार, मुंडा, कोरवा और चेरो समाज के लोग उपस्थित थे। जहां बैठक में उपस्थित जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि आदिवासियों के अधिकारों पर लगातार अतिक्रमण हो रहा हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज वन अधिकार कानून लागू हुएं 17 साल हो गया फिर भी आदिवासियों को वन पट्टा देने में विलंब किया जा रहा हैं। जिले में ग्रामीणों द्वारा सभी नियमावली को पूरा करने के बावजूद भी वन पट्टा उपलब्ध नहीं किया जा रहा हैं, बल्कि उल्टे आदिवासियों के अधिकारों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिप सदस्य ने कहा कि आदिवासियों को एकजुट होते हुए, संवैधानिक रूप लड़ने की जरूरत है। मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, सेलेस्टीन कुजूर, बिरसा मुंडा, विकास उरांव और लाल मोहन सिंह ने भी अपनी बातों को प्रमुखता के साथ रखें। वहीं बैठक में हेलारियुस चम्पीया, प्रमेशवर सिंह, गणेश सिंह, भुनेश्वर सिंह, राजदेव सिंह, चतगुण कोरवा, जोसेफ सुरीन, जयप्रकाश सिंह, अमरनाथ सिंह, मोहन सिंह, उदेश्वर सिंह, आदर सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सुरेश सिंह चेरो, पुरण सिंह, सोमारू सिंह खरवार और केदार सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित आदिवासी समाज के लोग।

एक नजर में

## श्रम नियोजन मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने हेरहंज का किया दौरा, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**हेरहंज।** श्रम नियोजन मंत्री झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता का हेरहंज भण्डार चौक में हेरहंज के युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागकर्ता में मुख्य रूप से अमित गुप्ता, गोलू गुप्ता, अरविन्द यादव,जितेन्द्र यादव,दीपनारायण यादव,मनीष गुप्ता, सोनू गुप्ता, चन्दन कुमार, रौशन कुमार, अंकित कुमार, बिक्की कुमार, रिंकू यादव,संजय यादव,रिशु गुप्ता सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।युवाओं से बात करते हुए मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आपलोग से मिलकर बहुत अच्छा लगा। आपलोग से आग्रह है कि इस बार 75 वर्ष के इतिहास को बदलने की जरूरत है।सभी लोग संकल्प के साथ इस बार स्थानीय उमीदवार को सपोर्ट करें और नया इतिहास रचें।हमेशा से चतरा लोक सभा क्षेत्र बाहरियो के लिये रहा है। बाहरी लोग इस क्षेत्र में राज किये हैं। लोकल को लाव और बाहरी को हटाव इसी के साथ हमलोगों को इस बार बदलाव लाना है और लोकल प्रत्याशी को जीताकर दिल्ली पहुंचना है। जिससे इस लोक सभा का बेहतर विकास हो पाए।


मंत्री का स्वागत करते लोग।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत चंदवा सीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेला सह रक्तदान शिविर


शिविर में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थय केंद्र चंदवा में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थय मेला व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद डीआरसीएचओ लातेहार, एसीएमओ डा. शंभूनाथ चैधरी, बीडीओ विजय कुमार, डा. अखिलेश्वर प्रसाद आदि ने आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थय मेले का लाभ उठाने की अपील आम लोगों से की। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनों तक स्वास्थय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मौजूद लोगों से इसे सफल बनाने की अपील करते गांव के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक संबंधित जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। सीएचसी प्रभारी डा. नीलिमा कुमारी व डा. मनोज कुमार ने लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। डा, तरूण जोश लकड़ा व कंचन बाड़ा ने आयुष्मान भवः कार्यक्रम को जनता के लिए हितकारी बताया। इस बीच आयुष्मान कार्ड संबंधी जानकारी लोगों को दी गई। फाइलेरिया किट का वितरण किया गया। 13 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर आशीश डीन, मीरा केशरी, प्रवीण भोला, रवि मिश्रा, सुमित कुमार, रमेश राम, चंदन कुमार, सोएब अख्तर, प्रभु कुमार, राजा, सौरव समेत अन्य स्वास्थयकर्मी मौजूद थे।

## बारियातू पुलिस ने पलामू के केदल ग्राम में टीएसपीसी उग्रवादी के घर चिपकाया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातु।** बारियातू पुलिस ने कांड संख्या 207/22 व 155/22 के प्राथमिकी अभियुक्त पलामू जिला अंतर्गत मनातु थाना के केदल ग्राम निवासी टीएसपीसी संगठन के उग्रवादी शशिकांत जी उर्फ आरिफ जी उर्फ उदय सिंह पिता स्व हरि सिंह के घर जाकर बुधवार को विधिवत इश्तेहार तमिल किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ थाना (वर्तमान थाना बारियातू) कांड संख्या 207/22 व 155/22 के प्राथमिकी अभियुक्त टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के शशिकांत जी उर्फ आरिफ जी उर्फ उदय सिंह पिता स्व. हरि सिंह साकिन केदल थाना मनातू जिला पलामू के घर माननीय न्यायालय के द्वारा उक्त अभियुक्त का इश्तेहार निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में बुधवार को पुलिस अवर निरीक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक निरज दुबे एवं शस्त्र बल के द्वारा केदल पहुँच कर स्थानिय थाना के सहयोग से प्राथमिकी अभियुक्त के घर विधिवत इश्तेहार तामिल किया गया।

## छिपादोहर पुलिस ने जेजेएमपी के एरिया कमांडर रितेश सिंह को किया गिरफ्तार

- जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त इनपुट पर छिपादोहर पुलिस ने की कारवाई
- छिपादोहर थाना क्षेत्र का रहने वाला था एरिया कमांडर रितेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल हुई हैं। पूरे मामले के संबंध में शुक्रवार को छिपादोहर थाना में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी संगठन के एरिया कमांडर रितेश सिंह 33, पिता स्व.सीताराम सिंह, हथियार के साथ अपने घर पर आया हुआ हैं। जानकारी मिलते ही जिला पुलिस कप्तान द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा कर रहे थे। वहीं श्री लोहरा के सफल नेतृत्व में छिपादोहर के भट्ठी मोहल्ला स्थित एरिया कमांडर रितेश सिंह के घर पर छापामारी करते हुए रितेश सिंह को प्रतिबंधित काबाइन हथियार मैगजीन लगा हुआ और साथ में दो 9 एमएम का जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संदर्भ में छिपादोहर थाना कांड संख्या 32/2023 के साथ विभिन्न धाराओं में सीएलए एक्ट दर्ज किया गया हैं। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रितेश सिंह कई अन्य मामलों में भी वांछित है। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वहीं छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के साथ सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि रंजित कुमार, सअनि राजेश कुमार और बीरबल हांसदा के साथ सशत्र बल छिपादोहर और आईआरबी 01 के जवान शामिल थे।

लोहा चोरी करते पकड़े गये चोर की निशानदेही पर चंदवा पुलिस ने की कार्रवाई

# चोरी के स्क्रैप की खरीदारी करते कबाड़ी संचालक गिरफ्तार, गया जेल

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश के आलोक में बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदवा पुलिस की टीम ने चंदवा के तिलैयाटांड स्थित कबाड़ी दुकानदार मो. शकील अंसारी पिता स्व. सफीक आलम को चोरी का अल्युमिनियम पैनल के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा एक स्क्रैप चोर मो. फैजा अंसारी पिता अनवर अंसारी (तिलैयाटांड़) को चोरी का अल्युमिनियम पैनल लोड बाइक के साथ पकड़ा गया था, उसके निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कबाड़ी दुकान से चोरी का अल्युमिनियम पैनल बरामद किया। अभियान के दौरान पुलिस की टीम ने लगभग 170 किलो एल्यूमीनियम पैनल, दो बाइक भी बरामद किया है। मामले में कांड संख्या 194/23 में विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज कर चंदवा पुलिस ने गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया। इधर पुलिस के उक्त कार्रवाई के बाद स्क्रैप माफियाओं, कबाड़ी संचालकों में हड़कंप व्याप्त है।

### सुरक्षा अधिकारी पर हमले के बाद से एक्शन में है प्रशासन

बता दे कि बीते दिनों चंदवा के बाना चकला स्थित अभिजीत प्लांट में सिक्योरिटी इंचार्ज सुरेश श्रीवास्तव पर स्क्रैप चोरों के द्वारा जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल किए जाने की घटना के बाद से ही प्रशासन एक्शन में है। प्रशासन के द्वारा स्क्रैप चोरों, माफियाओं एवं चोरी का स्क्रैप खरीदने वाले कबाड़ी संचालको पर लगातार कार्रवाई कर रही है। विदित हो कि कुछ माह पूर्व चकला प्लांट से बड़े पैमाने पर स्क्रैप की चोरी कर तस्करी का धंधा फल फूल रहा था, प्रतिदिन दर्जनों गाड़ी स्क्रैप की चोरी होती थी लेकिन स्क्रैप चोरी का मामला तूल पकड़ने के बाद वर्तमान समय में यह धंधा बड़े वाहनों से सिमटकर छोटे दोपहिया वाहन व स्कॉर्पियो, कार,जीप, टेंपो समेत ऐसे वाहन जिस पर प्रशासन का शक न जाये उस से तस्करी की जा रही है। इस गोरखधंधे में संलिप्त कई लोगो ने अकूट संपति भी अर्जित कर ली है बड़े पैमाने पर।

## दुर्गा पूजा को लेकर नगर पंचायत के प्रशासक ने की बैठक

**लातेहार।** दुर्गा पूजा व श्रीरामचरित मानस नवाह्नय परायण पाठ महायज्ञ को लेकर नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन की अध्यक्षता में पूजा संघों के अध्यक्ष व सचिवों की एक बैठक आयोजित की गयी। प्रशासक रंजन ने पूजा पंडालों को हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने पूजा पंडालों में कम से कम दो सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रोस्टर बनाकर करने की बात कही। इसके अलावा शहर के सभी खराब स्ट्रीट लाईटों को दुरूस्त कराने की भी बात उन्होंने कही। बैठक में श्रीराम चरित मानस नवाह्नय परायण महायज्ञ समिति के महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष समिति के द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रमों का शुभारंभ 14 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। उन्होंने इसके पहले महायज्ञ एवं आस-पास के स्थलों की साफ-सफाई कराने का आग्रह किया।

स्पीड न्यूज

## पटना से होकर गुजरने वाली 18 ट्रेनों को किया गया रद्द

**पटना।** यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालन सुगमता के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग और तीसरी लाइन के कमीशनिंग के लिए 29 सितंबर से 11 अक्टूबर तक प्री एनआई और 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक एनआई कार्य किया जाना है। राउरकेला यार्ड रिमाडलिंग होने के बाद यहां पर लाइन और प्लेटफार्म की संख्या बढ़ जायेगी। साथ ही तीसरी लाइन के निर्माण से लाइन क्षमता में विस्तार होने के फलस्वरूप अधिक गाड़ियों का संचालन होगा। गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा। इसी के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने या गुजरने वाली 18 ट्रेनों का परिचालन रद्द, 04 ट्रेनों का आंशिक समापन/प्रारंभ, 01 ट्रेन का मार्ग परिवर्तन और 01 ट्रेन को पुनर्निधारित समय पर चलाया जायेगा।

## ग्राम प्रधान/मांझी संगठन ने किया धरना प्रदर्शन

**दुमका।** ग्राम प्रधान/मांझी संगठन ने मांगो को लेकर पुराने समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता संताल परगना प्रमंडलीय अध्यक्ष भीम प्रसाद मंडल ने की।संगठन ने धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा।

## सीडब्ल्यूसी ने मंद बुद्धि बालक को उसके परिवार से मिलाया

दुमका। बाल कल्याण समिति के प्रयास से काठीकुण्ड इलाके का रहनेवाला 14 वर्षीय मंद बुद्धि बालक को उसका परिवार मिल गया है। यह बालक दुमका के दिग्घी (विवि) ओपी क्षेत्र में भटकता हुआ मिला था जिसे पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के समक्ष 25 सितम्बर को प्रस्तुत किया था। बालक अपना नाम या पता बताने में सक्षम नहीं था। समिति ने बालक को बालगृह में आवासित करते हुए उसका फोटो जारी कर अभिभावक की तलाश शुरू कर दी थी। इस बीच बालक को मिर्गी का दौरा पड़ा तो उसे इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गयी। शुक्रवार को बालक के पिता गांव के लोगों के साथ समिति के कार्यालय पहुंचे।

## पांच किशोरों को परिवार में किया गया रिस्टोर

दुमका। सीडब्ल्यूसी ने शुक्रवार को चार किशोरियों एवं एक किशोर को उनके परिवारों में पुर्नवासित (रिस्टोर) कर दिया। 11 सितम्बर को जारी विभागीय पत्र में छह माह से अधिक समय से बालगृह में रह रहे बालक व बालिकाओं को उनके परिवार में रिस्टोर करने को कहा गया है। इसके आलोक में वर्ष 2019 से बालगृह बालिका में रह रही रामगढ़ की 10 वर्षीय किशोरी को उसकी माता के साथ घर भेज दिया गया।

## बासुकीनाथ पूजा करने जा रहे बाईक सवार दंपति की मौत

दुमका। जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र हंसडीहा–भागलपुर मुख्य मार्ग पर बनियारा गाँव के समीप बाईक से बासुकीनाथ पूजा करने जाने के दौरान पिकअप के धक्के से बिहार के एक दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के बौसी थाना क्षेत्र के रांगा गाँव निवासी श्रवण लाल(40) व उसकी पत्नी पार्वती देवी(35) शामिल है।

## राष्टीय पोषण माह - 2023 के समापन समारोह का हुआ आयोजन

**दुमका।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्टीय पोषण माह – 2023 का समापन समारोह जिला पंचायती राज कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों उपायुक्त, जिला परिषद् अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सिविल सर्जन , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोषण माह 2023 सफतापूर्क संपन्न हुआ है। जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# विषाक्त भोजन खाकर बीमार हुए सभी बच्चे स्वस्थ्य अपने विद्यालय को लौटे, स्थिति हुआ सामान्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** बुधवार को देर शाम जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर पाकुड़िया प्रखंड स्थित सिद्धू कान्हू मुर्मू आवासीय विद्यालय (झरिया) पाकुड़िया में विषाक्त खाना खाने से 135 बच्चे अस्वस्थ होने से तत्काल अफरा तफरी का माहौल था।जो बिल्कुल अब शांत हो गया है।विद्यालय प्रबंधन द्वारा इसकी तुरंत सूचना वहां के स्थानीय प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन को दी थी।विद्यालय प्रबंधक और स्थानीय सरकारी अस्पताल तुरंत सक्रिय हो गए थे।चिकित्सक भरत भूषण भगत व प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने सरकारी व निजी एवं अस्पताल के एंबुलेंस द्वारा तत्काल 42 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में भर्ती किया था एवं बच्चे अधिक होने के कारण 93 बच्चों को रामपुरहाट मेडिकल अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में विद्यालय प्रबंधन द्वारा भर्ती कराया गया था। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने भी विद्यालय पहुंचकर राहत कार्य में काफी सक्रिय रहे।दूसरी ओर सूचना प्राप्त होते ही सिविल सर्जन मन्टु कुमार टेकरीवाल, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद, पाकुड़िया पुलिस आदी अस्पताल पहुँचकर बीमार बच्चों का हालचाल जाना एवं चिकित्सकों को बच्चों की पल-पल का जानकारी देने को कहा।इस संबंध में विद्यालय के प्रबंधक स्टीफन मुर्मू ने बताया था कि बुधवार देर शाम एक छात्र द्वारा सब्जी में छिपकली मिली थी।यह सुनते ही तत्काल भोजन रोक दिया गया। दो-तीन विद्यार्थी उल्टी और सर चक्कर की बात कही।कुछ बच्चे पेट में दर्द की शिकायत की। देखते ही देखते अन्य बच्चों ने भी कहने लगे मुझे ठीक नहीं लग रहा है। मुर्मू ने बताया कि इतना सुनने के पश्चात तत्काल ही स्थानीय प्रशासन को व अस्पताल की सूचना दी गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तत्काल अस्पताल पहुंचकर एक-एक बच्चे की जानकारी ली। जितने भी बच्चे भोजन किए थे सभी बच्चों को इलाज करने की बात सोच ली गई एवं तुरंत ही प्राइवेट गाड़ी एवं एंबुलेंस से से 93 बच्चों को रामपुरहाट एवं 42 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में भर्ती कराया गया। गुरुवार को देर शाम तक रामपुरहाट में भर्ती किए गए 93 बच्चे सकुशल विद्यालय पहुंचते देखा गया। इसके पूर्व पाकुड़िया सामुदायिक केंद्र से सभी बच्चों को स्वास्थ्य लाभ देकर विद्यालय वापस भेज दिया गया था।बच्चों ने बताया उन्हें ठीक लग रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर बीइओ सुबह से ही विद्यालय की जांच पड़ताल में जुटी थी। उन्होंने स्वस्थ्य होकर वापस लौटे बच्चों से जानकारी हासिल की एवं हाल-चाल जाना। हालांकि उन्होंने कहा कि विद्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था में कुछ कमी है। भोजन को हमेशा ढक कर रखें। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि घटना के पश्चात तुरंत ही आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष गेब्रियल मुर्मू रात भर रामपुरहाट इमरजेंसी वार्ड में डटे रहे।दूसरी और घटना की जानकारी प्राप्त होते ही झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के महासचिव राम रंजन सिंह, जिला अध्यक्ष गेब्रियल मुर्मू, जिला सचिव राजकुमार भगत, मनोज कुमार भगत, नलीन कुमार मिश्रा, मनीरूल इस्लाम पहुंचकर विद्यालय का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। भविष्य में ऐसी घटना ना घटे इसकी एक बिंदु पर निगरानी रखने कहा गया।फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और अपने अध्यापन कर रहे हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, एवं डॉक्टर एसके झा ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और स्वस्थ हैं सुबह 8 बजे ही छात्रों को विद्यालय भेज दिया गया था एवं प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

## मंत्री माझी ने दो पीसीसी सड़क की आधारशिला रखी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सूबे की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने शुक्रवार को सोनुवा के कोचापुर व कोकुवां गांव रालीसाई में दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। कोचापुर गांव के तालाब से कपिल गांव तक 4450 फीट व कोंकुवा रालीसाई में 979 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण डीएमएफटी फंड से किया जाना है। इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्या से अवगत हुए। कोंकुवा गांव के ग्रामीणों ने गांव के अन्य जगहों पर पीसीसी सड़क, चेक डैम व चबुतरा निर्माण व कोचापुर गांव के तालाब में घाट के निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

## लूट व हत्या के प्रयास में कांग्रेस विधायक समेत 11 बरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** अडानी पावर प्लांट के विरोध में धरना देने और एक रैयत के साथ मारपीट, हत्या का प्रयास व दुकान में लूटपाट के आरोपी कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव समेत 11 को अदालत ने शुक्रवार को बरी कर दिया। तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने साक्ष्य के अभाव और छह गवाह के दर्ज बयान के आधार पर यह फैसला सुनाया। विधि सलाहकार पारस सिन्हा ने बताया कि 21 अप्रैल 17 को रैयत जमुनाधर मंडल ने विधायक समेत 11 पर मारपीट, हत्या का प्रयास और दुकान में लूटपाट का आरोप लगाते हुए पोड़ैयाहाट थाना में मामला दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि विधायक के इशारे पर उनके समर्थकों ने मना करने के बाद पावर प्लांट को जमीन देने पर मारपीट की। हालांकि जिस समय मारपीट की यह घटना हुई, उस समय विधायक धरना पर बैठे थे। उन्हें साजिश रचने का आरोपी बनाया गया था। अदालत ने किसी तरह का साक्ष्य नहीं होने पर सभी को रिहा कर दिया।

## कम्युनिटी मेंटल हेल्थ पर सेमिनार आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में कम्युनिटी मेंटल हेल्थ पर शुक्रवार को एक सेमिनार आयोजित हुई । सेमिनार की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र दुमका के सहयोग से नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम ( एनएमएचपी) के तहत कम्युनिटी मेंटल हेल्थ के प्रति लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व एवं व्यवहारिक उपयोगिता को लेकर आयोजित इस विभागीय सेमिनार को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा सामुदायिक स्वास्थ्य आज की आवश्यकता है, तो तनावमुक्त सामाजिक माहौल रखने के लिए सामुदायिक स्तर पर इसका पहल करना और भी जरूरी हैं । सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सुविधा होने से नहीं केवल लोगों को जल्द स्वास्थ्य रिकवरी होगी। बल्कि उन्हें पुनर्वास में अपेक्षित सहयोग भी मिलेगा। समाज में विद्यमान चिंता, मनोग्रस्त-बाध्यता विकार, विषाद, फोबिया, रोगभ्रम, सिजोफ्रेनिया आदि ऐसे कॉमन मानसिक रोग हैं। जिसका चिकित्सीय उपचार किया जाना जरूरी हैं। जिसकी उपेक्षा अब भी हो रही है।डॉ भुट्टो ने मानसिक रोग के लक्षणों, कारणों व उपचार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी विद्यार्थियों से साझा किया।

### एसकेएमयू पीजी सेमेस्टर -4 की परीक्षा हुई संपन्न



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी सेमेस्टर -4 की परीक्षा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शुक्रवार को संपन्न हुआ। उक्त परीक्षा 22 से 29 सितंबर तक द्वितीय पाली में आयोजित किया गया। परीक्षा का सफल आयोजन पर कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने केंद्राधीक्षक डॉ. जयकुमार साह सहित स्नातकोतर विभाग के सभी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकेतर कर्मचारियों का सराहना करते हुए कहा कि संपन्न हुए परीक्षा का उतर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जल्दी शुरू किया जायेगा। जिससे जल्दी रिजल्ट प्रकाशित किया जा सके।

### छात्रों बीच चलाया जागरूकता अभियान

**दुमका।** एसपी कॉलेज के बीएड संकाय में अध्ययनरत छात्रों के बीच दुमका जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा रोजगार से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने की।

## स्वास्थ मेला सह रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लिट्टीपाड़ा के प्रागंण में शुक्रवार को स्वास्थ मेला सह रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहें। रक्त दान शिविर में पहुंचकर प्रखंड के पत्रकार, स्वास्थ्य कर्मी सहित तेरह लोग स्वेच्छा से रक्तदान किया।स्वास्थ मेले में सिविल सर्जन ने उपस्थित लोगों को इस मेले का लाभ लेने का अपील किया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार का उद्देश्य है मेरे देश की जनता एक भी बिना इलाज के काल के गाल में न समा जाए। इसके लिए सरकार आयुष्मान कार्ड दे रही है।ताकि सभी बीपीएल परिवार आयुष्मान कार्ड के तहत कोई भी बीमारी का इलाज पांच लाख तक में मुफ्त में करा सके।इस कार्ड के माध्यम से कोई भी गम्भीर बीमारी का इलाज करा सकते है।आयुष्मान कार्ड सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सभी स्वास्थ्य मेला में विशेष अभियान चलाकर बनाया जा रहा है।साथ ही सिविल सर्जन ने कहा रक्त दान महा दान है। जिससे लोगो को नई जिंदगी मिलती है।उन्होंने अधिक से अधिक लोगो को रक्त दान करने का अपील किया। उन्होंने कहा रक्त दान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस शिविर में पहुंचे सभी रक्तदाता का आभार जता कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश बेसरा, सीएचओ राहुल शर्मा, विमल वर्मा,ओमप्रकाश पांडे सहित सभी स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे।

## दिव्यांग व सामान्य बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### 90 बच्चों ने लिया हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** समावेशी शिक्षा के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र हिरणपुर में शुक्रवार को वातावरण निर्माण कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें दिव्यांग व सामान्य बच्चो के बीच प्रतियोगिता का आयोजन की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 व कक्षा 9 से 12 वी कक्षा के दिव्यांग व सामान्य बच्चो ने भाग लिया.इसमे हिरणपुर मॉडल प्लस टू विद्यालय, डांगापाड़ा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हिरणपुर मध्य विद्यालय, बड़तल्ला मध्य विद्यालय, मोहनपुल उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहित 54 विद्यालयो के बच्चो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चित्रांकन, क्विज, गायन, नृत्य, रंगोली , निबंध व कला विषयक शामिल किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईईओ रफीक आलम, बीपीओ किशन भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। दिव्यांग की क्विज प्रतियोगिता में डांगापाड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विनोद किस्कु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं सामान्य में विवेक दाँ विरग्राम प्रथम, चन्दन साहा बड़तल्ला द्वितीय व कुंदन भंडारी ने तृतीय स्थान, चित्रकला दिव्यांग में विनोद किस्कु डांगापाड़ा प्रथम, सामान्य में मोकरम हुसैन बड़तल्ला प्रथम, रिया कुमारी हिरणपुर द्वितीय व अमन कुमार दास तृतीय, रंगोली सामान्य में अनन्या चंद, प्रिया कुमारी प्रथम, सोनेका कुमारी, रोजीना खातून बड़तल्ला द्वितीय, नृत्य में अनन्या चंद हिरणपुर प्रथम, नीतू कुमारी द्वितीय, राखी कुमारी बड़तल्ला तृतीय, गायन में दिशा साहा हिरणपुर प्रथम, नीलोफर यास्मीन बड़तल्ला द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं नीतू कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह चित्रकला दिव्यांग में चमेली कुमारी तोड़ाई प्रथम, विकास बागति हिरणपुर द्वितीय, उत्तम यादव बरमसिया, रंगोली दिव्यांग में लक्ष्मी, चमेली तोड़ाई प्रथम, चांदनी कुमारी तुरसाडीह द्वितीय व नृत्य दिव्यांग में मोनासुरी किस्कु, चमेली कुमारी द्वितीय, चांदनी कुमारी तुरसाडीह ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर बीआरपी प्रेमसागर कुशवाहा, सीआरपी सुजीत आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## लाभुकों ने डीसी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी से की शिकायत

**पाकुड़।** प्रखंड के संग्रामपुर के डीलर की धमकी से तंग आकर सैकड़ो की संख्या में कार्डधारियों ने शुक्रवार को समाहरणालय पहुँचकर उपायुक्त व जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन को लेकर मुखिया मुकेश माल पहाड़ियां, पंचायत समिति सदस्य आमिर हमजा, उप मुखिया जलाउद्दीन शेख सहित कार्डधारी शामिल हुए। लाभुकों का कहना है कि संग्रामपुर पंचायत के डीलर सुफल रविदास द्वारा दो माह का राशन अबतक नहीं दिया है। राशन की मांग करने पर डीलर द्वारा धमकी दिया जा रहा हैकि हम अभी राशन नही देंगे। तुमलोगो को जिस पदाधिकारी के पास जाकर शिकायत करना है शिकायत कर सकते है। सभी पदाधिकारी के साथ मेरा उठना बैठना है। लाभुकों ने यह भी बताया कि राशन के लिए ज्यादा विवाद करने पर हम लाभुकों के खिलाफ केस दर्ज करने का धमकी देता है।मौके पर लाभुक काबेजुल शेख, आंसरूल शेख, सलाम शेख, बहारुल शेख आदि शामिल थे।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम अंतर्गत टंडवा मंडल की बैठक सम्पन्न

**टंडवा (चतरा)।** बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल के पदाधिकारी की एक बैठक मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि पंचायत संयोजक,सहसंयोजक व बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर बूथ को सशक्त किया जाएगा तथा पंचायत संयोजक,सह संयोजक व बूथ अध्यक्षगण के नाम नंबर को सत्यापित किया जाएगा तथा संगठनात्मक मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण मंडल प्रभारी सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे उपस्थित थे।

## हड़ताल पर गए सदर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मी

**चतरा।** मानदेय की समस्या से जूझ रहे सदर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इनके हड़ताल पर चले जाने से सदर अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। आउटसोर्सिंग कर्मियों का कहना है कि उन्हें 5 माह से मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में उनके और उनके परिवार के समक्ष दो जून की रोटी तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। उनका कहना है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन भूखहड़ताल पर चले जायेंगे। कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से उपचार कराने के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों का न ही रजिस्ट्रेशन हो पा रहा है।

पेज 1 का शेष

### बलिदान कभी बेकार नहीं...

मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद कांस्टेबल जवान राजेश कुमार को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शहीद जवान का पार्थिव शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### मानव तस्करी को...

**कंबाइंट बिल्डिंग बनेगी :** सीएम ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में एक कंबाइंड बिल्डिंग बनायी जाये। जहां एसटी-एससी थाना, एंटी मानव तस्करी थाना, साइबर थाना एवं महिला थाना कार्यरत हो सके। संबंधित विभाग कंबाइंड भवन का डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू करे। पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। मानव तस्करी के सिंडिकेट अथवा एजेंसियों पर हर हाल में कार्रवाई हो। बच्चों को बाल श्रम की ओर धकेलने वाले दलालों के खिलाफ कड़ी तथा प्रभावी कार्रवाई की जाये।
**श्रमिकों के हित में बेहतर कार्य योजना :** सीएम ने कहा कि राज्य के वैसे प्रवासी श्रमिक अथवा मजदूर जो रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन करते हैं। उनके हित के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनायें। उनका सारा डाटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रहने की नीति पर काम करें। उन्होंने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत झारखंड महिला विकास समिति के तहत वूमेन ट्रैफिकिंग से संबंधित रोकथाम एवं पुनर्वास के लिये संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीएस सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, श्रम सचिव राजेश शर्मा, महिलाएं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा, स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार, श्रम आयुक्त संजीव बेसरा, एसपी सीआईडी संध्या रानी मेहता, पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, सीईओ जेएसएलपीएस संदीप सिंह, समाज कल्याण सह परियोजना निदेशक महिला विकास समिति शशि प्रकाश झा एवं अन्य उपस्थित थे।

### महिला आरक्षण बिल...

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर पोस्ट किया, राज्यसभा के सभापति ने संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 को संविधान के अनुच्छेद 111 के तहत उसे माननीय राष्ट्रपति के सामने उनके अनुमोदन के लिए पेश किये जाने से पहले उस पर दस्तखत कर दिये हैं। सचिवालय ने एक तस्वीर साझा की है जिसमें कानून मंत्री धनखड़ से इस विधेयक की हस्ताक्षरित प्रति ग्रहण करते हुए नजर आ रहे हैं। इसे अब आधिकारिक तौर पर संविधान के (106वां संशोधन) अधिनियम के रूप में जाना जायेगा। आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित केंद्र सरकार की अधिसूचना की तारीख से यह प्रभावी होगा।

### टीशर्ट-टॉफी मामले में...

पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो में पीइ (प्रारंभिक जांच) दर्ज कर जांच की जा रही है। वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस समारोह के पहले स्कूली बच्चों के बीच बांटने के लिए 3.50 करोड़ की टीशर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी गयी थी। सरकारी रिकॉर्ड में दिखाया गया है कि टीशर्ट और टॉफी की खरीदारी के अगले ही दिन 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया। जनहित याचिका में इस पर सवाल उठाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की गयी थी। विधायक सरयू राय ने झारखंड स्थापना दिवस समारोह में हुए खर्च में गड़बड़ियों का मामला विधानसभा में भी उठाया था, जिस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था कि सरकार इस मामले की एंटी करप्शन ब्यूरो से जांच करायेगी।

### राज्य के नवनिर्माण के संकल्प...

इस तीन दिवसीय सम्मेलन के जरिए पार्टी न सिर्फ भविष्य की राह तय करेगी बल्कि झारखंड के पुनर्निर्माण का संकल्प भी लेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 से आजसू पार्टी एक राजनीतिक दल के रूप में झारखंड के लोगों के बुनियादी जरूरतों, सामाजिक सरोकारों आर्थिक उन्नति, राजनैतिक चेतना, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। महाधिवेशन के पहले दो दिनों में कई विषयों पर परिचिर्चा होगी जिसके जरिये शिक्षाविदों और आम लोगों की राय जानने की कोशिश करेगी। पहले दिन झारखंड आंदोलन के औचित्य पर शिक्षाविद् संजय बसु मल्लिक ने विचार रखे। सबसे पहले अलग राज्य आंदोलन 1938 में शुरू हुआ, फिर 1950 में झारखंड के नाम पर आंदोलन शुरू हुआ, फिर धीरे-धीरे आंदोलन ने जोर पकड़ा और हमें अलग राज्य झारखंड का दर्जा मिला। पर अलग राज्य का जो सपना देखा गया था वह अभी भी अधूरा है। तीसरा सत्र झारखंडी युवाओं की चुनौतियां, स्थानीयता और नियोजन नीति पर आधारित रहा। विषय प्रवेश विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया।

स्पीड न्यूज

### बालाघाट में 14 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस और हॉकफोर्स को शुक्रवार तड़के एक और बड़ी सफलता हाथ लगी। रूपझर थाना अंतर्गत कुंदल-कोद्दापार और सोंगुदा के जंगल में पुलिस और हॉकफोर्स ने मुठभेड़ में 14 लाख के एक इनामी नक्सली को मार गिराया। उसकी पहचान नक्सली दलम टाडा दडेकसा के सक्रिय सदस्य 25 वर्षीय नक्सली कमलु के रूप में की गई।

### 'इंडिया' से अलग नहीं होंगे: केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) 'इंडिया' के लिए प्रतिबद्ध है और वह उससे अलग नहीं होगी। कांग्रेस की पंजाब इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के 2015 के मामले में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद, राज्य की आप सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध लेने का आरोप लगाया है। इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में केजरीवाल का यह बयान मायने रखता है।

### इडी के समक्ष तीन को पेश नहीं होंगे अभिषेक

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें तीन अक्टूबर को तलब किए जाने के एक दिन बाद, शुक्रवार को कहा कि वह तीन अक्टूबर को नयी दिल्ली में पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। बनर्जी के खिलाफ समन जारी कर उन्हें तीन अक्टूबर को कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश होने को कहा गया है।

### चीन का अरुणाचल पर कोई दावा नहीं है : खांडू

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश पर चीन का कोई दावा नहीं है, क्योंकि राज्य हमेशा से भारत का हिस्सा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को यह बात कही। हाल ही में हांगझोउ में एशियाई खेलों के लिए अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशु खिलाड़ियों को नियमित वीजा देने से इनकार करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी सीमावर्ती राज्य से संबंधित कोई मुद्दा होता है तो चीन अनावश्यक रूप से राजनीतिक पहलू लाने की कोशिश करता है।

### सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच धातु, वित्तीय एवं ऊर्जा शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 320 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 115 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 320 .09 अंक यानी 0 .49 प्रतिशत चढ़कर 65,828 .41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 643 .33 अंक तक उछलकर 66,151 .65 पर पहुंच गया था।

# आत्मघाती धमाकों से दहला पाकिस्तान

## ईद मिलादुन्नबी पर विस्फोट में 80 की मौत, 200 से अधिक घायल

- बलूचिस्तान की दो मस्जिदों में तीन धमाके, डीएसपी समेत 72 लोगों की गयी जान
- खैबरपख्तूनख्वा में रॉकेट से विस्फोट, चार सैनिक मरे

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान व खैबरपख्तूनख्वा में हुए चार धमाकों में दो पुलिस अफसरों सहित 80 लोगों की मौत हो गयी है और 200 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बलूचिस्तान के मस्तुंग में शुक्रवार को लोग ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाल रहे थे। इसी दौरान अल-फलाह मस्जिद के पास जुलूस के बीच में एक आत्मघाती हमलावर ने घुस कर साथ चल रही पुलिस उपाधीक्षक नवाज गिश्कोरी की गाड़ी के पास धमाका कर दिया। मस्तुंग के उपायुक्त अब्दुल रज्जाक ससोली ने कहा कि मदीना मस्जिद से सैकड़ों लोगों का एक जुलूस निकला और जैसे ही यह अल फलाह मस्जिद के पास पहुंचने पर एक आत्मघाती हमलावर ने इसे निशाना बनाया। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक आवाज सुनाई दी। धमाका होते ही वहां भगदड़ मच गयी। जुलूस की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक सहित 72 लोगों की मौत हुई है। कराची के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक खादिम हुसैन रिंद ने पुलिस कर्मियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार हादसे में 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। धमाके के बाद पहुंचे राहत कर्मियों को भयावह दृश्य देखने को मिले। दूर-दूर तक शव पड़े थे। जहां कुछ देर पहले धार्मिक नारे सुनाई दे रहे थे, वहां घायलों की चीखें गूंज रहीं थी।



**बलूचिस्तान में तीन दिन शोक**

बलूचिस्तान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अली मर्दन डोमकी ने घटना की निंदा की और विस्फोट की जांच के आदेश दिए। तीन दिन के शोक की घोषणा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें कुछ की हालत अत्यधिक गंभीर है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। आसपास के अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गयी है। गंभीर रूप से घायलों को क्वेटा स्थानांतरित किया जा रहा है। बलूचिस्तान में ही एक अन्य घटना में चार पाकिस्तानी सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बलूचिस्तान के झोब में पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बनाकर रॉकेट से हमला किया गया। कुछ सैनिक जख्मी भी हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलूचिस्तान के अलावा खैबर पख्तूनख्वा के हांगू जिले के दोआबा पुलिस थाना परिसर में हुए दो धमाकों में एक पुलिस अधिकारी सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए।

### खैरा की गिरफ्तारी पर पुरी का 'इंडिया' पर तंज, क्या यही है मोहब्बत की दुकान

**नयी दिल्ली।** पंजाब के विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस और आप के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को तंज कसते हुए कहा कि यह उनकी मोहब्बत की दुकान है और पंजाब और दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखर रहा है। कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा कि यह कांग्रेस और आप की मोहब्बत की दुकान है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं... यह पंजाब और दिल्ली में बिखर रहा आईएनडीआई गठबंधन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अक्सर भाजपा की आलोचना करने के लिए नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का उल्लेख करते रहे हैं।

# भारत के साथ करीबी संबंधों को लेकर प्रतिबद्ध है कनाडा

## पीएम ट्रूडो के बदले सुर, कहा-एक बढ़ती आर्थिक शक्ति है भारत

एजेंसी

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ करीबी संबंध स्थापित करने को लेकर बहुत गंभीर है, क्योंकि उसकी आर्थिक ताकत बढ़ रही है ट्रूडो ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्वसनीय आरोपों के बावजूद, कनाडा उसके साथ निकट संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने मॉन्ट्रियाल में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए कनाडा और उसके सहयोगियों का उसके साथ रचनात्मक और गंभीर तरीके से जुड़े रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भागीदार है। और जैसा कि हमने पिछले साल अपनी हिंद-प्रशांत रणनीति में कहा था, हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं।

**निज्जर की हत्या में पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए कनाडा के साथ मिलकर काम करे भारत**



ट्रूडो ने कहा कि उन्हें अमेरिका से आश्वासन मिला है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गुरुवार को वाशिंगटन में अपने भारतीय समकक्ष के साथ बैठक के दौरान निज्जर की हत्या में भूमिका को लेकर सार्वजनिक रूप से भारत पर लगाए गए आरोपों का मामला उठाएंगे। उन्होंने कहा कि कनाडा भारत सरकार के प्रति अपने दृष्टिकोण सहित इस मामले में कानून के शासन में रहते हुए एक विचारशील, जिम्मेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। ट्रूडो ने निज्जर की हत्या को लेकर सबसे पहले 18 सितंबर को कनाडाई संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए थे।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव अगले साल संभव नहीं : विधि आयोग

**नयी दिल्ली।** विधि आयोग का मानना है कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू करने के लिए अभी और विमर्श की आवश्यकता है। साथ ही, इसके लिए कुछ संवैधानिक बदलाव भी जरूरी हैं। इसको देखते हुए 2024 तक इसे लागू करना संभव नहीं है। विधि आयोग कार्यकाल को बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के फॉर्मूले पर काम कर रहा है, ताकि सभी राज्यों के चुनाव 2029 के लोकसभा चुनावों के साथ कराए जा सकें। सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए पहले ही एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन कर दिया है। विधि आयोग का मानना है कि एक राष्ट्र एक चुनाव से लोगों को अपने नेता को चुनने में अधिक सहूलियत होगी। लोग अपने नेतृत्व को चुनते समय ज्यादा विवेकपूर्ण निर्णय लेंगे।

## राष्ट्रपति ने 41 एनएसएस को दिया पुरस्कार



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विश्वविद्यालय, एनएसएस इकाइयों और एनएसएस वालंटियर को वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार प्रदान किये। यह पुरस्कार सामाजिक सेवाओं में उनके योगदान के लिए 41 व्यक्तियों को दिया गया। सामाजिक सेवाओं में योगदान के लिए झारखंड के अभिषेक रंजन को भी यह पुरस्कार मिला है। इस मौके पर युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक भी मौजूद थे। पुरस्कार पाने वालों में डॉ रामबीर सिंह चौहान (उत्तर प्रदेश), डॉ मिताली कथकटिया (असम), डॉ रंजन शर्मा (चंड़ीगढ़), डॉ मलकियत सिंह (हिमाचल), डॉ राघवेंद्र आर (कर्नाटक), डॉ एस लक्ष्मी (केरल), डॉ इंदिरा बर्मन (मध्य प्रदेश), डॉ पवन रमेश नायक (महाराष्ट्र), जोसेफ वनलालह्रुइया सेलो (मिजोरम), डॉ रेनू विष्ट (उत्तराखंड), अभिषेक रंजन (झारखंड), बबीता प्रसाद (पश्चिम बंगाल), कुरुबा जयमारुथि (आंध्र प्रदेश), पेल्लाकुरू सात्विका (आंध्र प्रदेश), साजिश अली (असम), मैक्स कुमार (बिहार), बनश्री काकती (असम), सागर रॉय (चंड़ीगढ़), कुमुधिनी साओ (छत्तीसगढ़), अलीशा अंसारी (छत्तीसगढ़), अनुज (दिल्ली), पटेल सोनल चमनभाल (गुजरात), शालीन मनीष कुमार पटादिया (गुजरात), दीपक सिंह (हरियाणा), काजल कौशिक (हरियाणा), ऋषभ चौधरी (हिमाचल), किफायतुल्लाह मलिक (जम्मू और कश्मीर), अंकित लखेरा , अक्षिता शर्मा (मध्य प्रदेश), जाह्नवी विजय पेडीवार, वेदांत सुदाम डाइक (महाराष्ट्र), श्रिया मैनी (पंजाब), शुभम पारीक , संजना सिंह (उत्तर प्रदेश) और अभिजीत भुइन (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं।

## लद्दाख में 19024 फीट ऊंचाई पर 16 देशों की सुंदरियों ने किया कैटवॉक



लद्दाख में 19024 फीट की ऊंचाई पर 16 देशों की सुंदरियों ने कैटवॉक कर जलवा दिखाया। दुनिया के सबसे ऊंचे मोटरेबल रोड उमलिंग ला पर हुए इस इंटरनेशनल फैशन शो ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। लद्दाख आर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट एलायंस ने एलएएचडीसी लेह और बीआरओ के सहयोग से मोटरेबल रोड उमलिंग ला पर इंटरनेशनल फैशन का आयोजन किया गया।

### इस्कॉन ने मेनका गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा

**कोलकाता।** इस्कॉन ने शुक्रवार को कहा कि उसने उसकी गौशालाओं में गायों के रखरखाव को लेकर इस धार्मिक संगठन पर सवाल उठाने के लिए भाजपा की सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री गांधी का बिना तिथि वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें उन्हें इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस के खिलाफ आरोप लगाते हुए सुना जा सकता है। इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास नें कहा कि हमने इस्कॉन के खिलाफ पूरी तरह से निराधार आरोप लगाने के लिए मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है।

## ट्रंप पर कसा कानूनी शिकंजा

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप पर कानूनी शिकंजा कसता ही जा रहा है। उन पर अपनी संपत्ति की कीमत को बढ़ा चढ़ाकर (अरबों डॉलर बढ़ाने का) बताने का आरोप है। उन्होंने अदालत में इस पर देरी से संज्ञान लेने की अपील दायर की थी। एक अदालत ने उनकी अपील खारिज कर दी। ट्रम्प पर नागरिक धोखाधड़ी मुकदमा सोमवार से शुरू होने की संभावना है। अदालत ने गुरुवार को दो पन्नों के संक्षिप्त आदेश में ट्रायल जज आर्थर एफ. एंगोरोन के खिलाफ दायर उनकी अपील को रद्द कर दिया। यह मामला पिछले साल न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल, लेटिटिया जेम्स सामने लाए थे। उनका आरोप है कि ट्रंप ने बैंकों से अनुकूल ऋण शर्तों को प्राप्त करने के लिए कुछ वर्षों में अपनी कुल संपत्ति अरबों डॉलर तक बढ़ा दी ।



**संपति की कीमत अरबों डॉलर बढ़ाने का आरोप, सोमवार से हो सकती सुनवाई**

### बिग बी की नतनी नव्या नवेली नंदा पहली बार पेरिस फैशन वीक में आयेंगी नजर

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन की नतिनी नव्या नवेली नंदा एक सोशल इंटरप्रेन्योर हैं। वह पेरिस फैशन वीक में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। ग्रैंड सेलिब्रेशन 1 अक्टूबर से शुरू होने वाला है, जहां नव्या एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, केंडल जेनर जैसी इंटरनेशनल सेलिब्रेटीज के साथ वॉक करती नजर आएंगी। नव्या ने कहा कि जिस ब्रांड का मैं प्रतिनिधित्व करती हूं, उसके साथ पेरिस फैशन वीक में यह मेरा पहला मौका है। मैं वहां कुछ हस्तियों से मिलने का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने साझा किया कि उन्हें इस कार्यक्रम में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है।



### ज्ञानवापी में सर्वे रोकने की याचिका खारिज

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में एएसआई के चल रहे वैज्ञानिक सर्वेक्षण को रोकने का अनुरोध करने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। जिला अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा दायर याचिका पर कहा कि सर्वेक्षण इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर किया जा रहा है, इसलिए इस मामले में कोर्ट को सुनवाई का कोई अधिकार नहीं है।

## आज 'संकल्प सप्ताह' का करेंगे शुभारंभ प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे यहां भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले विशिष्ट कार्यक्रम 'संकल्प सप्ताह' का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'संकल्प सप्ताह' आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम इसी वर्ष सात जनवरी को श्री मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर संचालन व्यवस्था में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लागू करने तथा एक प्रभावी ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने के लिए देश भर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए गए। 'संकल्प सप्ताह' इन्हीं चिंतन शिविरों की परिणति है।

**देश के सभी 500 आकांक्षी ब्लॉकों में होगा कार्यक्रम**



विज्ञप्ति में बताया गया है कि 'संकल्प सप्ताह' सभी 500 आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा। 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 9 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले 'संकल्प सप्ताह' में प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विकास थीम को समर्पित है, जिस पर सभी आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे। पहले छह दिनों की थीम में संपूर्ण स्वास्थ्य, सुपोषित परिवार, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा और समृद्धि दिवस शामिल हैं। सप्ताह के अंतिम दिन पूरे सप्ताह के दौरान किए गए कार्यों का संकल्प सप्ताह - समावेश समारोह' उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

# गाड़ीखाना में चंद्रयान-3 की तर्ज पर बनेगा दुर्गा पूजा पंडाल




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का जश्न पूरे देश में मनाया गया। शक्ति स्त्रोत संघ दुर्गा पूजा समिति गाड़ीखाना ने फैसला किया है कि पंडाल का डिजाइन चंद्रयान-3 की तर्ज पर होगा।

पूजा समिति के अध्यक्ष आकाश सिंह ने बताया कि पूजा पंडाल इसरो के नाम किया गया है। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव में पहुंचने वाला पहला देश बना इस बार पूजा पंडाल इसी के प्रारूप बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंडाल में चंद्रयान के सभी प्रारूप को दर्शाया गया है।

चंद्रयान-3 के साथ आदित्य एल 1 के सभी जानकारियां पंडाल में दी जाएगी। पूजा पंडाल में लगभग 15 लख रुपए का खर्च आ रहा है। पंडाल की लंबाई 100 फीट एवं चौड़ाई 80 फीट होगी। बंगाल से आए कारीगर पंडाल को बनाने में दिन-रात लगें हुए है।

मुख्य संरक्षक कामाख्या नारायण सिंह ने बताया इसरो ने मंगल ग्रह के पास और चंद्रमा पर पहुंचकर इतिहास रचा है। सूर्य के करीब जाने की कोशिश से देश का मान बढ़ाया है। आज के युवाओं को कई तरह की आधुनिक तकनीक देखने को मिलेगा। इस वर्ष का पूजा पंडाल इसरो के नाम समर्पित है।

आकाश सिंह ने बताया इस वर्ष का पूजा पंडाल इसरो के नाम समर्पित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं में वैज्ञानिक बने की ललक पैदा हो। साथी आने वाले भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए हमारे वॉलिंटियर हमेशा सहयोग करने के लिए रहेंगे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# भारत की अमृत यात्राः महिला नेतृत्व वाली यात्रा



जी किशन रेड्डी

(लेखक, केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)



**जैसे** ही ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पारित होने को सांसदों के लिए अग्निपरीक्षा कहा। यह वास्तव में अग्निपरीक्षा हैः समानता और संतुलन के आधार पर भारत के पारंपरिक गौरव को बहाल करने की अग्नि परीक्षा। अग्निपरीक्षा उस सर्वोच्च स्थान को पुनः प्राप्त करने की जिसका लाभ प्राचीनकाल से महिलाओं को मिलता आया है और राजनीतिक गलतफहमियों से ऊपर उठकर नारी शक्ति के लिए एक साथ खड़े होने की अग्निपरीक्षा। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत के मंदिर, संसद को अर्धनारीश्वर की भावना का प्रतीक होना चाहिए, जो महिलाओं के लिए समानता और पूर्ण संतुलन का परिचायक है।

लैंगिक असमानता और अन्याय से जूझ रही दुनिया में, भारत महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक श्रद्धा के प्रतीक के रूप में स्थित है। सदियों से, भारतीय संस्कृति ने महिलाओं को शक्ति के अवतार का रूप दिया है तथा विदुषियों, वीरांगनाओं, रानियों और नेताओं के रूप में उनकी अपार क्षमता को पहचाना है। आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महिलाओं को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रकट करने वाली त्रिदेवी के रूप में सम्मानित किया जाता है। चाहे विदुषियों द्वारा रचित मंत्रों/ श्लोकों सहित वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों की रचना हो या प्रारंभिक सभ्यताएं हों या चाहे वीरांगना रानियों द्वारा अपने राज्यों को जीत और समृद्धि की ओर अग्रसर करना हो, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चचाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषिओं, वीरांगना रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर और ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है। आधुनिक दुनिया ने सदियों पहले ही उन्हें मतदान का अधिकार भी दे दिया था।

रामायण और महाभारत में सीता माता, द्रौपदी और कुंती जैसी दृढ़ प्रतिज्ञ व प्रभावशाली महिलाओं को दर्शाया गया है, जिन्होंने इन महाकाव्यों की गाथाओं और घटनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के प्रतिसम्मान पारिवारिक परिवेश में उनकी भूमिकाओं तक भी फैला हुआ है। वह ₹सह धर्मचारिणी₹ है, जिसका अर्थ है कि वह गृहस्थ धर्म में एक समान भागीदार है, जहां वे अपने पति के साथ, घर का नेतृत्व करती रही हैं, सभ्यता को धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं। यह अनोखी बात है कि सनातन धर्म में शक्ति की परंपरा के तहत दिव्यस्त्री के प्रति विशेष आस्था मिलती है,जिसे शक्ति या दिव्य मां के रूप में दशार्या गया है।

इन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिध्वनित करते हुए, एक संस्कृत उद्धरण में महिलाओं की भूमिका को समाज के वास्तुकार के रूप में सुंदरता से व्यक्त किया गया हैः 'नारीसमाजस्य कुशलवास्तुकारः'

उल्लेखनीय है कि भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है।

2014 के बाद से मोदीजी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरूआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में ₹नारी शक्ति₹ को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है, जहां भारत की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं को अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्रकट करने के समान अवसर मिलते हैं।

खंड-खंड में कल्याणकारी उपायों वाले पिछले व्यवहारों के विपरीत,सरकार ने, 2014 के बाद, एक महिला के जीवनचक्र और जरूरतों के कई चरणों में नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक रणनीतिक जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाया। उनमें से सबसे बुनियादी बात यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा का जीवन जिएं। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ धुआं-मुक्त रसोई की रचना की गई,जिसने न केवल लाखों महिलाओं को जीवनयापन में आसानी प्रदान की है,बल्कि उन्हें सांस की बीमारियों से भी बचाया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत योजना के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाये गये,जिसने महिलाओं को अपने घरों में शौचालयों तक सुरक्षित और सम्मानजनक पहुंच प्रदान की, सुरक्षा के बारे में चिंताओं को दूर किया और उनकी गरिमा को संरक्षित किया। इसी तरह जलजीवन मिशन के तहत 12करोड़ कनेक्शनों द्वारा नल से जल उपलब्ध कराया गया। इन सभी उपायों ने महिलाओं को कठिन परिश्रम और दुष्कर जीवनसे छुटकारा दिलाया है।

तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि दशकों से अनदेखा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदियों पुरानी सामाजिक बेड़ियों को तोड़ दिया गया। चाहे वह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करना हो, मातृत्व अवकाश की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना हो, या तीन तलाक की अनुचित प्रथा पर प्रतिबंध लगाना हो। इसी तरह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन पूरे जोर-शोर से चलाया गया। लड़कियों के विरुद्ध घृणित सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ अभियान, और परिणामस्वरूप, एनएफएचएस-5 द्वारा 1,020महिलाओं (प्रति 1000पुरुषों) के सकारात्मक लिंग अनुपात की जानकारी इसकी एक बानगी है। वास्तव में,मोदीजी नारी शक्ति के साथ खड़े रहे हैं, क्योंकि यह शक्ति के अवतार के रूप में अपनी श्रेष्ठता दोबारा प्राप्त करने के लिए दृढ़ है।

जैसा कि स्पष्ट है, मोदी जी के महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत महिलाओं को जन्म से ही मिलने वाली चुनौतियों के समाधान को रखा गया है। इसके लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के रूप में अपनाया गया हैः पोषण, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, करियर और रोजगार, पारिवारिक और मातृ जीवन, राष्ट्र की सेवा और नेतृत्व की भूमिका निभाना। महिला आरक्षण विधेयक उन इरादों पर दी गई शक्ति की मुहर है, एक शंखनाद है कि शक्ति जाग उठी है और हमारे महान राष्ट्र की बागडोर संभालने के लिए तैयार है।

महिला आरक्षण विधेयक एक आधुनिक समय के प्रतीक के रूप में उभरा है,जो इस सभ्यता में महिलाओं को दिए गए प्राचीन सम्मान और समानता को दशार्ता है। मोदी जी के नेतृत्व में इस संशोधन विधेयक और कई अन्य पहलों के साथ, हम ऐतिहासिक दिशा में सुधार कर रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो भारत के मूल गौरव की ओर हमारे कदमों को सही मार्ग पर ले जा रही है- एक ऐसी भूमि जहां महिलाओं की आवाज सुनी जाती थी, उनकी भूमिकाओं का मान किया जाता था और उनके योगदान को महत्व दिया जाता था।

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मोदी जी द्वारा पेश महिला आरक्षण विधेयक को लगभग सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस तरह 22 साल की अड़चनों को दूर करना एक तरह से स्वयं विघ्नहर्ता का आशीर्वाद ही है, जिन्होंने माता पार्वती को उन्हें बनाने, उनका पोषण करने और उनकी रक्षा करने के लिए शत-शत प्रणाम किया था। इसके साथ, प्रधानमंत्री मोदी ने लैंगिक समानता और मां भारती को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया और 150करोड़ भारतीयों की लोकप्रिय भावना 'मोदी है तो मुमकिन है' मेरे मन में फिर से गूंज उठी!

# फर्जी विवाह



अल्का हेम्बरोम

सुना था लेकिन हकीकत की कहानी मन को भेदने और भयवाह है ...।

लाल चुनरी ओढ़े ...मेंहदी हाथों में...

गहनों के नाम पर कान के झुमके और पायल चांदी के ...दुल्हन बना देख मन कहीं उड़ने सा लगा ..बस बालिका बधू सिरियल की हिरोइन सा महसूस होने लगा ....और फेरों के पूरे होते ही बिदाई की तैयारी ....लड़के को देखा नहीं था ...

लेकिन जब तक फेरे लिए ...लड़के के कद काठी से पता लगा कि ...वह अधेड़ उम्र का आदमी ...सेहरा बंधा चेहरा छुपा ...मैं अंदर आकर रोने लगी ...

बाबा किसके हाथो मुझे भेज रहे हो ...

राजस्थान ....लेकिन किसी ने नहीं सुनी ..।

असलियत यह थी कि मैं बिक चुकी थी ..माँ तो सौतेली ...बाबा अपने थे ..।

पर ...ये क्या ?रोने के आंसू रूक चुके थे मैं कठपुतली जैसी ...भोज खाने वाले और मेहमान ने आंखो को बंद कर लिया ...मैं चल पड़ी उस बूढ़े से आदमी के साथ ...।

राजस्थान पहुंच कर ...पहली रात और मेरी काया तार तार सी होती ...सुबह तक चला भी नहीं जा रहा था ...ये बूढ़ा और उसके घर के और भी व्यक्ति मेरे शरीर को तोड़ चुके थे ...।

मैं बेबस सी थी ...कहीं निकलने की उम्मीद छोड़ चुकी वो घर ..कैदखाने जैसा ..लेकिन एक दिन मौका मिलते ..मेरे घर आने वाली एक हम उम्र के पास फोन से बाते मेरी टीचर से हो गयी ...जो कस्तूरबा में मेरी टीचर हुआ करती थी..।

हालात बताया ..वह पुलिस थाना में शिकायत की ...और पुलिस जब घर पहुंची तो मेरे उम्र को जांच किया गया ...मेरा आधार कार्ड अनुसार मैं 20 की ..लेकिन यह फर्जी कार्ड बाबा ने बनवाया था ....मेरी उम्र 16 वर्ष ही है ..।

चलो फर्जी ही सही ...

अब हालात ...ऐसी है ...मैं गर्भवती हूँ ..इस बच्चे का पिता इस घर के सभी पुरूष .....

हर रोज रात के अधेरें में ...कितने हाथो में कठपुतली बनती ...पता नहीं ...।

इस बूढ़े फर्जी पति ने ...बस सात फेरों के साथ ...सात पाप भी कर डाले ...।

मुझे बस इतनी समझ है कि ...

मैं अब साबित नहीं कर सकती कि...

मैं नाबालिग हूँ ...

प्रतिदिन घर के पूरे काम ...

रात को लाथ घूसे और ।.।।।।

बस रहम इस बच्चे पर है जो ...कोख में है ...

ये मामला जब हमारे तक आया तो कोशिश रही कि इस बालिका को छुड़ा लाऊं ...

लेकिन उस बालिका ने अपने कोख में पल रहे प्राण पर तरस खा कर कोई कदम उठाना नहीं चाहा ...।

क्योंकि जन्म देने वाला पिता ही जब विवाह के नाम पर बेच दे ....

तो ...किसे दोषी ठहराऊं ....सोच कर आह निकलती है ...

(झारखंड में घटित सच्ची घटना पर आधारित कहानी)

लेखिका झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं।

**विचार मंत्र**

इस बूढ़े फर्जी पति ने ...बस सात फेरों के साथ ...सात पाप भी कर डाले ...।

मुझे बस इतनी समझ है कि ...

मैं अब साबित नहीं कर सकती कि...

मैं नाबालिग हूँ ...

प्रतिदिन घर के पूरे काम ...

रात को लाथ घूसे और ।.

बस रहम इस बच्चे पर है जो ...कोख में है ...

# बाल विवाह महिला सशक्तिकरण की राह में एक बड़ी बाधा है



सत्येन्द्र सिंह



**वैश्विक** स्तर पर प्रत्येक वर्ष लगभग 12 मिलियन लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले ही कर दी जाती है। जिसका अर्थ है कि प्रत्येक मिनट 23 लड़कियां एवं प्रत्येक 3 सेकेंड में एक लड़की बाल विवाह में जकड़ दी जाती है। चाइल्ड लाइन इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मार्च से जून के बीच लगभग 5214 बाल विवाह की घटनाएं सामने आई हैं।

आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1970 में लगभग 75 फीसदी महिलाओं की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में कर दी जाती थी, जो कि वर्तमान में 27 प्रतिशत है। भारत में आज भी 15 वर्ष से कम उम्र वाले विवाहों की दर 7 प्रतिशत है।

बाल विवाह का चलन पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं में ज्यादा है, पुरूषों में 4 फीसदी लड़को की शादी 18 वर्ष से पहले कर दी जाती है। हालांकि जैसे-जैसे भारत कामयाबी के नए पायदान छूते गया इन मामलों में कमी देखी गई है।

स्वतंत्रता से पूर्व ब्रह्मसमाज और आर्यसमाज जैसी संस्थाओं के माध्यम से बाल विवाह की समस्या को उठाया गया था...भारत एक पितृसत्तात्मक देश है, यहां आज भी लड़कियों से ज्यादा लड़कों को अहमियत दी जाती है। कहने को हम महिलाओं के सशक्तिकरण की बात करते हैं लेकिन कई मामलों में आज भी बेटियां एक बोझ और जिम्मेदारी ही समझी जाती हैं। हालांकि समाज अब पहले जैसा नहीं रहा लेकिन अपवाद अब भी कम नहीं हैं।

बाल विवाह महिला सशक्तिकरण की राह में एक बड़ी बाधा है जो कई तरह की चुनौती उत्पन्न करता है। कम उम्र में शादी लड़कियों के शिक्षा के अधिकार का हनन करता है।इससे वैश्विक स्तर पर महिलाओं के विकास में कमी देखी जाती है। महिला असमानता को बढ़ावा मिलता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन होता है, जिससे कोई भी समाज तरक्की की दौड़ में पिछड़ सकता है।

देश में महिला सुरक्षा, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी समस्याओं से निपटने के लिए ढ़ेरों कानून बनाए गए हैं उनका पालन भी होता है, इन कानूनों का गलत उपयोग भी अपवाद स्वरूप होते रहते हैं लेकिन ज्यादातर मामलों में इनका सही से पालन न हो पाना महिला विकास के अधिकारों से वंचित कर देने वाला होता है।


नेटिव मैरिज एक्ट 1872, में 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों का विवाह वर्जित कर दिया गया। सम्मति आयु अधिनियम1891, में 12 वर्ष से कम आयु की लड़कियों के विवाह पर रोक लगा दी गई।

समाज सुधारक हर विलास शारदा के प्रयासों से शारदा अधिनियम 1930 में पारित किया गया, जिसके अनुसार 18 वर्ष से कम लड़के और 14 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह अवैध घोषित कर दिया गया। 1978 में इसमे संशोधन करके लड़को के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष शादी की न्यूनतम आयु तय की गई। स्वतंत्रता के बाद बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया, जिसके अनुसार बाल विवाह को संज्ञेय और गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है। समाज से इस बाल विवाह की समस्या को समाप्त करने के लिए सरकार के साथ साथ समाज को भी बढ़ चढ़ कर आगे आना होगा।

सरकार को महिला शिक्षा के साथरोजगार के अवसरों पर भी जोर देना होगा। अशिक्षा, गरीबी और रोजगार जैसे मुद्दों को हल करके बाल विवाह की महामारी से मुक्त हुआ जा सकता है। जिसके लिए हमें एकजुटता से काम करना होगा।

**(वरीष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट,रांची)**

# संवेदनहीन समाजः क्या लोग आसुरी प्रवृति के शिकार हो गये हैं?



सोनाली



उज्जैन की नाबालिग पीड़िता की जो दर्दनाक कहानी सामने आ रही है, वह हिला देने वाली है। रात में निर्मम रेप के बाद सुबह 6 बजे डरी-सहमी 15 साल की लड़की लड़खड़ाते हुए आती है। उसके साथ एक दरिंदा रात में बेरहमी से रेप कर बदहाल अवस्था में छोड़कर फरार हो जाता है। ऐसी घटनाएं पूरे देश में घटित हो रही है।

नाबालिग के तन पर लाज ढंकने लायक कपड़े भी नहीं है। शरीर के निचले हिस्से से खून बह रहा है। वो नाबालिग रोते हुए करीब तीन घंटे पैदल चलकर 8 किलोमीटर का सफर तय करती है। वह शहर की दो कालोनियों के पांच सौ से ज्यादा घरों, दो ढाबों और एक टोल नाके से होकर गुजरती है। मदद के लिए कई घरों के दरवाजे खटखटाती है। आखिरकार एक आश्रम का रहमदिल कर्मचारी उसे शरण देता है और पुलिस को खबर करता है।

बड़ा सवाल यह है कि इस तरह हादसों के शिकार पीड़ितों के प्रति लोग इतनी बेरूखी क्यों दिखाते हैं? क्या इसलिए कि पीड़ितों में कोई उनका परिचित या सगा सम्बन्धी नहीं है।

यह वाकई गहरे अफसोस और समाज के आत्मचिंतन की बात है कि हम सभ्य, सम्पन्न और ज्ञानी होने के बाद भी मनुष्यता का बुनियादी ककहरा भी भूलते जा रहे हैं। समाज की यह संवेदनहीनता पुलिस की संवेदनहीनता से भी ज्यादा खतरनाक है।

आज कानून व्यवस्था कायम रखने का जिम्मा हमने पूरी तरह पुलिस और न्याय व्यवस्था के भरोसे छोड़ दिया है। हर कोई शायद यह सोच रहा है कि जो दुर्घटना, बलात्कार, दरिंदगी और अत्याचार किसी दूसरे के साथ हुआ है, वह अपने साथ नहीं होगा। इसलिए मुझे क्या करना है? जब अपने पर बीतेगी तब देखा जाएगा। अभी तो अपनी जिंदगी सुकून से जी लें। जो हुआ, जिसके साथ हुआ और जैसा भी हुआ, वो दूसरे दिन अखबार में पढ़ लेंगे या सोशल मीडिया का कोई न कोई हरकारा क्लिक बढ़वाने के लिए अपने व्हाट्स एप ग्रुप पर उसका वीडियो डाल ही देगा। घर में बैठकर या बिस्तर पर लेटकर किसी की यातना का वीडियो देखने और उसे दूसरों को फारवर्ड करने से मिलने वाला आसुरी आनंद अलग ही है।

आज हममे से अधिकांश इसी आसुरी आनंद के मनोरोगी हो चुके हैं। बड़ा सवाल यह है कि इस तरह हादसों के शिकार पीड़ितों के प्रति लोग इतनी बेरूखी क्यों दिखाते हैं?

इस बारे में मनोवैज्ञानिको का कहना है कि समाज का यह आचरण तमाशाई प्रभाव (बायस्टैंडर इफेक्ट) है। इस सिद्धांत की स्थापना सामाजिक मनोवैज्ञानिक बिब लातेन और जॉन डार्ले 1964 में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में किटी जेनोविस की कुख्यात हत्या के बाद की। जेनोविस की उसके अपार्टमेंट के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह अपने घर के बाहर लेटी हुई थी जब हत्यारा उसे फिर से चाकू मारने के लिए लौटा। जिन पड़ोसियों ने अपराध देखा, वे उसकी सहायता के लिए नहीं आए। हत्या ने लाटेन और डार्ले को प्रयोगों की एक श्रृंखला शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जहां उन्होंने मापा कि प्रतिभागियों को-जो अकेले थे या दूसरों की उपस्थिति के बारे में पता था - एक आपात स्थिति में हस्तक्षेप करने में कितना समय लगा। अपने अध्ययन से उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि भीड़ में होने पर व्यक्ति की 'जिम्मेदारी का फैलाव' होता है। ऐसी स्थिति में मदद करना कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं समझता, इसलिए मदद के लिए कोई आगे नहीं आता।

(अधिवक्ता हाई कोर्ट झारखंड)

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कैनरा बैंक का काउंसलिंग



**केनरा** बैंक, धुर्वा शाखा, रॉंची द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन करते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गयाइस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबन्धक श्री मनोज कुमार, प्रबन्धक आदित्य कुमार चौधरी और धुर्वा शाखा के शाखा प्रमुख श्री भारत भूषण, एवं शिशु विकास मंदिर समिति के माननीय मंत्री श्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र, सह मंत्री डॉ० धनेश्वर महतो, सदस्य डॉ० उमाशंकर शर्मा, प्राचार्या डॉ० संध्या सिंह, वरिष्ठ माध्यमिक खंड प्रभारी श्री राकेश कुमार पांडेय, माध्यमिक खंड प्रभारी श्रीमती शुभश्री तिवारी, प्राथमिक खंड प्रभारी श्री कुमरेंद्र झा उपस्थित रहें। सहायक महाप्रबन्धक श्री मनोज कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक को पुष्प अर्पित करके किया। उन्होंने अपने संबोधन में कॉर्पोरेट सामाजिक उतरदायित्वों के निर्वहन में केनरा बैंक की भूमिका के बारे में प्रकाश डाला और बताया कि कैसे केनरा बैंक जरूरतमंद समय में समाज कल्याण तथा अपने ग्राहकों के साथ खड़ा रहा है। इस अवसर पर केनरा बैंक के सौजन्य से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर प्रदान किया गया। शिशु विकास मंदिर समिति के माननीय मंत्री श्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने बैंक के सामाजिक कल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बैंक द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों में वित्तीय समावेशन के प्रति जागरुकता सृजित होगी। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि निःसंदेह इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को तो लाभ प्राप्त होगा ही और भविष्य में भी वे बैंक से जुड़ कर बैंक की सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने मधुर गीत की प्रस्तुति की। शाखा प्रबन्धक श्री भारत भूषण ने एवं शिक्षा ऋण के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पटेल बी एड कॉलेज के द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता अभियान



गुरुवार को पटेल बी0 एड0 कॉलेज के विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं के द्वारा कॉलेज के पास के गाँव काटमकुकू में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के अभियान चलाया गया एवं बेटीयों के शिक्षित होने के महत्व को बताया गया। गाँव के लोगों यह भी बताया गया कि बेटियाँ घर के लिए बोझ नहीं होती है। बेटियाँ देश के हर कार्य क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं से संबंधित की अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 अनुराधा कुमारी, व्याख्यातागण एवं शिक्षकेत्तरकर्मी उपस्थित रहे।

## जीडी गोयनका स्कूल रांची में बेटियों के लिये एडमिशन पर नवरात्रि के अवसर पर स्पेशल छूट



**राजधानी** रांची के डोरंडा स्थित स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर लड़कियों के नामांकन पर विशेष छूट दिया गया है। यह छूट 90 प्रतिशत तक का है। पूरे देश में जीडी गोयनका स्कूल छात्रों के पूर्ण विकास और शैक्षणिक सफलताओं के कारण छात्रों की पहली पसंद है। रांची स्थित स्कूल में भी श्रेष्ठ शिक्षक-शिक्षकाओं द्वारा पठन पाठन का कार्य किया जा रहा है।